**मौसम**

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 28.4 | 22.7 |
| डालटनगंज | 32.1 | 24.5 |
| धनबाद | 30.2 | 25.5 |

तापमान डिग्री सेल्सियस में.

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार



रांची, बुधवार 09 जुलाई 2025 ● आषाढ़ शुक्ल पक्ष 14, संवत 2082 ● रांची, धनबाद एवं पटना से प्रकाशित ● वर्ष : 3, अंक : 92 ● मूल्य ₹ 3, पृष्ठ संख्या : 12

## आजसू पार्टी की अजब कहानी: सत्ता में तू दोस्त, तू ही हमदम, बाहर में हम आपके हैं कौन?

# स्थानीय नीति पर दोहरा रुख : राजनीति, नौटंकी- धोखा या चतुराई?

**संजीव झा । रांची**

स्थानीय नीति पर आजसू पार्टी की नीति कभी स्पष्ट रही ही नहीं है. आजसू पार्टी सरकार में रहते, सत्ता सुख भोगते, सरकार के ही खिलाफ खुसुर-फुसुर करती रही है. 2016 में शहीद निर्मल महतो के शहादत दिवस पर आजसू पार्टी द्वारा पूरे प्रदेश में स्थानीय नीति में संशोधन को लेकर 'जन की बात' अभियान की शुरुआत की गई.

यह अभियान 15 नवंबर भगवान बिरसा मुंडा की जयंती तक अलग-अलग चरणों में चलाया गया. पोस्ट कार्ड तत्कालीन मुख्यमंत्री रघुवर दास को भी भेजे गए (जैसा अजसू नेताओं का ही दावा है). लेकिन सच ये है कि आजसू के शीर्ष नेता लगातार इस मसले पर चालाकी करते रहे. बयानबाजी तो करते रहे, लेकिन आजसू पार्टी के किसी तत्कालीन विधायक (पांच में से किसी भी सदस्य) ने विधानसभा में इस मामले को कभी उठाया ही नहीं. न कभी इस मुद्दे पर कभी गीदड़भभकी ही दी कि सरकार से अलग होने हो जाएंगे. करते भी अखिर कैसे... सत्ता के साथ रहते, सत्ता की मलाई भी चाशनी थी. और विपक्ष की भूमिका भी निभानी थी, ताकि अम जनता की आंखों में धूल भी झोंका जा सके. और तो और पार्टी के शीर्ष नेताओं ने तत्कालीन रघुवर सरकार के छवि ख़राब करने में भी कोई कसर नहीं छोड़ी.

### चुनाव में सुदेश महतो औंधे मुंह गिरे थे सीपी मंत्रिमंडल में हुए थे शामिल

2014 के चुनाव में आजसू पार्टी सुप्रीमो सुदेश महतो औंधे मुंह गिरे थे. रामटहल चौधरी की नाराजगी भारी पड़ी थी. लगभग 25,000 वोटों से मुंह की खानी पड़ी थी. तभी सुप्रीमो सुदेश के मौसा जी सीपी चौधरी मंत्री बने थे. तब स्थानीय नीति का दिखावे के लिए विरोध कर रही आजसू पार्टी का कहना था कि स्थानीय नीति लागू करने को लेकर सरकार की भावना और जनभावना में बड़ा अंतर है.पार्टी विभिन्न जनमुद्दों को लेकर भी सरकार में शामिल होते हुए भी राज्य सरकार पर लगातार प्रहार करती रही है. कार्यसमिति की बैठक में तो पार्टी अध्यक्ष सुदेश महतो ने निवेश को बढ़ावा देने को लेकर मुंबई और बेंगलूर में मुख्यमंत्री रघुवर दास के कार्यक्रम पर ही सवाल उठा दिया. यहां तक कह दिया था कि राज्य में पहले से चल रहे उद्योग बंद हो रहे हैं और राज्य सरकार नए निवेश पर बात कर रही है. पार्टी ने पुलिस की विश्वसनीयता पर सवाल उठाया था.

### आजसू पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के स्वार्थपरक, छलपूर्ण निर्णयों के बाद कार्यकर्ता लगे रहते हैं, जीरो से प्रारंभ करने के लिए. शीर्ष नेता परिवार, यार, चाटुकार और व्यापार मस्त रहते हैं.

**रघुवर दास ने सभी से राय मशविरा करने के बाद दी सहमति** : स्थानीय नीति का मामला 2003 से लटका हुआ था. मुख्यमंत्री बनने के बाद रघुवर दास ने इस जटिल मसले को सुलझाने की सकारात्मक सोंच के साथ पहल की. इस दिशा में उन्होंने तमाम राजनीतिक पार्टियों, बुद्धिजीवियों, विविध सामाजिक संगठनों से राय-मशविरा किया. सभी को विश्वास में लेने के बाद सरकार ने स्थानीय नीति की घोषणा की.

**2018 में पार्टी से निलंबित किए जाने पर विधायक विकास मुंडा ने बोला था तीखा हमला** : विकास मुंडा (अभी झामुमो विधायक) ने सवाल उठाया कि यूपीए की सरकार में जब चंद्रप्रकाश चौधरी पार्टी लाइन के विरुद्ध सरकार में शामिल होकर मंत्री बन बैठे, तो उनके विरुद्ध सुदेश ने निलंबन की कार्रवाई क्यों नहीं की? कहा, यह साबित करता है कि पार्टी से बड़ा उनका परिवार है. चंद्रप्रकाश उनके परिवार के सदस्य थे, इसलिए कार्रवाई नहीं की. इस सरकार में भी चंद्रप्रकाश ने कैबिनेट की बैठकों में झारखंडी हितों के विरोधी फैसलों में कोई आपत्ति नहीं की. सीएनटी एक्ट में संशोधन के मामले में तो मीडिया के सामने जाने से बचते रहे. परिवार की बात हो तो सब ठीक, बाहरी सवाल उठाता है, तो पार्टी विरोधी गतिविधि हो गई?

**देश पर दोहरी नीति अपनाने का आरोप मढ़ा था** : विकास ने सुदेश पर दोहरी नीति अपनाने का आरोप लगाते हुए कहा 'वे स्वयं भी सरकार के विरोध में बोलते रहे हैं. जब उन्होंने सरकार के विरोध में बोलना शुरू किया तो उन्हें नागवार गुजरा'. कहा, सरकार में रहकर सरकार की नीतियों का विरोध करना दोहरी नीति ही तो है. सरकार के अंदर कुछ और बाहर कुछ, यह एक तरह से झारखंड के लोगों के साथ गद्दारी है.

**क कदम आगे नहीं बढ़ सकी उपसमिति** : 2011 में तत्कालीन मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा की सरकार में स्थानीयता तय करने हेतु एक मंत्रिमंडलीय उपसमिति बनायी गई थी. तत्कालीन उपमुख्यमंत्री सुदेश कुमार महतो इस उपसमिति के वरीय सदस्य थे. स्थानीय नीति को लेकर ये उपसमिति एक कदम भी नहीं बढ़ पायी. ये आजसू पार्टी की गंभीरता को बताती है.

**अपना हित साधने में लगे रहे सुदेश** : 2002 में तत्कालीन मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी की सरकार में स्थानीय नीति बनी. शेष पेज 7 पर...

## ब्रीफ न्यूज

### छांगुर बाबा की कोठी पर चला बुलडोजर

**बलरामपुर।** यूपी में अवैध रूप से धर्मांतरण कराने के मामले में आरोपित गिरफ्तार जमालुद्दीन उर्फ छांगुर बाबा के खिलाफ कार्रवाई तेज हो गई है. मंगलवार को प्रशासन ने छांगुर बाबा की बनी कोठी के अवैध हिस्से पर बुलडोजर चला दिया. सुरक्षा की लिहाज से कोठी और आसपास भारी संख्या में पुलिस बल तैनात रही. 3 करोड़ की लागत से 3 बीघा में बनी यह कोठी धर्मांतरण नेटवर्क का अड्डा बनी हुई थी.

### पूर्वोत्तर: असम के कार्बी आंगलोंग में तेज भूकंप

**गुवाहाटी।** असम के कार्बी आंगलोंग और आसपास में मंगलवार सुबह 9 बजकर 22 मिनट पर भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं. रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 4.1 दर्ज की गयी. भूकंप में किसी के हताहत होने या अन्य नुकसान की खबर नहीं है. राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र के अनुसार, भूकंप का केंद्र कार्बी आंगलोंग जिले में सतह से 25 किमी नीचे 26.51 डिग्री उत्तर और 93.15 डिग्री पूर्व अक्षांश पर स्थित था.

### रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को पितृ शोक

**जोधपुर।** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के पिता दाउलाल वैष्णव का मंगलवार को निधन हो गया. वे काफी समय से बीमार थे और उनका एम्स जोधपुर में इलाज चल रहा था. उनके निधन की सूचना पर परिजन रातानाडा स्थित आवास पर एकत्र होना शुरू हो गए. रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव मंगलवार को हालत अत्यंत नाजुक होने के कारण तत्काल प्रभाव से जोधपुर पहुंचे और अंतिम सांस लेने तक उनके साथ रहे.

### ट्रेन की चपेट में आई स्कूली वैन, तीन मरे

**चेन्नई।** तमिलनाडु के कुड्डालोर जिले के सेम्मनकुप्पम में मंगलवार सुबह स्कूल वैन के ट्रेन की चपेट में आने से दो छात्रों समेत तीन लोगों की मौत हो गई. हादसे में छह छात्र समेत सात लोग घायल हैं. प्रशासन के अनुसार, स्कूल वैन रेलवे क्रॉसिंग पार कर रही थी, तभी ट्रेन ने वैन को टक्कर मार दी. टक्कर इतनी भीषण थी कि वैन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई. वैन चालक और छह छात्र घायल हुए हैं, जिनमें से कुछ की हालत गंभीर है.

## निशिकांत के 'पटककर मारेंगे' वाले बयान पर भिड़े भाजपा के बड़े नेता

# झारखंड से महाराष्ट्र तक सियासत में आई उबाल

**शुभम संदेश डेस्क**

**शरद पवार की राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी ने जूते मार कर विरोध जताया**



झारखंड के गोड्डा से भाजपा सांसद निशिकांत दुबे द्वारा मीरा रोड की घटना को लेकर ठाकरे ब्रदर्स को चुनौती देने के बाद महाराष्ट्र में सियासत गरमाती जा रही है. निशिकांत दुबे के पटक-पटक कर मारने वाले बयान के विरोध में मंगलवार को शरद पवार की राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी ने जूते मार कर विरोध जताया. उद्धव ठाकरे की अगुवाई वाली शिवसेना यूबीटी नेता संजय राउत ने दुबे के बयान पर कड़ी आपत्ति व्यक्त की. उन्होंने इस मुद्दे पर राज्य के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस पर जहां हमला बोला, तो वहीं शिवसेना प्रमुख एकनाथ शिंदे पर तीखे वार किए. दूसरी तरफ निशिकांत दुबे ने मनसे पर विकीलीक्स अटैक करते हुए उद्धव गुट के नेता संपत्ति के मुद्दे पर घेरा है. इधर, भाजपा के बड़े नेता भी अब सामने आ गए हैं. दरअसल, महाराष्ट्र के सीएम देवेंद्र फडणवीस ने निशिकांत दुबे को करारा जवाब दिया है.

उधर, महाराष्ट्र में बढ़ते भाषा विवाद के बीच, मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने पार्टी सहयोगी निशिकांत दुबे की टिप्पणी से किनारा कर लिया है. उन्होंने कहा, दुबे ने जो कहा वह सही नहीं है. हालांकि, फडणवीस ने कहा कि गोड्डा सांसद एक संगठन के बारे में बात कर रहे थे, मराठियों के बारे में नहीं. फडणवीस ने कहा, वह एक संगठन के बारे में बात कर रहे हैं, मराठी के बारे में नहीं. फिर भी, उन्होंने जो कहा, वह सही नहीं है. इससे अलग-अलग राय बनती है. फडणवीस ने मंगलवार को कहा कि महाराष्ट्र में मराठी लोगों का ऐतिहासिक योगदान बहुत बड़ा है. यह राज्य देश की जीडीपी में सबसे ज्यादा योगदान देता है. निशिकांत दुबे के बयान का जवाब देते हुए सीएम फडणवीस ने कहा कि आप लोग हमारे पैसे पर पल रहे हैं. आपके पास किस तरह के उद्योग हैं? इस तरह की बात करना सही नहीं है. क्योंकि इससे जो अर्थ निकलते हैं, वे लोगों के मन में भ्रम पैदा करते हैं.

### आप लोग हमारे पैसे पर जी रहे हैं आपके पास उद्योग है : निशिकांत

बता दें कि निशिकांत दुबे ने उद्धव ठाकरे और महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना के प्रमुख राज ठाकरे पर बयान देकर विवाद खड़ा कर दिया है. उन्होंने कहा था, आप लोग हमारे पैसे पर जी रहे हैं. आपके पास किस तरह के उद्योग हैं? अगर आप इतने साहसी हैं और हिंदी बोलने वालों को हरा सकते हैं, तो आपको उर्दू, तमिल और तेलुगु बोलने वालों को भी हराना चाहिए. अगर आप इतने बड़े 'बॉस' हैं, तो महाराष्ट्र से बाहर आएं, बिहार, उत्तर प्रदेश, तमिलनाडु आएं. तुमको पटक, पटक के मारेंगे. दुबे ने मुंबई में हिंदी भाषी लोगों को निशाना बनाने के लिए ठाकरे बंधुओं की आलोचना की. एक्स पर एक पोस्ट में निशिकांत दुबे ने लिखा, जब राज ठाकरे को जन समर्थन नहीं मिलता, तो वह अपने गुंडों को आगे कर देते हैं. इसका मतलब है कि गुंडागर्दी ही उनका एकमात्र उद्देश्य है, जो वे मुंबई नगर निगम चुनाव से ठीक पहले हार के डर से करते हैं. उन्होंने आगे कहा, मेरा विरोध ठाकरे की गुंडागर्दी को लेकर है और अब सहनशीलता की सारी सीमाएं पार हो चुकी हैं. पहले भी अपने बयानों को लेकर विवादों में रहे निशिकांत दुबे ने मराठा समुदाय के प्रति सम्मान प्रकट किया। उन्होंने कहा, मराठा समुदाय हमेशा से सम्माननीय रहा है और देश हम सबका है. जहां मैं सांसद हूं, वहां मराठा मधुलिमये लगातार तीन बार सांसद रहे हैं. हमने (दिवंगत पूर्व प्रधानमंत्री) इंदिरा गांधी के खिलाफ लोकसभा में एक मराठा को जितवाया था. दुबे ने कहा, ठाकरे होश में आओ, अपनी लड़ाई को मराठा समुदाय से मत जोड़ो. हमने मुंबई के विकास में योगदान दिया है और आगे भी देते रहेंगे.

### देवेंद्र फडणवीस ने कहा- मराठियों के योगदान को कोई नकार नहीं सकता

सीएम ने कहा कि मैं एक बार फिर से यह बात कहता हूं कि मराठी लोगों का ऐतिहासिक योगदान बहुत बड़ा है. मुझे लगता है कि इस देश के अतीत और वर्तमान में महाराष्ट्र और मराठी लोगों के योगदान को कोई नकार नहीं सकता। अगर कोई इससे इनकार करता है, तो यह गलत है. फडणवीस ने आगे कहा कि जब विदेशी आक्रमणकारियों ने भारत की संस्कृति को नष्ट करने की कोशिश की, उस समय छत्रपति शिवाजी महाराज ने इसे जीवित रखने का काम किया. छत्रपति संभाजी महाराज ने भी यही किया और उसके बाद मराठों ने संस्कृति को जीवित रखने के लिए पूरे भारत में विदेशी आक्रमणकारियों के खिलाफ लड़ाई लड़ी.

### मुंबई भाजपा अध्यक्ष आशीष शेलार ने निशिकांत दुबे को दे डाली सलाह



दूसरी तरफ, मुंबई भाजपा अध्यक्ष और महाराष्ट्र के सांस्कृतिक मामलों के मंत्री आशीष शेलार ने भी इस मुद्दे पर अपना पक्ष रखा. निशिकांत दुबे का नाम लिए बिना शेलार ने कहा कि महाराष्ट्र पूरी दुनिया में मराठी लोगों की ताकत का प्रमाण है. झारखंड के सांसद को निश्चित रूप से कानून के दायरे में अपनी दलील पेश करनी चाहिए, लेकिन मराठी लोगों की उपलब्धियों और काम पर सवाल नहीं उठाना चाहिए. मराठी लोग किसी के पैसे पर नहीं जी सकते. जीडीपी में उनका योगदान काफी बड़ा है.

# गृह मंत्री शाह आज शाम रांची आएंगे कल पूर्वी क्षेत्रीय परिषद की होगी बैठक

**शुभम संदेश। रांची**

गृह मंत्री अमित शाह बुधवार नौ जुलाई की शाम करीब छह बजे रांची पहुंचेंगे. आधिकारिक सूत्रों ने



मंगलवार को बताया कि वह 10 जुलाई को आयोजित पूर्वी क्षेत्रीय परिषद की बैठक में शामिल होने के बाद उसी दिन दोपहर वापस दिल्ली चले जाएंगे. इससे संबंधित सूचना केंद्र ने राज्य सरकार को भेज दी है. बैठक में भाग लेने के लिए 30-35 अधिकारियों का दल भी पहुंचेगा.

ओडिशा के सीएम मोहन चरण माझी ने बैठक में आने की सूचना भेजी है. बिहार से वित्त मंत्री सम्राट चौधरी और जल संसाधन मंत्री विजय चौधरी ने भी बैठक में शामिल होने की सूचना भेजी है. बंगाल से मंत्री चंद्रिमा भट्टाचार्य ने बैठक में शामिल होने की सूचना दी है.

पूर्वी क्षेत्रीय परिषद की बैठक में शामिल होने वाले राज्यों झारखंड, बिहार, बंगाल, ओडिशा के आपसी विवाद के विषयों पर चर्चा होगी और उसका हल तलाशने की कोशिश की जाएगी. इसमें पेंशन बंटवारा, नदियों डैम के जल के बंटवारा सहित अन्य मुद्दे शामिल होंगे. इसके अलावा राज्य और केंद्र के बीच लंबित मामलों का हल निकालने के मुद्दे पर चर्चा होगी. राज्य सरकार ने बैठक में शामिल होने वाले मंत्रियों और अधिकारियों के लिए ठहरने की व्यवस्था कर ली है. साथ ही जिन के आने की सूचना मिल गयी है, उन्हें राजकीय अतिथि घोषित किया जा रहा है. इसे लेकर मंगलवार को वरीय अधिकारियों ने रेडिशन ब्लू होटल का सुरक्षा से संबंधित जायजा लिया.

### मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन आज रांची आएंगे, पूर्वी क्षेत्रीय परिषद की बैठक में होंगे शामिल

**रांची।** सीएम हेमंत सोरेन लंबे अरसे के बाद बुधवार को दिल्ली से रांची आएंगे. मालूम हो कि फिलहाल वह पिता गुरुजी की सेवा और



इलाज को लेकर दिल्ली में व्यस्त हैं. 24 जून से ही वह इसके लिए दिल्ली में हैं. दिल्ली से राज्य सरकार के कामकाज को निबटा रहे हैं. लेकिन एक पखवाड़े बाद वह 9 जुलाई को रांची आएंगे. जानकारी के अनुसार हेमंत अगले दिन 10 जुलाई को रांची में होनेवाली पूर्वी क्षेत्रीय परिषद की बैठक में शामिल होंगे.

**11 को कैबिनेट की बैठक :** फिर 11 जुलाई को राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक की अध्यक्षता करेंगे. उसके बाद मुख्यमंत्री फिर दिल्ली लौट जाएंगे. 11 जुलाई को दिन के दो बजे से कैबिनेट की बैठक बुलायी गयी है.

### सीएम हेमंत सहित 15 अधिकारी होंगे शामिल

झारखंड से मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के साथ 15 वरिष्ठ अधिकारी और मंत्री बैठक में शामिल होंगे. इनमें राजस्व मंत्री दीपक बिरुआ, वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर, मुख्य सचिव अलका तिवारी, अमिताभ कौशल, अजय कुमार सिंह, वंदना दादेल, सुनील कुमार, अनुराग गुप्ता सहित अन्य अधिकारी शामिल रहेंगे. माना जा रहा है कि इस बैठक में झारखंड अपने बकाया एक लाख 36 हजार करोड़ रुपए की भी मांग करेगा. इसके अलावा पहले के 19 उग्रवाद प्रभावित जिले से जो 17 जिले खत्म हो गये हैं उनका एसआरई फंड बंद कर दिया गया है, सरकार उसे पूर्व की तरह चालू रखने की मांग करेगी. इसमें बिहार, ओड़िशा बंगला के साथ लंबित मामलो की भी चर्चा होगी, तथा पूर्व की बैठक की प्रगति रिपोर्ट की समीक्षा की जाएगी.

**पूर्णिया हत्याकांड**

### सीएम हेमंत ने लिया संज्ञान, नीतीश से की सख्त कार्रवाई की मांग

**रांची।** बिहार के पूर्णिया में हुए जघन्य हत्याकांड मामले पर झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन ने संज्ञान लिया है. मुख्यमंत्री ने खबर को रीट्वीट करते हुए बिहार के सीएम नीतीश कुमार से आग्रह किया है कि इस कृत्य को जिसने भी अंजाम दिया उसे कड़ी सजा मिलनी चाहिए. हेमंत ने बिहार में आदिवासियों पर हो रहे अत्याचार पर चिंता जाहिर की है. दरअसल पूर्णिया में अंधविश्वास में रविवार रात डायन बताकर एक ही आदिवासी परिवार के 5 लोगों की हत्या कर दी गई. घटना सामने आने के बाद हेमंत सोरेन ने इस पर संज्ञान लिया है. सीएम सोरेन ने सोशल मीडिया पर प्रतिक्रिया दी और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से इस मामले में त्वरित और सख्त कार्रवाई की मांग की.

# 10 केंद्रीय ट्रेड यूनियनों की देशव्यापी हड़ताल आज

**एजेंसियां। नयी दिल्ली**

10 केंद्रीय ट्रेड यूनियनों ने 9 जुलाई, बुधवार को देशव्यापी हड़ताल का आह्वान किया है. खबर है कि लगभग 25 करोड़ से ज्यादा कर्मचारी और ग्रामीण मजदूर सड़कों पर उतरने की योजना बना रहे हैं. जानकारी के अनुसार हड़ताल का असर बैंकिंग, बीमा, डाक सेवाएं, कोयला खनन, परिवहन, निर्माण और फैक्ट्री सेक्टर में पड़ेगा, हड़ताल से करोड़ों रुपए के आर्थिक नुकसान की आशंका है.

देशव्यापी हड़ताल में 10 प्रमुख ट्रेड यूनियनों और उनके सहयोगी संगठन शामिल होंगे. इन यूनियनों में एआईटीयूसी, एचएमएस, सीआईटीयू, आईएनटीयूसी, आईएनयूटीयूसी, टीयूसीसी, सेवा, एआईसीसीटीयू, एलपीएफ और यूटीयूसी शामिल हैं. अहम बात यह है कि आरएसएस समर्थित भारतीय मजदूर संघ इस आंदोलन में शामिल नहीं है. जान लें कि पूर्व में प्रदर्शनकारी यूनियनों ने 17 सूत्रीय मांगपत्र सरकार को सौंपा था. इनमें श्रमिक अधिकारों में कटौती के खिलाफ विरोध, नये श्रम कानून का विरोध, काम के घंटे बढ़ाने और मजदूरी सुरक्षा कम करने का विरोध, निजीकरण और संविदा प्रणाली को बढ़ावा देने का विरोध किया गया है. इसके अलावा सरकारी नौकरियों में नयी भर्तियों की मांग की गयी है. बेहतर वेतन और पेंशन की व्यवस्था करने, बेरोजगारी की समस्या को गंभीरता से लेने, श्रम सम्मेलन की नियमितता सुनिश्चित करने सहित अन्य मांगें शामिल हैं.

## सेहत की बात : एक महीने के लिए चीनी और नमक साथ में छोड़ दें तो क्या होगा

# चमक उठेगी त्वचा, कई बीमारियां हो जाएंगी ठीक

**शुभम संदेश डेस्क**

क्या आपने कभी सोचा है कि हमारे खाने का सबसे आम हिस्सा चीनी और नमक है. अगर हम इन्हें एक साथ छोड़ दें, तो शरीर पर क्या असर होगा? रोजमर्रा की जिंदगी में चीनी और नमक इतनी गहराई से शामिल हैं कि हम अक्सर यह समझ ही नहीं पाते कि ये हमारे शरीर के साथ क्या कर रहे हैं. चाय में शक्कर, दाल में नमक, स्नैक्स, मिठाइयां और फास्ट फूड, हर चीज में इन दोनों का जादू छिपा होता है. लेकिन यह स्वाद का जादू सेहत के लिए कभी-कभी खतरनाक भी हो सकता है. न्यूट्रिशन एक्सपर्ट कहते हैं कि, अगर कोई व्यक्ति सिर्फ 30 दिन के लिए चीनी और नमक का सेवन पूरी तरह से बंद कर दे, तो शरीर में कई चौंकाने वाले बदलाव देखने को मिलते हैं और ज्यादातर फायदे होता है. ये बदलाव और ये छोटा सा त्याग आपके शरीर को बड़ा तोहफा दे सकता है.



### ब्लड प्रेशर हो जाता है कंट्रोल

नमक में सोडियम की मात्रा अधिक होती है, जो हाई ब्लड प्रेशर का बड़ा कारण बनती है. जब आप नमक का सेवन सीमित या बंद करते हैं, तो रक्तचाप धीरे-धीरे सामान्य होने लगता है. वहीं, चीनी भी ब्लड प्रेशर को अप्रत्यक्ष रूप से बढ़ाती है, जिससे धमनियां सख्त हो सकती हैं.

### डायबिटीज रिस्क कम होता है

चीनी छोड़ने से ब्लड शुगर लेवल स्थिर रहने लगता है. इससे इंसुलिन की संवेदनशीलता बढ़ती है और टाइप-2 डायबिटीज का खतरा घटता है. नमक के साथ-साथ चीनी छोड़ना शरीर के मेटाबॉलिज्म को भी बेहतर बनाता है.

### वजन कम होने लगता है

जब आप प्रोसेस्ड फूड्स, नमकीन स्नैक्स और मीठी चीजें छोड़ते हैं, तो शरीर में कैलोरी का इनटेक अपने आप घट जाता है. इससे शरीर जमा हुई चर्बी को एनर्जी के रूप में उपयोग करने लगता है और वजन धीरे-धीरे कम होने लगता है.

**त्वचा और चेहरे पर आने लगता है ग्लो :** चीनी और नमक दोनों ही स्किन को डिहाइड्रेट कर सकते हैं, जिससे झुर्रियां, मुहांसे और रूखापन बढ़ता है. जब इनका सेवन बंद कर दिया जाता है, तो त्वचा में नमी लौटती है और नेचुरल ग्लो नज़र आने लगता है. वहीं, अधिक चीनी दिमाग को अधिक उत्तेजित और थका हुआ बना देती है. वहीं नमक की अधिकता भी शरीर को सुस्त बना सकती है.

## विधानसभा चुनाव से पहले नीतीश सरकार का बड़ा फैसला

# बिहार में सरकारी नौकरियों में महिलाओं को मिलेगा 35% कोटा

**शुभम संदेश। पटना**

बिहार चुनाव से पहले सीएम नीतीश कुमार ने महिला आरक्षण को लेकर



बड़ा ऐलान किया है. नीतीश ने घोषणा की है कि बिहार की मूल निवासी महिलाओं को अब राज्य की सभी सरकारी सेवाओं, संवर्गों और सभी स्तरों के पदों पर नियुक्ति में 35% कोटा दिया जाएगा. ये आरक्षण सरकारी नौकरियों पर लागू होगा.

**नशे के खिलाफ कार्यक्रम तैयार करेगा आयोग :** नीतीश ने लिखा, बिहार युवा आयोग में अध्यक्ष, दो उपाध्यक्ष व 7 सदस्य होंगे, जिनकी उम्र सीमा 45 वर्ष होगी. आयोग इस बात की निगरानी करेगा कि स्थानीय युवाओं को रोजगारों में प्राथमिकता मिले, साथ ही राज्य के बाहर पढ़ने और काम करने वाले युवाओं के हितों की रक्षा हो. सामाजिक बुराइयों को बढ़ावा देने वाले मादक पदार्थों की रोकथाम के लिए कार्यक्रम तैयार कर सरकार को अनुशंसा भेजना इसका कार्य होगा. इसका उद्देश्य है कि इससे युवा आत्मनिर्भर, रोजगारोन्मुखी बनें ताकि उनका भविष्य सुरक्षित हो.

### बिहार युवा आयोग के गठन का ऐलान

इसके अलावा नीतीश कुमार ने बिहार युवा आयोग के गठन का भी ऐलान किया है. एक्स पर शेयर एक पोस्ट में नीतीश ने लिखा, मुझे यह बताते हुए बड़ी खुशी हो रही है कि बिहार के युवाओं को अधिक से अधिक रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने, उन्हें प्रशिक्षित करने तथा सशक्त और सक्षम बनाने के उद्देश्य से राज्य सरकार ने बिहार युवा आयोग के गठन का निर्णय लिया है और आज कैबिनेट की ओर से बिहार युवा आयोग के गठन की मंजूरी भी दे दी गई है. उन्होंने लिखा, समाज में युवाओं की स्थिति में सुधार और उत्थान से संबंधित सभी मामलों पर सरकार को सलाह देने में इस आयोग की महत्वपूर्ण भूमिका होगी. युवाओं को बेहतर शिक्षा और रोजगार सुनिश्चित करने के लिए सरकारी विभागों के साथ यह आयोग कोऑर्डिनेट भी करेगा.

### श्रावणी मेला : बाबा मंदिर में रविवार और सोमवार को वीवीआईपी एंट्री पर रहेगी रोक

# शीघ्र दर्शनम की सुविधा भी नहीं मिलेगी: मंत्री सुदिव्य कुमार

शुभम संदेश। रांची/देवघर



श्रावण मास शुरू होने वाला है और इसके साथ ही झारखंड का सबसे बड़ा धार्मिक आयोजन श्रावणी मेला भी 11 जुलाई से आरंभ होने जा रहा है. लाखों कांवरियों की आस्था से जुड़े इस मेले को लेकर सरकार ने तैयारियां लगभग पूरी कर ली हैं. इस बार एक बड़ा फैसला लिया गया है, बाबा बैद्यनाथ धाम में किसी भी श्रद्धालु को वीआईपी एंट्री की सुविधा नहीं मिलेगी. सभी को लाइन में लगकर जलार्पण करना होगा. देवघर सर्किट हाउस में हुई समीक्षा बैठक में झारखंड के पर्यटन मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने यह घोषणा की. उन्होंने स्पष्ट किया कि श्रावणी मेले में किसी को विशेष ट्रीटमेंट नहीं दिया जाएगा. रविवार और सोमवार को "शीघ्र दर्शनम" कूपन पर भी रोक रहेगी. श्रावण के रविवार और सोमवार को बाबाधाम में लाखों श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ती है. ऐसे में कोई भी विशेष सुविधा आम भक्तों के लिए असुविधा का कारण बन सकती है. इसी वजह से 2 दिन शीघ्र दर्शन की सुविधा नहीं दी जाएगी ताकि हर किसी को समान अवसर मिले और भीड़ नियंत्रण में रहे. पर्यटन मंत्री ने बताया कि सुल्तानगंज से जल लेकर आने वाल कांवरियों को बेहतर सुविधा और सुरक्षा मिले, यही सरकार की प्राथमिकता है. तैयारियों का लगभग 90 से 95 फीसदी काम पूरा हो चुका है. उन्होंने बताया कि जगह-जगह शिविर, स्वास्थ्य केंद्र और शुद्ध पेयजल की व्यवस्था होगी. सुरक्षा के लिए अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की जा रही है. साफ-सफाई और यातायात की बेहतर व्यवस्था भी की जा रही है.

#### श्रद्धा और टेक्नोलॉजी का संगम

इस वर्ष पहली बार रेडियो फ्रीक्वेंसी आइडेंटीफिकेशन (आरएफआईडी) तकनीक का उपयोग किया जा रहा है. इससे छोटे बच्चों, दिव्यांगों और बुजुर्गों पर विशेष नजर रखी जा सकेगी. साथ ही, मेला क्षेत्र में क्यूआर कोड आधारित फीडबैक सिस्टम भी शुरू किया गया है, जिससे श्रद्धालुओं की शिकायतों का त्वरित समाधान संभव हो सकेगा. टेंट सिटी में श्रद्धालुओं के ठहरने के लिए बेहतर सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं. वहीं, डीसी ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिया है कि नेशनल हाईवे और मेला क्षेत्र में आपसी समन्वय से आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित की जाए. प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि इस बार का श्रावणी मेला केवल श्रद्धा का उत्सव नहीं, बल्कि टेक्नोलॉजी और सेवा का एक नया उदाहरण भी होगा.

# शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन को छात्रों ने घेरा, पढ़ाई बंद होने से भड़के

शुभम संदेश। रांची/जमशेदपुर

विष्टुपुर स्थित सम्मान माईकल जॉन ऑडिटोरियम के बाहर मंगलवार को उस समय हंगामे की स्थिति उत्पन्न हो गई. जब इंटरमीडिएट के छात्रों ने झारखंड के शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन को घेर लिया. छात्र शिक्षा मंत्री से अपने भविष्य को बचाने की गुहार लगा रहे थे. छात्रों ने कहा कि उनके कॉलेज बीते दो माह से बंद हैं, पढ़ाई ठप पड़ी है और उनका कैरियर बर्बाद हो रहा है.

इस दौरान शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन ने छात्रों को आश्वासन दिया कि वे इस दिशा में कुछ करेंगे. मगर मंत्री के जवाब से छात्र संतुष्ट नहीं हुए और बहस करने लगे. छात्रों ने मंत्री पर दोहरे चरित्र का आरोप लगाते हुए कहा कि उनका व्यवहार अच्छा नहीं है और वे छात्रों की समस्याओं को गंभीरता से नहीं ले रहे. इसी बीच



शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन पत्रकारों के सवालों से बचते हुए कार्यक्रम स्थल से निकल गए. छात्रों ने कहा कि मंत्री केवल आश्वासन देकर चले जाते हैं लेकिन अब तक किसी भी प्रकार की ठोस पहल नहीं हुई है. उल्लेखनीय है कि वर्ष 2024-25 में पूर्वी सिंहभूम जिले के जैक, सीबीएसई एवं आईसीएसई बोर्ड से 10वीं एवं 12वीं कक्षा में उत्कृष्ट स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं का सम्मान समारोह माईकल जॉन ऑडिटोरियम, विष्टुपुर में आयोजित था. सम्मान कार्यक्रम में साकची गोलचक्कर पर प्रदर्शन कर रहे छात्रों ने मंत्री को घेर कर अपनी नाराजगी जाहिर की.

### झारखंड में सांप्रदायिक सौहार्द पर खतरा: बार-बार असामाजिक तत्वों की साजिशें

# विधि व्यवस्था के लिए गंभीर चुनौती

शुभम संदेश। रांची

झारखंड इन दिनों लगातार सांप्रदायिक तनाव की घटनाओं से जूझ रहा है. बीते चार महीनों के भीतर राज्य में दस से अधिक बार असामाजिक तत्वों द्वारा सुनियोजित तरीके से सांप्रदायिक हिंसा भड़काने की कोशिश की गई है. ये घटनाएं इस ओर संकेत करती हैं कि कुछ ताकतें राज्य की सामाजिक समरसता को बिगाड़ने पर आमादा हैं और हर माह औसतन दो बार इस तरह की घटनाओं को अंजाम देने की कोशिश की जा रही है. झारखंड की गंगा-जमुनी तहजीब और सांस्कृतिक विविधता को संरक्षित रखने के लिए अब निर्णायक हस्तक्षेप की आवश्यकता है. केवल पुलिसिया कार्रवाई पर्याप्त नहीं होगी, बल्कि सामुदायिक भागीदारी, राजनीतिक इच्छाशक्ति और त्वरित न्यायिक प्रक्रिया के माध्यम से ही इस बढ़ते संकट से निपटा जा सकता है. अन्यथा यह साजिशें न केवल सामाजिक ताने-बाने को छिन्न-भिन्न करेंगी, बल्कि राज्य के विकास और शांति को भी गहरे संकट में डाल देंगी.

#### हालिया घटनाएं जो चिंताजनक हैं

- **25 फरवरी 2025 :** हजारीबाग में महाशिवरात्रि के अवसर पर दो गुटों के बीच पथराव और आगजनी की घटनाएं हुईं.
- **26 फरवरी 2025 :** हजारीबाग के इचाक में साउंड सिस्टम को लेकर दो समुदायों में विवाद हो गया. उपद्रवियों ने कई गाड़ियों को क्षतिग्रस्त कर दिया और सड़क पर आगजनी की.
- **14 मार्च 2025 :** गिरिडीह के घोड़थम्भा में होली के दौरान दो पक्षों में झड़प हुई, जिसमें जमकर पथराव हुआ.
- **25 मार्च 2025 :** हजारीबाग में रामनवमी जुलूस के दौरान तनाव फैल गया और दो पक्ष आमने-सामने आ गए.
- **01 अप्रैल 2025 :** कोडरमा में यज्ञ के लिए कलश यात्रा निकाल रहीं महिलाओं पर पथराव हुआ, जिससे तनाव फैल गया.
- **31 मार्च 2025 :** गिरिडीह के धरियाडीह में दो पक्षों में हिंसक टकराव हुआ और इलाके में तनावपूर्ण स्थिति उत्पन्न हो गई.
- **13 अप्रैल 2025 :** हजारीबाग में यज्ञ जुलूस पर पथराव और बाद में आगजनी की घटना हुई.
- **06 जुलाई 2025 :** पलामू के पाटन प्रखंड में मुहर्रम जुलूस के रास्ते को लेकर विवाद हुआ, जो बाद में हिंसा में बदल गया.
- **06 जुलाई 2025 :** गोड्डा जिले के ठाकुरगंगटी और मेहरमा थाना क्षेत्रों में मुहर्रम के जुलूस के दौरान आपसी खेल और मार्ग को लेकर विवाद उत्पन्न हुआ.
- **06 जुलाई 2025 :** हजारीबाग के केरेडारी थाना क्षेत्र के बेलतु गांव में धार्मिक जुलूस को रोकने की कोशिश से तनाव की स्थिति बन गई.

#### बढ़ती घटनाएं और प्रशासनिक चुनौती

इन घटनाओं की आवृत्ति और पैटर्न यह स्पष्ट करते हैं कि राज्य में सांप्रदायिक सद्भाव को भंग करने की एक संगठित साजिश चल रही है. ये घटनाएं महज कानून-व्यवस्था की समस्या नहीं हैं, बल्कि यह सामाजिक विघटन का भी संकेत हैं. राज्य प्रशासन और पुलिस को लगातार सतर्क रहना होगा, ताकि समय रहते ऐसे प्रयासों को विफल किया जा सके. पर्व-त्योहारों पर शरारती तत्वों द्वारा की जा रही उकसावे की कार्रवाई को रोकना अब राज्य के लिए प्राथमिकता बन चुका है. इसके लिए एक ओर जहां खुफिया तंत्र को मजबूत करने की आवश्यकता है, वहीं दूसरी ओर स्थानीय समुदायों के बीच संवाद और विश्वास को बढ़ाना भी जरूरी है.

#### संवेदनशील जिलों में बार-बार भड़क रही हिंसा

राज्य के सात जिले – रांची, हजारीबाग, जमशेदपुर, गिरिडीह, पलामू, बोकारो और गोड्डा – सांप्रदायिक दृष्टिकोण से अतिसंवेदनशील माने जाते हैं. बीते कुछ महीनों में इन जिलों में कई ऐसे अवसर आए जब त्योहारी माहौल में अचानक तनाव उत्पन्न हो गया और वह देखते-देखते हिंसा में तब्दील हो गया. त्योहारों के समय सांप्रदायिक तनाव की घटनाएं पहले भी होती रही हैं, लेकिन अब छोटे-छोटे पर्व भी संवेदनशील बनते जा रहे हैं. खास बात यह है कि सरस्वती पूजा, गणेश पूजा और मिलाद-उन-नबी जैसे अपेक्षाकृत शांत त्योहारों में भी अब कानून-व्यवस्था की स्थिति बिगड़ने लगी है. यह बदलाव राज्य में बिगड़ते सामाजिक सौहार्द का संकेत है.

# आदिवासियों के साथ हो रहे अत्याचार के खिलाफ अब चुप नहीं बैठा जा सकता : इरफान अंसारी

शुभम संदेश। रांची



बिहार के पूर्णिया जिले में पांच आदिवासियों को ज़िंदा जलाकर मार दिए जाने की घटना को लेकर देशभर में आक्रोश फैल गया है. इस हृदयविदारक घटना को लेकर झारखंड से भी तीखी प्रतिक्रियाएं सामने आई हैं. इस मामले में झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने मुख्यमंत्री सोरेन को पत्र लिख कर तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है. इरफान अंसारी ने लिखा है कि पूर्णिया की घटना मानवता पर कलंक है. भाजपा सरकार की आदिवासी विरोधी मानसिकता अब किसी से छुपी नहीं है. आदिवासियों के साथ हो रहे अत्याचार के खिलाफ अब चुप नहीं बैठा जा सकता. वहीं झारखंड के वरिष्ठ नेताओं ने भी इस घटना को लेकर चिंता जताई है और इसे भाजपा सरकार की "आदिवासी विरोधी मानसिकता" का परिणाम बताया है. उन्होंने कहा कि अब आदिवासियों पर हो रहे अत्याचारों के खिलाफ चुप नहीं बैठा जा सकता. नेताओं ने झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से इस मामले में तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है. साथ ही एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल बिहार भेजे जाने की भी मांग की गई है, ताकि वहां जाकर जमीनी हकीकत को समझा जा सके और पीड़ितों को न्याय दिलाया जा सके.

इस पूरे मामले को सिर्फ एक आम आपराधिक घटना नहीं, बल्कि आदिवासी समाज को डराने और कुचलने की साजिश बताया जा रहा है. भाजपा पर आरोप लगाया गया है कि वह खास तौर पर आदिवासी समाज के साथ अन्यायपूर्ण और बर्बर व्यवहार कर रही है. इसके अलावा वोटर वेरीफिकेशन के नाम पर बिहार में दलितों, पिछड़ों, आदिवासियों, अल्पसंख्यकों और गरीबों के वोटर लिस्ट से नाम हटाने का आरोप लगाते हुए इसे एक खतरनाक राजनीतिक साजिश करार दिया गया है. इसे लोकतंत्र पर सीधा हमला बताया गया है.

नेताओं ने कहा है कि भाजपा की यह रणनीति एनआरसी जैसी नीतियों के माध्यम से कमजोर वर्गों को डराने और सत्ता में लौटने की साजिश है, जिसे सफल नहीं होने दिया जाएगा. उन्होंने कहा, यह वक्त है जब पूरे झारखंड और देश के आदिवासी समुदाय को एकजुट होकर अपनी अस्मिता, अधिकार और अस्तित्व की लड़ाई लड़नी होगी.

## बीएड व एमएड की प्रवेश परीक्षा का रिजल्ट रद्द, साक्षात्कार स्थगित

**रांची।** झारखंड संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद (जेसीईसीईबी) ने बीएड/ एमएड/ बीपीएड संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा 2025 का परिणाम रद्द कर दिया है. साथ ही पहले चरण के ऑनलाइन साक्षात्कार को भी स्थगित करने की घोषणा की है. इस संबंध में उप परीक्षा नियंत्रक रंजीता हेम्ब्रम के हस्ताक्षर से नोटिफिकेशन (विज्ञापन संख्या सं-जे.सी.ई.सी.ई.बी./07/25-36) जारी किया गया है.

# मंत्री दीपिका पांडेय 'मेरा घर संगम' कार्यक्रम में हुई शामिल



▸ पूर्व नक्सली बाल्केश्वर उरांव ने भी किया संवाद

शुभम संदेश। रांची

ग्रामीण विकास विभाग सह पंचायती राज विभाग मंत्री दीपिका पांडेय सिंह गुमला के घाघरा पहुंची. मंत्री अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के प्रशिक्षण विभाग द्वारा संचालित संगम साथियों के लिए 'मेरा घर संगम' नामक कार्यक्रम में शामिल हुई. यह कार्यक्रम प्रदेश महिला कांग्रेस उपाध्यक्ष सह अखिल भारतीय आदिवासी कांग्रेस कमिटी के राष्ट्रीय समन्वयक बॉबी भगत के आवास में आयोजित की गई थी. उस कार्यक्रम के पांचवें और आखिरी दिन संवाद कार्यक्रम में पूर्व नक्सली बाल्केश्वर उरांव उर्फ बड़ा विकास ने आकर संगम साथियों के साथ संवाद किया और विचारों का आदान प्रदान किया. साथ ही सदस्यों ने मंत्री एवं बल्केश्वर उरांव उर्फ़ बड़ा विकास को गीता चिंता नामक पुस्तक भेंट स्वरूप प्रदान किया.

इधर मंत्री के आगमन की जानकारी मिलते ही लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी. इसके बाद मंत्री दीपिका पांडेय सिंह लोगों की समस्याओं से अवगत हुई. इटकिरी मोड़ से सेरेंगदाग तक एवं घाघरा जलका मोड़ से तुसगांव तक रोड निर्माण की बात बॉबी भगत ने रखी साथ ही देव की मुख्य पद से लेकर लक्सर मोड तक सड़क निर्माण सहित कई समस्या मूलक आवेदन सौंपा गया.

## सुरक्षा उपकरणों की खरीद में गड़बड़ी की जांच को लेकर बैठक

**रांची।** झारखंड पुलिस द्वारा सुरक्षा उपकरणों की खरीद में कथित गड़बड़ियों की जांच के लिए गठित कमेटी की अहम बैठक मंगलवार को पुलिस मुख्यालय में आयोजित हुई. इस बैठक की अध्यक्षता पुलिस मुख्यालय के एडीजी अभियान ने की. यह कमेटी राज्य के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) अनुराग गुप्ता के आदेश पर 16 जून को गठित की गई थी, जिसमें एडीजी अभियान के नेतृत्व में कुल पांच सदस्य शामिल हैं. इस मामले में झारखंड पुलिस के एक आईजी रैंक के अधिकारी ने व्हिसिल ब्लोअर प्रोटेक्शन एक्ट के तहत मामले की शिकायत वरिष्ठ अधिकारियों और सरकार से की थी। उन्होंने सुरक्षा उपकरणों की खरीद प्रक्रिया में गंभीर अनियमितताओं का उल्लेख करते हुए इसकी गहन जांच की सिफारिश की थी. अधिकारी की रिपोर्ट के आधार पर ही इस विशेष जांच समिति का गठन किया गया है. पुलिस मुख्यालय द्वारा जारी आदेश के अनुसार, जांच कमेटी को व्हिसिल ब्लोअर की रिपोर्ट, संबंधित संचिकाएं और खरीद प्रक्रिया से जुड़े तमाम दस्तावेजों की सूक्ष्मता से जांच करनी है. समिति को 15 दिनों के भीतर जांच पूरी कर स्पष्ट और तथ्यात्मक रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया गया है.

# कांग्रेस संगठन को मजबूत बनाने के लिए तैयार करेगी पांच सेक्शन

शुभम संदेश। रांची



झारखंड प्रदेश कांग्रेस अंतर्गत रांची जिले के कार्यकारी अध्यक्ष महासचिवों की बैठक प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई. बैठक के बाद पत्रकारों से बात करते हुए कमलेश ने कहा कि बैठक का मूल उद्देश्य प्रदेश स्तर पर संगठन को व्यवस्थित करने के लिए आपसी समन्वय बनाने को लेकर था.

उन्होंने कहा कि बैठक में निर्णय लिया गया कि संगठन में निचले स्तर तक समन्वय रखने, उनसे सूचना प्राप्त करने और सूचनाओं को साझा करने, समय समय पर विभिन्न वैधानिक निकायों की बैठकों में जाने, सरकार एवं अन्य स्रोतों से सूचनाओं मिलने तथा पत्राचार करने सहित अनेक कार्य हैं.

उन्होंने कहा कि सभी कार्यों को व्यवस्थित करने के लिए पांच सेक्शन का गठन किया जाएगा. इनमें एआईसीसी से पत्राचार करने, विधायक मंत्रियों से पत्राचार और संवाद के लिए एक सेक्शन, संगठन सृजन के तहत चल रहे कार्यक्रमों के लिए प्रदेश से लेकर प्रखंड स्तर तक के लिए एक सेक्शन, 20 सूत्री बोर्ड निगम सहित जितनी कमिटियां बनी हैं उसका डाटा और कांग्रेसजनों के डाटा लिए एक सेक्शन और ग्रामीण नगर निकाय के चुनाव के लिए एक सेक्शन बनाया जाएगा. ताकि, सभी से संबंधित डाटा का संधारण तरीके से किया जा सके. ऐसे पदाधिकारी को जिम्मेवारी दी जाएगी जो संगठन और कार्यालय में समय दे सकें.

कमलेश ने कहा कि 10 जुलाई को प्रभारी के राजू की उपस्थिति में कांग्रेस विधायकों की बैठक से और राजनीतिक मामलों की कमेटी की बैठक होगी. विधायकों की बैठक में विभिन्न एजेंडों पर चर्चा की जाएगी और चर्चा के बाद निकली राय को कमेटी के समक्ष रखा जाएगा. इसके बाद आगामी 14 जुलाई को नेता राहुल गांधी से सभी विधायक और मंत्री मुलाकात कर संगठन के कार्यों कार्यक्रमों एवं झारखंड में कांग्रेस के मंत्रियों के कार्यों तथा राज्य सरकार के आगामी कार्यक्रमों पर विस्तार से चर्चा करेंगे. बैठक में कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की, विधायक सुरेश बैठा, मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा, सतीश पॉल मुजनी, संजय पांडे, अमूल्य नीरज खलखो, सुरेंद्र सिंह, विनय सिन्हा दीपू, राजेश गुप्ता छोटू, सूर्यकांत शुक्ला, सोनाल शांति सहित अन्य उपस्थित थे.

### म्यूटेशन में लापरवाही पर हाईकोर्ट सख्त

# हजारीबाग सीओ को चार हफ्ते की मोहलत, नहीं तो 50 हजार जुर्माना

शुभम संदेश। रांची



झारखंड हाईकोर्ट ने म्यूटेशन मामले में सख्त रुख अपनाते हुए हजारीबाग जिले के कटकमदाग के अंचलाधिकारी को चार सप्ताह के भीतर ऑनलाइन म्यूटेशन प्रक्रिया पूरी करने का आदेश दिया है. कोर्ट ने स्पष्ट किया कि यदि समय सीमा में आदेश का पालन नहीं हुआ, तो वर्तमान सीओ पर 50 हजार रुपये का जुर्माना लगाया जाएगा, जिसकी राशि याचिकाकर्ता को दी जाएगी. यह आदेश दीपक कुमार की याचिका पर सुनवाई के दौरान पारित हुआ, जिसमें उन्होंने करीब 11.5 डिसमिल जमीन के म्यूटेशन के एवज में 5 लाख रुपये की अवैध मांग का आरोप लगाया था. दीपक कुमार ने पहले सिटीजन पोर्टल और फिर अपर समाहर्ता को लिखित शिकायत दी थी, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई. कोर्ट ने पाया कि म्यूटेशन को लेकर पहले और बाद में दिए गए प्रशासनिक आदेश आपस में विरोधाभासी थे. कोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया कि किसी सक्षम प्राधिकारी द्वारा पारित आदेश को कोई अधिकारी सिर्फ अपने पद का आधार लेकर रद्द नहीं कर सकता. कोर्ट का सख्त संदेश दिया कि म्यूटेशन प्रक्रिया 4 हफ्ते के भीतर पूरी न होने पर 50 हजार रुपए का जुर्माना राशि सीधे याचिकाकर्ता को दी जाएगी. उपायुक्त को रिश्वत के आरोपों में पूर्व सीओ प्रशांत कुमार के विरुद्ध कार्रवाई की अनुमति देने के साथ ही हाईकोर्ट ने कहा, "म्यूटेशन में पारदर्शिता जरूरी, कोई भी लापरवाही बर्दाश्त नहीं." इस फैसले के बाद जिला प्रशासन और सभी अंचलाधिकारियों के लिए यह साफ संदेश है कि भ्रष्टाचार और मनमानी अब बर्दाश्त नहीं की जाएगी. म्यूटेशन जैसे नागरिक अधिकारों से जुड़ी प्रक्रियाओं में कानूनी प्रावधानों और पारदर्शिता का पालन अनिवार्य है.

### बेमिसाल | विधायक जयराम कुमार ने पूरा किया अपना वादा

# डुमरी के टॉपर छात्रों को बांटा अपनी सैलरी का 75%

शुभम संदेश। रांची



डुमरी के विधायक जयराम कुमार महतो ने अपना एक चुनावी वादा निभा दिया है. नावाडीह में मंगलवार को आयोजित भव्य कार्यक्रम में जयराम महतो ने मैट्रिक और इंटर में अच्छा करने वाले छात्र- छात्राओं को राज्यपाल संतोष गंगवार के हाथों सम्मानित करवाया.

इस दौरान टॉपर छात्र- छात्राओं को लैपटॉप और टेबलेट देकर सम्मानित किया गया. जयराम महतो ने चुनाव से पहले वादा करते हुए कहा था कि अगर जनता उन्हें विधायक बनाती है, तो वह अपनी सैलरी के 75 प्रतिशत पैसे जनता के बीच बांट देंगे. नावाडीह में आयोजित कार्यक्रम में डुमरी विधानसभा क्षेत्र के वैसे छात्रों को मंगलवार को सम्मानित किया गया जिन्होंने टॉप टेन रैंक हासिल किया था. जयराम महतो ने फ़िलहाल अपनी 3 महीने की सैलरी की 75 % राशि छात्रों के बीच बांटी है. कार्यक्रम में 4 टॉपरों को लैपटॉप, 36 टॉपरों को टैबलेट और 70 पंचायत के 70 टॉपरों को राज्यपाल संतोष गंगगवार के हाथों सम्मानित किया गया. एक विधानसभा क्षेत्र में किसी एक विधायक द्वारा ऐसा आयोजन करना और उसमें राज्यपाल का मुख्य अथिति के रूप मे मौजूद रहना अपने आप में अनोखा है. कार्यक्रम स्थल पर मौजूद लोग अपने बच्चों को सम्मानित होता देख खुशी से फुले नहीं समा रहे थे. इस भव्य कार्यक्रम में राज्यपाल संतोष गंगवार के साथ- साथ डीसी अजय नाथ झा और एसपी सहित जिले के सभी बड़े अधिकारी मौजूद रहे.

कार्यक्रम के बाद मीडिया से बात करते हुए विधायक जयराम महतो ने कहा कि वह अब आगे किसानों को मदद करेंगे. साथ ही जो बच्चे किसी कारणवश परीक्षा में सफल नहीं हो पाए हैं उन्हें भी प्रोत्साहित किया जाएगा. जयराम महतो ने कहा कि मैं जनता का विधायक हूं और मेरी हर चीज पर जनता का हक है. इसलिए मैं सैलरी उनके ही कल्याण के लिए उनके ही बीच बांट रहा हूं.

#### राज्यपाल ने की जयराम की सराहना

इस मौके पर राज्यपाल ने विधायक जयराम महतो द्वारा अपने वेतन का बड़ा हिस्सा प्रतिभाशाली छात्रों को समर्पित करने की सराहना करते हुए कहा कि आशा है कि यह कदम अन्य लोगों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बनेगा. उन्होंने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि मुझे बरेली की जनता ने आठ बार लोकसभा में प्रतिनिधि बनाकर भेजा और मैंने जन सेवा को सदैव जीवन का लक्ष्य माना. आज भी जनता का स्नेह मेरे साथ है क्योंकि मैंने सदैव जनहित को सर्वोपरि रखा. झारखंड के विकास हेतु यहां के राज्यपाल के रूप में वे सदैव तत्पर हैं. राज्य सरकार को विकास कार्यों में जब कभी भी उनकी जरूरत हो, वे जनहित में हमेशा उपलब्ध हैं.

# पेसा, रिम्स सहित 9 मुद्दों पर आपस में समन्वय बनाकर आगे बढ़ेंगे कांग्रेस के चारों मंत्री

शुभम संदेश। रांची



हाईकमान ने जिन 9 मुद्दों पर कांग्रेस के चारों मंत्रियों से सुझाव मांगा था, उसको लेकर सोमवार रात चारों मंत्री ने विचार-विमर्श किया. वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर के आवास पर हुई इस बैठक में आपसी समन्वय बना कर उपरोक्त सभी मुद्दों पर काम करने का निर्णय लिया गया. इसके लिए साझा रणनीति बनाने पर भी सहमति बनी. हालांकि बैठक के बाद इसका खुलासा नहीं किया गया कि रिम्स के विस्तार, पेसा, ओबीसी आरक्षण और चुनावी वादों पर चारों मंत्रियों के क्या विचार है. इन मुद्दों पर वे पार्टी को क्या बताएंगे. यहां मालूम हो कि पार्टी हाईकमान के निर्देश पर झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने चारों मंत्रियों को 9 मुद्दों पर सुझाव देने का निर्देश दिया था. मंत्रियों के सुझाव से प्रदेश प्रभारी के. राजू को अवगत कराया जाएगा.

#### बैठक में इन बिंदुओं पर विचार-विमर्श हुआ

1. पेसा नियमावली की अधिसूचना को शीघ्र जारी करने की रणनीति.
2. मनरेगा के क्रियान्वयन में आ रही समस्याओं एवं केंद्र सरकार द्वारा निधियों की प्राप्ति में हो रही अड़चनों पर चिंता व्यक्त की गई.
3. किसानों के ऋण माफी योजना को लागू करने की प्रक्रिया में तेजी लाने का निर्णय.
4. सहकारिता को प्रोत्साहित करने हेतु राज्य सरकार की रणनीति पर विस्तार से चर्चा.
5. स्वास्थ्य बीमा योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए आवश्यक कदम उठाने पर सहमति.
6. रिम्स (राजेंद्र आयुर्विज्ञान संस्थान) के विस्तार और प्रस्तावित योजनाओं की समीक्षा.
7. विधानसभा चुनाव घोषणा पत्र में किए गए वायदों की पूर्ति की वर्तमान स्थिति का आकलन.
8. आगामी नगर निकाय चुनावों में पिछड़ा वर्ग के लिए सीटों के आरक्षण के प्रावधान पर चर्चा.
9. बीस सूत्री समितियों की कार्यप्रणाली और उनकी सक्रियता को लेकर सुझाव.

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार



रांची, बुधवार 09 जुलाई 2025 I आषाढ़ शुक्ल पक्ष 14, संवत 2082 I रांची, धनबाद एवं पटना से प्रकाशित I वर्ष : 3, अंक : 92 I मूल्य ₹ 3, पृष्ठ संख्या : 12


## बैल के मर जाने पर बेटों से खेत जुतवा रहा था किसान

▪ मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने लिया संज्ञान

शुभम संदेश। लोहरदगा

जिले के एक दिव्यांग किसान लीला उरांव की कहानी इन दिनों सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बनी हुई है. वर्ष 2024 में वज्रपात से उनके बैल मारे गए और साथ ही फसल भी बर्बाद हो गई. आर्थिक तंगी के कारण न तो वे नए बैल खरीद सके और न ही ट्रैक्टर किराए पर ले सके. ऐसे में उन्होंने खेत जोतने के लिए अपने ही बेटों को हल में जोतने का फैसला लिया. यह तस्वीर सोशल मीडिया पर सामने आई और एक पत्रकार द्वारा ट्विटर पर साझा की गई. मामला वायरल होते ही झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने इस पर गंभीरता से संज्ञान लिया और लोहरदगा के उपायुक्त को निर्देश जारी किया. उन्होंने लिखा- कृपया उक्त मामले की जांच कर, किस्को प्रखंड के किसान लीला उरांव जी को हरसंभव सरकारी योजनाओं से जोड़ते हुए सहायता प्रदान की जाए और इसकी सूचना दी जाए. लीला उरांव बताते हैं कि वज्रपात से बैल मारे जाने और असमय बारिश से फसल नष्ट होने के बाद उनकी आर्थिक स्थिति और बिगड़ गई. मदद के लिए उन्होंने कई जगह प्रयास किए, लेकिन कहीं से कोई सहायता नहीं मिल पाई. मजबूर होकर उन्होंने अपने बेटों को बैल की जगह हल खींचने के लिए लगाया ताकि किसी तरह खेत की जुताई हो सके.

### सूर्य मंदिर समिति तीसरी सोमवारी को निकालेगी सामूहिक जलाभिषेक यात्रा

## हजारों शिवभक्त हर दिन करेंगे बाबा भोलेनाथ को जलार्पण

शुभम संदेश। जमशेदपुर



सिदगोड़ा स्थित सूर्य मंदिर परिसर में श्रावण महोत्सव के निमित्त तीसरे सोमवारी को होने वाले सामूहिक जलाभिषेक यात्रा के आयोजन को लेकर सूर्य मंदिर समिति की महत्वपूर्ण आम बैठक संपन्न हुई. समिति के अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में सूर्य मंदिर समिति द्वारा 28 जुलाई तीसरी सोमवारी को होने वाले जलाभिषेक यात्रा की सफलता व भव्यता हेतु विभिन्न पहुलओं पर चर्चा की गई. इस दौरान राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री सह मंदिर समिति के मुख्य संरक्षक रघुवर दास एवं संरक्षक चंद्रगुप्त सिंह मुख्यरूप से मौजूद रहे. इस आम बैठक में सूर्य मंदिर समिति ने आय-व्यय का विस्तृत लेखा-जोखा प्रस्तुत किया, जिसे उपस्थित जनसमूह ने ध्वनिमत से पारित किया. बैठक में अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ने बताया कि आगामी 28 जुलाई को सुबह 7 बजे शिवभक्त बारीडीह बस्ती हरि मंदिर मैदान में एकत्रित होंगे। जहां से जलपात्र में जल लेकर पैदल यात्रा करते हुए सूर्य मंदिर के शिवालय में बाबा भोलेनाथ का श्रद्धापूर्वक जलाभिषेक करेंगे. मंदिर समिति की ओर से 21 हजार श्रद्धालुओं के शामिल होने का लक्ष्य रखा गया है. शिवालय में जलाभिषेक के बाद श्रद्धालुओं के बीच महाप्रसाद का वितरण होगा. जलाभिषेक यात्रा में भजन टीम के द्वारा मनोरम झांकी प्रस्तुत की जायेगी एवं श्रद्धालुओं को भोलेनाथ के गीत-भजनों से माहौल को भक्तिमय बनाने की तैयारी की गयी है. बैठक के दौरान आयोजन की सफलता में जनसहयोग का आह्वान किया गया. जिसपर श्रद्धालुओं की ओर से सहयोग राशि जमा की गई.

बैठक को संबोधित करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री एवं मंदिर समिति के मुख्य संरक्षक रघुवर दास ने कहा कि जलाभिषेक यात्रा सामाजिक समरसता का प्रतीक है, जो सभी वर्गों को एकता के सूत्र में पिरोने का कार्य करती है. आस्था और श्रद्धा से ओतप्रोत यह यात्रा प्रत्येक वर्ष भक्तों के सहयोग से सफल होती रही है और इस वर्ष भी यह यात्रा ऐतिहासिक व भव्य रूप में सम्पन होगी. उन्होंने विशेष रूप से शहर के शिवभक्तों से आग्रह किया कि तीसरे सोमवार को अधिक से अधिक संख्या में इस पवित्र यात्रा में भाग लें. वहीं, संरक्षक चंद्रगुप्त सिंह ने कहा कि आस्थावान श्रद्धालुओं के सहयोग से हर वर्ष सामूहिक जलाभिषेक यात्रा सफल हुई है और इस वर्ष भी यह भव्य एवं ऐतिहासिक होगी. उन्होंने शहर के शिवभक्तों से तीसरे सोमवारी को अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने का आह्वान किया है. उन्होंने कहा कि सूर्य मंदिर समिति की जलाभिषेक यात्रा जमशेदपुर ही नही अपितु पूरे झारखंड में अद्भुत एवं ऐतिहासिक है. श्रद्धालुओं की सुविधाओं और आयोजन की सफलता हेतु सूर्य मंदिर कमेटी के पदाधिकारी एवं सदस्यों को अलग-अलग जिम्मेदारी दी गई है. मंदिर समिति ने श्रावण महोत्सव जलाभिषेक यात्रा को लेकर उप-समिति बनाई है.

## ब्रीफ न्यूज

### घाघर वाटरफॉल में युवक की डूबने से मौत

**दुमका।** जिले में घाघर वाटरफॉल में मंगलवार को एक युवक की डूबने से मौत हो गई. मृतक की पहचान रूपांकर दत्ता के रूप में हुई है, जो बंगाल के बीरभूम जिले के नलहटी थाना क्षेत्र के चतरा गांव का था. रूपांकर अपने तीन दोस्तों – साहिल योगेश गुप्ता और सरफराज के साथ घूमने के लिए घाघर वाटरफॉल आया था. सभी युवक दो बाइक पर सवार होकर यहां पहुंचे थे. दोपहर के समय सभी वाटरफॉल के निचले हिस्से में नहाने उतर गए. इस दौरान दोस्तों ने पानी में छलांग लगानी शुरू की, लेकिन रूपांकर गहरे पानी में चला गया और डूबने लगा. उसके दोस्तों ने उसे बचाने की कोशिश की, लेकिन वे असफल रहे. उनकी चीख-पुकार सुनकर पास में काम कर रहे ग्रामीण मौके पर पहुंचे और युवक की तलाश शुरू की. लगभग डेढ़ घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद उसका शव पानी से बाहर निकाला गया.

### पति ने टांगी से किया जानलेवा हमला

**मेदिनीनगर।** जिले से मंगलवार को एक पति ने पत्नी पर टांगी से जानलेवा हमला किया. मामला रामगढ़ थाना क्षेत्र स्थित निमसी टोला का है. बताया जा रहा है कि सुबह राजेंद्र भुइयां ने अपनी पत्नी मिलू देवी को शौच के बहाने घर से बाहर बुलाया और कुछ दूर जाकर उसकी गर्दन पर टांगी से वार कर दिया. महिला चीखने लगी तो उसका बेटा अखिलेश मौके पर पहुंचा. बेटे को आता देख पिता फरार हो गया. महिला को मेदिनी राय मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका इलाज चल रहा है. महिला ने 20 दिन पहले ही अपने 10वें बच्चे को जन्म दिया था. पीड़िता के कुल 10 बच्चे हैं, जिनमें सात बेटियां और तीन बेटे हैं. परिवार के अनुसार, घटना से पहले पति-पत्नी के बीच किसी भी तरह का विवाद भी नहीं हुआ था. घर के अन्य सदस्य घटना के वक्त मौजूद नहीं थे. दो बेटियां धान की रोपाई करने के लिए बाहर गई थीं, जबकि एक बेटा मजदूरी करने गया था. परिवार के एक बेटे की शादी हो चुकी है. घटना की जानकारी मिलते ही थाना प्रभारी ओमप्रकाश शाह घटनास्थल पर पहुंचे और पीड़ित परिवार से मुलाकात की. उन्होंने परिवार को प्राथमिक आर्थिक मदद भी दी.

### झारखंड में शराब दुकान संचालन में बड़ा बदलाव

## होमगार्ड के जवान संभालेंगे अब से सुरक्षा की जिम्मेदारी

शुभम संदेश। रांची

झारखंड राज्य बिवरेजेज कॉरपोरेशन (जेएसबीसीएल) द्वारा चलायी जा रही दुकानों में सुरक्षा के लिए अधिकतम तीन होमगार्ड जवानों की तैनाती हो सकेगी. कॉरपोरेशन के माध्यम से शराब दुकानों को चलाने के लिए जारी संकल्प में इस बात का उल्लेख किया गया है. उत्पाद विभाग ने दुकानों के हस्तांतरण और खोलने के काम इस सप्ताह तक पूरा कर लेने का लक्ष्य निर्धारित किया है.

उत्पाद विभाग ने मैनपावर सप्लाई करने वाली कंपनियों से शराब दुकानों को हस्तांतरित करने की प्रक्रिया एक जुलाई से शुरू की थी. राज्य की कुल 1453 खुदरा शराब दुकानों में से अब तक 950 दुकानों के हस्तांतरण की प्रक्रिया पूरी कर ली गयी है. बाकी बची 503 दुकानों के हस्तांतरण का काम इस सप्ताह तक पूरा कर लिया जायेगा. उत्पाद विभाग ने हस्तांतरित की गयी शराब दुकानों को खोले का भी काम शुरू कर दिया है. आठ जुलाई तक 950 बंद दुकानों में से 37 दुकानों से शराब की बिक्री शुरू हो चुकी है. आठ जुलाई को 100 और दुकानों को खोलने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है. हस्तांतरण के बाद बंद हो चुकी दुकानों के खोलने के लिए उत्पाद विभाग ने संकल्प जारी किया है. संकल्प के अनुसार से कॉरपोरेशन द्वारा नयी उत्पाद नीति लागू होने तक शराब की बिक्री की जाएगी.

**नियम लागू करने में लग सकता है समय :** जिला उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने इस संबंध में होमगार्ड समादेष्टा को पत्र लिखकर निर्देश जारी किए हैं. डीसी ने यह भी स्पष्ट किया है कि दुकानों की नियमावली लागू करने में दो माह तक का समय लग सकता है. प्लेसमेंट एजेंसियों के संचालन में आ रही गड़बड़ियों को देखते हुए, यह निर्णय लिया गया है ताकि दुकानों का संचालन अधिक अनुशासित और सुरक्षित हो सके. ज़िला प्रशासन का कहना है कि इस कदम से शराब दुकानों की व्यवस्था में पारदर्शिता और सुरक्षा दोनों को प्राथमिकता दी जाएगी. डीसी के पत्र में यह भी उल्लेख है कि शराब दुकानों की नई संचालन नियमावली लागू होने में करीब 2 महीने का समय लगेगा. तब तक प्लेसमेंट एजेंसियों के जरिए संचालन को लेकर गड़बड़ी की आशंका जताई गई है. इसलिए यह फैसला लिया गया है कि अब इन दुकानों की जिम्मेदारी होमगार्ड जवानों को दी जाएगी, ताकि पारदर्शिता बनी रहे और संचालन ठीक से हो सके.

### 367 होमगार्ड जवान संभालेंगे शराब दुकानों की जिम्मेदारी

इसी तरह राजधानी रांची की शराब दुकानों के संचालन में बड़ा प्रशासनिक बदलाव किया गया है. अब रांची जिले की सभी 166 खुदरा शराब दुकानों की जिम्मेदारी होमगार्ड के जवानों को सौंपी जाएगी. इनमें 76 विदेशी, 41 देशी और 49 कंपोजिट शराब दुकानें शामिल हैं. सूत्रों के अनुसार, विदेशी दुकानों पर तीन-तीन, देसी पर एक और कंपोजिट दुकानों पर दो-दो जवानों की तैनाती की योजना तैयार की गई है. कुल मिलाकर, उत्पाद विभाग से संबंधित दुकानों पर 367 होमगार्ड जवानों की मानी जा रही है.

### होमगार्ड जवानों की जरूरत का ब्योरा

विदेशी शराब की 76 दुकानों पर हर दुकान में 3 जवान- कुल 228 जवान

देसी शराब की 41 दुकानों पर 1 जवान- कुल 41 जवान

49 कंपोजिट दुकानों पर 2 जवान- कुल 98 जवान

## पलामू: नकली शराब फैक्ट्री का भंडाफोड़ बोतल, रैपर, ढक्कन और शराब बरामद

शुभम संदेश। मेदिनीनगर



पलामू जिले के हरिहरगंज थाना से महज डेढ किलोमीटर की दूरी पर वैद्यविगहा में चल रही शराब फैक्ट्री का मंगलवार को भंडाफोड़ किया गया. मौके से दो हजार पीस खाली बोतल, चार हजार पीस रैपर, भारी संख्या में ढक्कन और शराब बरामद की गयी है. हालांकि शराब फैक्ट्री का संचालन कर रहा राजा साव मौके से फरार हो गया. इस संबंध में प्राथमिकी दर्ज की गयी. राजा की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है.

इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी चंदन कुमार को गुप्त सूचना मिली थी कि वैद्यविगहा में राजा साव के घर पर नकली शराब फैक्ट्री चल रही है. सूचना के आलोक में एसआई धन्नजय गोप के नेतृत्व में पुलिसकर्मियों ने छापेमारी की. पुलिस के आने की भनक लगते ही राजा मौके से फरार हो गया. छानबीन करने पर मौके से दो हजार पीस खाली बोतल, चार हजार पीस रैपर, भारी संख्या में ढक्कन और 375 एमएल में 18 बोतल बलंडर शराब बरामद की गयी. इंस्पेक्टर ने बताया कि राजा साव के खिलाफ पहले भी नकली शराब बनाने के आरोप में एफआइआर दर्ज की गयी थी. जेल भी भेजा गया था. बावजूद शराब फैक्ट्री चला रहा था.

### सड़क खराब थी एंबुलेंस ने आने से किया इनकार, 9 साल की बच्ची की मौत

**जमशेदपुर।** पटमदा के बोड़ाम प्रखंड के गौरडीह गांव में सड़क की बदहाली ने एक मासूम की जान ले ली. पेट दर्द से तड़प रही 9 वर्षीय पूजा महतो की इलाज के अभाव में मौत हो गई. परिजनों ने घंटों तक उसे अस्पताल पहुंचाने की कोशिश की, मगर खस्ताहाल सड़क ने उनका रास्ता रोक लिया. मिली जानकारी के अनुसार पूजा को पेट में तेज दर्द होने के बाद अस्पताल ले जाने की तैयारी की गई, पर एंबुलेंस और निजी वाहनों ने खराब सड़क का हवाला देकर आने से इनकार कर दिया. गांव तक पहुंचने वाला रास्ता इतना जर्जर है कि कोई वाहन उसमें चल नहीं सकता. इलाज के बिना ही बच्ची ने दम तोड़ दिया. गौरडीह से चिरूडीह-माधवपुर तक 7 .5 किलोमीटर लंबी सड़क में से सिर्फ 2 .5 किमी ही ठीक है. बाकी हिस्से पर कालीकरण की परत उखड़ चुकी है, जिससे रास्ते पर बड़े-बड़े गड्ढे बन गए हैं. बारिश में ये गड्ढे और जानलेवा हो गए हैं. स्थानीय लोग मजबूरी में घरों से निकलने के लिए वैकल्पिक रास्ते खोजते हैं. करीब 6 महीने पहले गौरडीह पंचायत के मुखिया ने भाजपा नेताओं के साथ सांसद विद्युत वरण महतो को ज्ञापन सौंपा था. सड़क पर स्लैग डालने की मांग की गई थी ताकि कम से कम आपात स्थिति में एंबुलेंस या वाहन पहुंच सकें.

### हजारीबाग में बच्चे को बेचने की साजिश नाकाम

## पुलिस ने 5 आरोपियों को किया गिरफ्तार

शुभम संदेश। हजारीबाग

जिले के सदर थाना क्षेत्र में एक मासूम को बेचने की साजिश रचने वाले गिरोह का पुलिस ने खुलासा कर दिया है. महावीर स्थान से 1.5 वर्ष के शंकर नामक बालक को ले जाकर बेचने की नियत से अपहरण करने वाले 5 लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है, जबकि बच्चा सकुशल बरामद कर लिया गया है. पीड़िता मितु देवी, पति राजु कुमार, निवासी शिवपुरी, कटकमदाग ने 6 जुलाई को सदर थाना में आवेदन देकर बताया कि 1 जुलाई को उसका पुत्र शंकर महावीर स्थान से लापता हो गया. छानबीन में पता चला कि बच्चे को कुछ लोग बेचने की मंशा से ले गए थे. इस मामले में सदर थाना में 6 जुलाई को मामला दर्ज कराया गया, जिसके बाद पुलिस ने जांच शुरू की. पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, सदर, अमित आनंद के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन किया गया. टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए चलकुशा थाना क्षेत्र से बालक को चिंता देवी के पास से सकुशल बरामद कर लिया. पुलिस ने इस मामले में सुदीप कुमार स्वर्णकार, सीमा शर्मा, संजय कुमार, सरिता देवी और चिंता देवी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। गिरफ्तार आरोपियों का संबंध हजारीबाग, गिरिडीह और सरिया थाना क्षेत्रों से है। इस कार्रवाई में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अमित आनंद, सदर थाना प्रभारी सुभाष सिंह, राहुल कुमार, रमेश चंद्र हजाम, महिला आरक्षी और पुलिस बल के अन्य सदस्य शामिल थे. पुलिस की इस त्वरित कार्रवाई से एक मासूम की जान बची और मानव तस्करी की एक बड़ी साजिश को समय रहते विफल कर दिया गया.

## रेलवे ट्रैक पर हथिनी ने बच्चे को दिया जन्म, दो घंटे रोकी गई ट्रेन

शुभम संदेश। रामगढ़



रामगढ़ वन प्रमंडल क्षेत्र में एक भावनात्मक और दुर्लभ दृश्य सामने आया, जब एक गर्भवती हथिनी के सुरक्षित प्रसव के लिए रेलवे प्रशासन ने मालगाड़ी को दो घंटे तक रोक दिया. समय पर लिए गए इस फैसले के कारण हथिनी और उसका नवजात शावक ट्रेन की चपेट में आने से बच गए. यह घटना सरवाहा के चरही गांव के पास की है. ब

ताया जा रहा है कि करीब 15 दिन पहले हाथियों का एक झुंड बोकारो, बसंतपुर, चींची कला और करगी गांव होते हुए सरवाहा क्षेत्र में पहुंचा था. इसी दौरान एक हथिनी अपने झुंड से बिछड़ गई और हजारीबाग-बरकाकाना रेलवे लाइन के पास आ गई. रेलवे ट्रैक के समीप हथिनी की उपस्थिति की जानकारी मिलते ही वनरक्षी ने रामगढ़ के डीएफओ नितीश कुमार को इसकी सूचना दी. डीएफओ ने तुरंत कार्रवाई करते हुए हजारीबाग से बरकाकाना की ओर जा रही मालगाड़ी को दो घंटे के लिए रोकने का निर्देश दिया. इस दौरान हथिनी ने सुरक्षित प्रसव किया, और जन्म के कुछ ही समय बाद उसका नवजात शावक उसके साथ लगभग 10 किलोमीटर का सफर तय कर सुरक्षित हाथी कॉरिडोर के जंगल में लौट गया. वन विभाग के अधिकारियों के अनुसार, यह पहली बार था जब उन्होंने इतने करीब से हथिनी के प्रसव और शावक के जंगल में लौटने का दृश्य देखा.

हथिनी और उसके बच्चे के सुरक्षित लौटने के बाद रेल परिचालन दोबारा शुरू किया गया. वन विभाग और रेलवे के बीच इस तालमेल की सराहना की जा रही है, जिसने एक जीवनदायिनी पहल का उदाहरण पेश किया.

## इंटरमीडिएट नामांकन और स्थानांतरण पर रोक के खिलाफ छात्रों का हस्ताक्षर अभियान



**जमशेदपुर।** जिले के विभिन्न कॉलेजों में इंटर के नामांकन और स्थानांतरण पर रोक के खिलाफ छात्रों में नाराजगी बढ़ती जा रही है. इसी कड़ी में मंगलवार को छात्रों ने साकची गोलचक्कर पर हस्ताक्षर अभियान चलाया. बारिश के बावजूद बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं अभियान में शामिल हुए और सरकार के फैसले का विरोध किया. उनका कहना था कि इंटरमीडिएट की पढ़ाई को कॉलेजों से हटाने का निर्णय न केवल उनके भविष्य के साथ अन्याय है बल्कि कॉलेजों में पढ़ा रहे शिक्षकों, शिक्षकेतर कर्मचारियों और अन्य कर्मियों के रोजगार पर भी संकट खड़ा कर देगा. छात्रों ने बताया कि कॉलेजों में इंटर की पढ़ाई खत्म होने से जहां हजारों छात्र-छात्राओं को प्रवेश का विकल्प सीमित हो जाएगा, वहीं वर्षों से पढ़ा रहे शिक्षक बेरोजगार हो जाएंगे. कॉलेजों में पढ़ाई के साथ छात्रों को लाइब्रेरी, लैब और अन्य संसाधनों का बेहतर लाभ मिलता रहा है, जिससे वंचित हो जाएंगे. छात्रों ने सरकार से मांग की कि रोक को हटाया जाए तथा कॉलेजों में इंटर की पढ़ाई पूर्ववत जारी रखी जाए ताकि न तो छात्रों का भविष्य अंधकारमय हो और न ही शिक्षकों व कर्मचारियों का रोजगार छिने.

**नई तकनीक** बरसाती मौसम में टमाटर की खेती अब मुमकिन

## ग्राफ्टिंग तकनीक बनी किसानों की बड़ी ताकत

शुभम संदेश। हजारीबाग



झारखंड के हज़ारीबाग़ जिले के चुरचू प्रखंड के नगड़ी गांव के किसान अब ग्राफ्टिंग विधि से टमाटर की खेती कर रहे हैं, जिससे बरसात के मौसम में भी उनकी फसल सुरक्षित रहती है. इस पहल से हज़ारों किसानों को फायदा हो रहा है. हज़ारीबाग़ के नगड़ी गांव के किसानों के लिए अब बरसात का मौसम टमाटर की फसल के लिए मुसीबत नहीं लाता. पहले भारी बारिश में टमाटर के पौधे खराब हो जाते थे, जिससे किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ता था. लेकिन अब ग्राफ्टिंग तकनीक ने उनकी मुश्किलें आसान कर दी हैं. इस तकनीक में टमाटर के तने को बैगन की जड़ से जोड़ा जाता है. बैगन की जड़ ज़्यादा पानी सहन कर लेती है, जिससे टमाटर का पौधा बरसात में भी खराब नहीं होता. इससे 90% पौधे बच जाते हैं और ये पौधे 6 से 9 महीने तक फसल देते हैं.

इस काम में किसानों की मदद एक एफपीओ चुरचू नारी ऊर्जा फार्मर्स प्रोड्यूसर कम्पनी लिमिटेड कर रही है. इसमे अभी 4 हज़ार अधिक शेयरहोल्डर किसान है और 2 प्रखंड के 7500 से ज्यादा किसान इससे प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष रूप से जुड़ चुके हैं. इन किसानों को ग्राफ्टिंग तकनीक का प्रशिक्षण दिया जा रहा है, जिससे वे बरसात में भी अच्छी पैदावार ले सकें. एक किसान ने तो पॉलीहाउस में ग्राफ्टिंग करके दूसरे किसानों के लिए पौधे तैयार करना शुरू कर दिया है. अभी तक 60 हजार पौधों की ग्राफ्टिंग हो चुकी है, जिनसे करीब 30 एकड़ में टमाटर की खेती की जाएगी. हालांकि, ग्राफ्टेड पौधे की कीमत सामान्य पौधे से थोड़ी ज्यादा है, लेकिन उत्पादन और पौधों के बचने की दर अधिक होने के कारण यह तकनीक किसानों के लिए बेहद फायदेमंद साबित हो रही है. किसान बताते हैं कि पहले बारिश में सारे पौधे खराब हो जाते थे, लेकिन अब ग्राफ्टिंग से उन्हें नुकसान नहीं होता और उत्पादन भी अच्छा मिलता है. किसानों को इसकी तकनीकी जानकारी के लिए एक स्वंगसेवी संस्था सपोर्ट मदद कर रही है. हजारीबाग का यह क्षेत्र जो टमाटर उत्पादन में भारत मे तीसरा स्थान रखता है यह तकनीक न सिर्फ किसानों के लिए वरदान साबित होगी, बल्कि यह कृषि क्षेत्र में नवाचार की एक मिसाल भी बनेगी. उम्मीद हैं कि इससे और भी किसान प्रेरणा लेंगे.

> हज़ारीबाग़ के नगड़ी गांव के किसानों के लिए अब बरसात का मौसम टमाटर की फसल के लिए मुसीबत नहीं लाता. पहले भारी बारिश में टमाटर के पौधे खराब हो जाते थे, जिससे किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ता था.

## झारखंड में भारी बारिश का कहर: 10 जिलों में वज्रपात और तूफान का अलर्ट

शुभम संदेश। रांची

झारखंड में मॉनसून पूरी तरह से सक्रिय हो चुका है और कई जिलों में भारी बारिश हो रही है. निचले इलाकों में पानी भर गया है और बाढ़ जैसी स्थिति बन गई है. मंगलवार को भी 10 जिलों में भारी बारिश, वज्रपात और तेज हवा चलने की चेतावनी जारी की गई है. मौसम विभाग ने लोगों को सुरक्षित जगहों पर रहने और बाहर न निकलने की सलाह दी है.

**किन-किन जिलों में है अलर्ट :** रांची, लोहरदगा, गुमला, सिमडेगा, खूंटी, रामगढ़, लातेहार, पूर्वी सिंहभूम (जमशेदपुर), पश्चिमी सिंहभूम (चाईबासा) और सरायकेला-खरसावां.

**अब तक कितनी बारिश हुई है :** झारखंड में अब तक 432.9 मिमी बारिश हो चुकी है, जबकि आमतौर पर इस समय तक 255.3 मिमी बारिश होती है. यानी सामान्य से बहुत ज्यादा बारिश हो चुकी है. धनबाद के कुमारधुबी में सबसे ज्यादा 116.8 मिमी बारिश हुई है.

**अगले 48 घंटे और मुश्किल हो सकते हैं :** मौसम विभाग का कहना है कि पश्चिम बंगाल में बना लो प्रेशर सिस्टम अब झारखंड की ओर बढ़ रहा है. अगले 24 से 48 घंटों तक झारखंड में भारी बारिश जारी रह सकती है.

**कोल्हान क्षेत्र में खतरे के संकेत :** सरायकेला और आसपास के जिलों में लगातार बारिश से खरकई और स्वर्णरेखा नदी उफान पर हैं. जिला प्रशासन ने नदी किनारे बसे लोगों को सतर्क रहने को कहा है. डैम का फाटक कभी भी खोला जा सकता है, जिससे घरों में पानी घुसने का खतरा है.

### झारखंड में सबसे अधिक रांची और सबसे कम देवघर में हुई बारिश

इस वर्ष झारखंड में सबसे अधिक बारिश राजधानी रांची में दर्ज की गई, जबकि सबसे कम बारिश देवघर जिले में हुई है. रांची में एक जून से सात जुलाई तक 263 के मुकाबले 670 .8 मिमी बारिश रिकॉर्ड की गई. वहीं सबसे कम बारिश देवघर जिले में 254 .6 के मुकाबले 162 .9 मिमी ही बारिश रिकॉर्ड की गई। यह औसत तापमान के 36 प्रतिशत कम है, जबकि रांची में 155 प्रतिशत अधिक है. इसके अलावा राज्य के जिन जिलों में अब तक बारिश हुई है उनमें गढवा में 19, गोड्डा में 27, पाकुड़ में 22, साहेबगंज में 21 मिमी बारिश दर्ज की गई.

# रामचंद्र सहिस की सुरक्षा की अनदेखी बर्दाश्त नहीं : प्रवीण

शुभम संदेश। रांची

आजसू पार्टी के वरिष्ठ नेता प्रवीण प्रभाकर ने कहा है कि पार्टी के प्रधान महासचिव और पूर्व मंत्री रामचंद्र सहिस की सुरक्षा की अनदेखी की जा रही है. उन्होंने चेतावनी दी कि इसे बर्दाश्त नहीं किया जा सकता. उनके एकमात्र बॉडीगार्ड को क्लोज कर लिया गया है, जबकि सत्ता पक्ष का छोटा–मोटा नेता भी गार्ड लेकर घूम रहा है. उन्होंने सहिस की सुरक्षा अविलंब बहाल करने की मांग राज्य सरकार से की. उन्होंने राज्य सरकार पर आजसू नेताओं के प्रति राज्य सरकार और प्रशासन की ओर से भेदभाव करने का आरोप लगाया.



प्रभाकर पार्टी के केंद्रीय कार्यालय में आयोजित आजसू मिलन समारोह के बाद मंगलवार को मीडिया से बातचीत कर रहे थे.

**मिलन समारोह में दर्जनों हुए शामिल:** आजसू छात्र संघ की ओर से आयोजित मिलन समारोह में दर्जनों छात्रों–युवाओं ने वरिष्ठ नेता प्रवीण प्रभाकर के समक्ष आजसू का दामन थामा. प्रभाकर ने आजसू में शामिल हुए लोगों का स्वागत किया. कार्यक्रम की अध्यक्षता छात्र संघ के प्रदेश अध्यक्ष ओम वर्मा ने की. पार्टी में गौरव सिंह के नेतृत्व में कई लोगों ने आजसू की सदस्यता ली। इनमें सुशांत सिंह, प्रिंस सिंह, शाहिद अंसारी, उज्ज्वल उरांव, पीयूष यादव, तरुण, सुधांशु शाही, निर्भय शाही सहित अन्य के नाम शामिल हैं.

### कांग्रेस को बिहार चुनाव के चुनाव की अधिक चिंता

उन्होंने कहा कि इसके पूर्व आजसू प्रमुख सुदेश महतो की सुरक्षा की अनदेखी करते हुए उनका आवास खाली करवा लिया गया, जबकि पूर्व में राजग सरकार ने झामुमो प्रमुख शिबू सोरेन को आजीवन आवास आवंटित कर दिया है. प्रभाकर ♣ने कहा कि पूर्णिया में पांच आदिवासियों को जिंदा जलाने की घटना दुर्भाग्यपूर्ण है. दोषियों को कड़ी सजा मिलनी चाहिए. लेकिन कांग्रेस पूर्णिया की घटना का राजनीतिक लाभ उठाने की कोशिश कर रही है. कांग्रेस के मंत्री और नेताओं को झारखंड की नहीं, बल्कि बिहार चुनाव की ज्यादा फिक्र है. कांग्रेस के पास बिहार में क्या कोई नेता नहीं है जो झारखंड से नेताओं को पूर्णिया भेजा जा रहा है. उन्होंने कहा कि झारखंड में भी डायन–बिसाही से संबंधित घटनाओं पर नियंत्रण नहीं हो पाया है. सरकारी आंकड़े के अनुसार विगत तीन वर्षों में मात्र खूंटी जिले में 650 से ज्यादा महिलाएं प्रताड़ित हुई हैं. राज्य में खूंटी, गुमला, लोहरदगा, दुमका, पूर्वी सिंहभूम जिलों में डायन प्रथा की घटनाएं होती हैं.

# तेज रफ्तार जीप को रोकने पर एएसआई को कुचलने की कोशिश

### पीसीआर वैन को भी मारी टक्कर

शुभम संदेश। रांची

राजधानी रांची के धुर्वा इलाके में बुधवार को एक तेज रफ्तार जीप चला रहे युवकों को रोकना पुलिसकर्मी को भारी पड़ गया. एएसआई अनिल कुमार राम को न सिर्फ गालियां दी गयीं, बल्कि जीप से कुचलने की भी कोशिश की गयी. इतना ही नहीं, आरोपियों ने जगन्नाथपुर थाना की PCR वैन को भी टक्कर मार दी और मौके से फरार हो गए. मिली जानकारी के अनुसार, पुराना विधानसभा मैदान में एक जीप पर सवार युवक तेज रफ्तार में वाहन चला रहे थे और वहां मौजूद लोगों से गाली-गलौज कर रहे थे. सूचना मिलने पर गश्ती पुलिस टीम के साथ एएसआई अनिल कुमार राम मौके पर पहुंचे. उन्होंने युवकों को रोकने की कोशिश की, लेकिन युवक उग्र हो गए और जीप से एएसआई को कुचलने की कोशिश की. गनीमत रही की वे किनारे हो गए और बच गए. घटना की जानकारी मिलने पर पीसीआर-14 की टीम भी मौके पर पहुंची. आरोपियों ने पीसीआर वैन को भी जोरदार टक्कर मारी और भागने लगे. पुलिस ने घेराबंदी की, लेकिन वे सभी फरार हो गए. पुलिस ने मौके से 2 मोबाइल फोन बरामद किए हैं, जिनमें मौजूद नंबरों के आधार पर युवकों की पहचान की जा रही है. सीसीटीवी फुटेज के जरिए जीप का नंबर भी पता लगाया गया है. जगन्नाथपुर थाना पुलिस जीप के मालिक की पहचान में जुटी है और युवकों की गिरफ्तारी के प्रयास तेज कर दिए गए हैं.

### चोरों ने हेहल अंचल कार्यालय को बनाया निशाना

# ले उड़े प्यूरीफायर, फ्रिज, सीपीयू और प्रिंटर

**रांची।** राजधानी रांची में चोरों का मनोबल इस कदर बढ़ गया है कि अब वे सीधे सरकारी दफ्तरों को अपना निशाना बना रहे हैं. आए दिन शहर में कभी किसी के घर तो कभी दुकानों में चोरी की खबरें सामने आती रहती हैं. इसी क्रम में आज चोरों ने हेहल अंचल कार्यालय को अपना निशाना बनाया। मिली जानकारी के अनुसार, चोरों ने सबसे पहले अंचल कार्यालय का ताला तोड़ा और फिर अंदर घुसकर सामानों की चोरी की. चोर वहां से एक वॉटर प्यूरीफायर, एक फ्रिज, एक सीपीयू और दो प्रिंटर चुराकर फरार हो गए. सुबह जब कर्मचारी कार्यालय पहुंचे और ताला टूटा देखा तो सभी हैरान रह गए. इसके बाद चोरी की सूचना तुरंत पुलिस को दी गई. पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। चोरों की पहचान के लिए आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले जा रहे हैं. पुलिस का कहना है कि जल्द ही चोरों की गिरफ्तारी कर ली जाएगी.

### राज्य में रेडियोलॉजी सेवाओं को मिलेगा नया आयाम

# सदर अस्पताल में विकसित होगा रेडियोलॉजी का हब

शुभम संदेश। रांची

झारखंड सरकार ने राज्य के विभिन्न सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में एक्स-रे,सिटी स्कैन ,एमआरआई जैसी रेडियोलोजी सेवाओं की समान और निर्बाध उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए सदर अस्पताल ,रांची में एक केंद्रीय रेडियोलॉजी हब स्थापित करने का निर्णय लिया है. स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग के अपर मुख्य सचिव अजय कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि हब के माध्यम से राज्य के सभी सरकारी अस्पतालों को डिजिटल रूप से जोड़ा जाएगा. इस पहल का उद्देश्य दूरदराज और संसाधनविहीन क्षेत्रों में रहने वाले मरीजों को तत्काल, सटीक और डिजिटल रेडियोलॉजिकल रिपोर्टिंग की सुविधा देना है. हब में कार्यरत रेडियोलॉजिस्ट एक्स-रे, सीटी स्कैन और एमआरआई की रिपोर्टों का मूल्यांकन कर संबंधित क्षेत्र और रोगियों को इमेज सहित रिपोर्ट उपलब्ध कराएंगे.

**हब 24x7 टेलीरेडियोलॉजी रिपोर्टिंग केंद्र के रूप में करेगा काम:** अपर मुख्य सचिव ने बताया कि यह योजना दो चरणों में कार्यान्वित की जाएगी. पहले चरण में राज्य के सभी सदर अस्पताल इस रेडियोलॉजी हब से जोड़े जाएंगे. इससे उन क्षेत्रों में जहां रेडियोलॉजिस्ट उपलब्ध नहीं हैं, वहां के मरीजों को समय पर रिपोर्ट मिल पाएगी और इलाज में देरी नहीं होगी. उन्होंने बताया कि इस परियोजना पर 1,21,27,100 रुपए का व्यय अनुमानित है, जिसे स्वीकृति मिल चुकी है. हब के माध्यम से टेक्नीशियनों को उन्नत प्रशिक्षण भी दिया जाएगा, ताकि वे एक्स-रे, एमआरआई और सीटी स्कैन जैसी तकनीकी प्रक्रियाएं बेहतर ढंग से संचालित कर सकें. यह हब 24x7 टेलीरेडियोलॉजी रिपोर्टिंग केंद्र के रूप में काम करेगा.

**इस नई पहल से झारखंड की स्वास्थ्य सेवा व्यवस्था को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयासः अजय कुमार, अपर मुख्य सचिव, स्वास्थ्य विभाग**



### परियोजना का उद्देश्य

अजय कुमार ने इसके मुख्य उद्देश्य के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि इस परियोजना के माध्यम से टर्नअराउंड समय कम करके रोगियों को त्वरित निदान उपलब्ध कराना. स्वास्थ्य सेवा में एआई आधारित इमेजिंग तकनीक को बढ़ावा देना. शहरी और ग्रामीण क्षेत्र के बीच स्वास्थ्य सेवाओं की विषमता को कम करना. स्वास्थ्य सेवा के बुनियादी ढांचे को सुदृढ़ करना है.

### स्वास्थ्य क्षेत्र में निदान क्षमता बढ़ेगी

अपर मुख्य सचिव ने कहा कि स्वास्थ्य सेवा के अंतिम पड़ाव जैसे सीएचसी, एसडीएच और रेफरल अस्पतालों को केंद्रीय रेडियोलॉजी हब से जोड़ने से स्वास्थ्य क्षेत्र में निदान क्षमता बढ़ेगी राज्य में रेडियोलॉजिस्टों की कमी से निपटने में मदद मिलेगी साथ ही समय पर रेडियोलॉजी रिपोर्ट ऑनलाइन उपलब्ध होंगे जिससे गंभीर बीमारियों की शीघ्र पहचान और उपचार संभव हो सकेगा.

### नई पहल से चिकित्सा रिपोर्टिंग प्रणाली बनेगी दक्ष

इस नई पहल से न केवल चिकित्सा रिपोर्टिंग प्रणाली दक्ष बनेगी बल्कि. यह कदम झारखंड की स्वास्थ्य सेवा व्यवस्था को तकनीकी रूप से सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास होगा.

# मजदूर और किसानों के साथ हुए धोखे के विरोध में है हड़तालः भाकपा

शुभम संदेश। रांची

केंद्र की सरकार किसानों और मजदूरों पर कहर बरपा रही है, 44 श्रम संहिता को बदलकर चार लेबर कोड में बदल दिया, किसानों को धोखा दिया. आज तक न्यूनतम समर्थन मूल्य की गारंटी सरकार नहीं कर पाई है. केंद्र सरकार के मजदूरी विरोधी नीतियों के विरोध में आम हडताल 17 सूत्री मांगों के समर्थन में बुधवार को होगी. इस हडताल में भाकपा भी शामिल होगी। यह बातें भाकपा के राज्य सचिव महेंद्र पाठक ने मंगलवार को कही. पाठक पार्टी के मेन रोड स्थित अल्बवर्ट एक्का् चौक के पास पार्टी कार्यालय में प्रेस वार्ता को संबोधित कर रहे थे.

वहीं महेंद्र पाठक ने छोटे बड़े व्यापारियों सहित फुटपाथ दुकानदारों से भी अपील करते हुए के कहा कि केंद्र की सरकार के नीतियों के कारण ही खुदरा व्यापार में पूंजीपतियों का



प्रवेश देश के लिए शुभ संकेत नहीं है. इससे छोटे-छोटे व्यापारियों का रोजगार छीन जाएगा. मौके पर उन्होंने सभी से आम हड़ताल को सफल बनाने की अपील की. उन्होंने बताया कि हड़ताल की पूरी तैयारी कर ली गई है. राज्य के मजदूर और किसान भी हड़ताल में शामिल होंगे. अगर केंद्र सरकार नहीं चेती तो 2029 के लिए यह हड़ताल केंद्र के लिए सिरदर्द साबित होगी. मौके पर मौजूद अन्य नेताओं ने कहा कि हडताल के दौरान कोयला क्षेत्र में उत्पादन और ढुलाई दोनों बंद रहेगा, बैंक, एलआईसी से लेकर तमाम सार्वजनिक क्षेत्र के कल कारखाने सेल, भेल, रेल से लेकर हवाई जहाज तक बनाने और उड़ने वाले मजदूर हड़ताल पर रहेंगे. देश के किसान संगठनों ने भी आम हड़ताल में शामिल होने की घोषणा की है. झारखंड में झामुमो, कांग्रेस, राजद सहित सभी वामदलों ने इस मजदूर और किसानों के हड़ताल को समर्थन दिया है. इसे लेकर झारखंड में दो घंटे का चक्का जाम होगा.

मौके पर एटक के राज्य सचिव अशोक यादव, जिला सचिव अजय कुमार सिंह, कर्मचारी संघ के सुनील साहू, बैंक एम्पलाइज एसोसिएशन के सतीश भार्गव, एआईबीए के सरफराज अहमद उपस्थित थे.

# झामुमो अपनी असफलता छुपाने के लिए केंद्र पर अनर्गल आरोप लगा रहा हैः प्रतुल

- आंकड़े बताते हैं कि केंद्र सरकार ने झारखंड को पूरी मदद की है
- विकास योजनाओं को हेमंत सरकार ने भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ा दिया

शुभम संदेश। रांची



भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने कहा कि झामुमो अपनी 6 वर्षों की सबसे असफल सरकार की विफलताओं को छुपाने के लिए केंद्र सरकार पर अनर्गल आरोप लगा रही है. प्रतुल ने कहा कि झारखंड का केंद्र सरकार ने झारखंड को 2024-25 के केंद्रीय बजट में रेलवे परियोजनाओं के लिए 9,853 करोड़ आवंटित किए हैं, जिसमें अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत रांची, हटिया, और अन्य स्टेशनों का आधुनिकीकरण शामिल है. खनन क्षेत्र में रॉयल्टी और जीएसटी के माध्यम से झारखंड को उसका उचित हिस्सा मिल रहा है. जल जीवन मिशन में व्याप्त भ्रष्टाचार के कारण झारखंड सरकार ने इस योजना को लूट की भेट चढ़ा दी है. ये योजना अभी भी राष्ट्रीय औसत में सबसे नीचे है जो शर्मनाक है. प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत 10,000 किमी से अधिक ग्रामीण सड़कें बनाई गई हैं. केंद्र की डीएमएफटी योजना के तहत झारखंड को खनन प्रभावित क्षेत्रों के विकास के लिए 2024 तक 12,000 करोड़ से अधिक की राशि प्राप्त हुई है. प्रतुल ने कहा कि केंद्र सरकार ने 2024-25 में मनरेगा के लिए 86,000 करोड़ का बजट आवंटित किया है, जिसमें झारखंड को उसकी मांग के अनुसार राशि दी जा रही है. 15वें वित्त आयोग के तहत झारखंड को 2021-26 के लिए 31,000 करोड़ से अधिक की राशि दी गई है.

### पूर्णिया की घटना अत्यंत दुखद

प्रतुल ने कहा कि पूर्णिया की घटना अत्यंत दुखद है. बिहार सरकार ने इस मामले में त्वरित कार्रवाई की है. पुलिस ने इस मामले में तुरंत एफआईआर दर्ज की और दोषियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी शुरू कर दी है. एनसीरबी के आंकड़ों के अनुसार बिहार में अपराध दर 2012–14 (यूपीए शासनकाल) की तुलना में 2024 में 30% कम हुई है. झामुमो के शासनकाल में पिछले साढे पांच वर्षों में 8000 से ज्यादा बलात्कार की घटनाएं हुई हैं, जिसमें लगभग एक तिहाई घटनाओं में आदिवासी बेटियां शिकार हुई हैं. यह आंकड़ा आबुआ सरकार की पोल खोलने के लिए काफी है.

## एक नजर

### सर जेसी अकादमी स्कूल के संयोजक अखिलेश चतुर्वेदी को गुवाहाटी में मिला सम्मान



**रांची।** ठाकुर गांव रांची में स्थित सर जेसी अकादमी स्कूल में नित्यदिन अत्याधुनिक तरीके एवं डिजिटल शिक्षा को बढ़ावा दिया जा रहा है. सत्र 2024-25 के लिए स्कूल के संयोजक अखिलेश चतुर्वेदी को शिक्षा में उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया. यह सम्मान गुवाहाटी असम के रेडिसन ब्लू में लीड स्कूल ग्रुप के सीईओ सुमित मेहता एवं दीपक हरिहरन ने प्रदान किया. इस दौरान चतुर्वेदी ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के महत्व को साझा किया. ज्ञात हो कि स्कूल के बच्चों का सीबीएसई 10वीं बोर्ड की परीक्षा में रिजल्ट शत प्रतिशत रहा तथा ज्ञात हो कि अकादमी स्कूल एनईपी 2020 के पाठ्यक्रम को उपलब्ध करता है. इस कार्यक्रम में ईस्ट जोन एक्सेलेन्स श्वेता बोरदोलोई, बारिद मुखर्जी, झारखण्ड प्रभारी आशीष कुमार, पूर्वोत्तर राज्य प्रभारी सौविक साहा इत्यादि उपस्थित थे.

### डायल 112 शिकायतों पर अब डीएसपी एसपी और एसएसपी भी रखेंगे सीधी नजर



**रांची।** आपातकालीन डायल 112 नंबर पर मिलने वाली शिकायतों पर पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी भी सीधे नजर रखेंगे. पहले जहां कंट्रोल रूम सूचना मिलने पर क्षेत्रीय पुलिस कंट्रोल रूम (पीसीआर) को घटना की जानकारी देता था, लेकिन पीसीआर वाहन की प्रतिक्रिया और कार्रवाई पर कारगर निगरानी नहीं हो पाती थी. इसे सुधारने के लिए पुलिस विभाग ने एक नया मोबाइल ऐप विकसित किया है. इस ऐप की मदद से जैसे ही कंट्रोल रूम पीसीआर को किसी घटना की सूचना भेजेगा, वहीं यह जानकारी संबंधित डीएसपी, एसपी और एसएसपी तक भी तुरंत पहुंच जाएगी. इससे उच्च अधिकारियों को हर मामले में त्वरित और पारदर्शी कार्रवाई की समीक्षा करने में मदद मिलेगी. अब अधिकारी देख पाएंगे कि पीसीआर वाहन घटना स्थल पर कब पहुंचा, वहां कितनी देर में पहुंचा और वहां क्या कार्रवाई हुई. इस पहल से पुलिस महकमा डायल 112 कॉल्स पर अधिक जवाबदेही सुनिश्चित करना चाहता है. वर्तमान में रांची में पुलिस की औसत प्रतिक्रिया समय लगभग 14 मिनट है, जिसे कम करने के लिए लगातार प्रयास हो रहे हैं. यह तकनीकी नवाचार पुलिस सेवा को अधिक प्रभावी और जनता की उम्मीदों के अनुरूप बनाएगा.

### बगैर ट्रेड लाइसेंस संचालित हो रहे 14 दुकानों को निगम ने किया नोटिस



**रांची।** नगर निगम की ओर से अपर बाजार और बूटी मोड़ क्षेत्रों में बगैर ट्रेड लाइसेंस संचालित हो रहे कई व्यवसायिक दुकानों के विरुद्ध मंगलवार को छापेमारी जांच अभियान चलाया. अभियान का नेतृत्व निगम के सहायक प्रशासक चन्द्रदीप कुमार ने की. उन्होंने कहा कि नगर निगम का यह विशेष अभियान आगे भी शहर के अन्य हिस्सों में जारी रहेगा. मौके पर अपर बाजार स्थित पांच प्रतिष्ठानों विशाल टायर, राजस्थान मोटर, शेट्टी टायर, मूलचंद जैन एंड संस और विजय टायरकी जांच की गई. वहीं बूटी मोड़ क्षेत्र में कुल 14 प्रतिष्ठानों अभय मेडिकल, शंकर नर्सरी, अन्नू इलेक्ट्रिकल, ऑटो सैलून, अश्विन अमृत तुलवा, विशाल फोम हाउस, रामा होटल, सोना स्वीट्स, एस एस प्रोफेशनल्स, माहेश्वरी स्वीट्स, प्रेमा हॉस्पिटल, बाबा कैफे, सिमरन स्टेशनरी और दवाई दोस्त का निरीक्षण किया गया. निगम ने उक्त सभी प्रतिष्ठानों के संचालकों को नोटिस जारी करते हुए आगामी तीन दिनों के भीतर ट्रेड लाइसेंस बनवाने का निर्देश दिया. जांच अभियान में मुख्य रूप से नगर प्रबंधक, निगम के कर संग्रहकर्ता और मेसर्स श्री पब्लिकेशन एंड स्टेशनर्स के कर संग्रहकर्ता शामिल थे.

### झारखंड में ठप पड़ गई है प्रशासनिक व्यवस्थाः बाबूलाल

**रांची।** नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने सूबे की प्रशासनिक व्यवस्था पर सवाल खड़े किए हैं. कहा है झारखंड में बीते कुछ दिनों से प्रशासनिक व्यवस्था ठप पड़ गई है. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अनुपस्थिति में अधिकारियों द्वारा सरकारी कार्यालयों में सारा कामकाज ठप कर सिर्फ सोशल मीडिया पर खानापूर्ति की जा रही है. खूंटी जिले के सिमडेगा-कोलेबिरा मार्ग पर पोलोल पुल भारी बारिश की वजह से ध्वस्त हो गया, जिससे आवागमन पूर्णतः बाधित हो चुका है. दो सप्ताह से अधिक समय बीतने के बावजूद जिला प्रशासन वैकल्पिक आवागमन या डायवर्जन की व्यवस्था नहीं कर पाई. इस रास्ते स्कूल आने जाने वाले बच्चों को सीढ़ी लगाकर करीब 25 फुट ऊपर पुल की चढ़ाई कर विद्यालय जाना पड़ रहा है. सीएम के ट्वीट का करना पड़ रहा है इंतजार सीएम से कहा कि यदि आम जनता की परेशानियों का निदान करने के लिए भी जिला प्रशासन को आपके ट्विटर संदेश का इंतजार करना पड़ रहा है तो सारे कार्यालयों को बंद कर देना ही उचित होगा. आपसे आग्रह है कि खूँटी उपायुक्त को अगर आपके सोशल मीडिया से निर्देश से ही उक्त रास्ते में वैकल्पिक आवागमन सुनिश्चित कराना है तो कृपया यह भी कर दीजिये ताकि बच्चों की पढ़ाई बाधित न होकर उनका भविष्य बर्बाद होने से बच जाये और आमजन को भी यातायात की असुविधा न हो.

### अग्रवाल सभा का सावन महोत्सव मेला आज से

**रांची।** अग्रवाल सभा रांची की महिला समिति की ओर से नौ से 11 जुलाई तक भव्य सावन महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है. यह आयोजन महाराजा अग्रसेन भवन में किया जाएगा, जिसमें खासतौर पर महिलाओं के लिए मेले का आयोजन होगा. यह जानकारी सभा के संजय कुमार ने मंगलवार को दी. उन्होंने बताया कि महोत्सव के अंतर्गत सावन के रंग और रक्षाबंधन पर्व को ध्यान में रखते हुए विभिन्न प्रकार के स्टॉल लगाए जाएंगे. इन स्टॉलों में राखी, परिधान, आभूषण, सजावटी वस्तुएं, फूड स्टॉल सहित कई आकर्षण शामिल होंगे. आयोजन का उद्देश्य महिलाओं को सांस्कृतिक और पारंपरिक माहौल में जोड़ना है, साथ ही स्थानीय कारीगरों और उद्यमियों को मंच प्रदान करना है.

**सर्वजन पेंशन** झारखंड सरकार की महत्वाकांक्षी योजना

# जिले के लाभुकों को जुलाई की राशि का भुगतान

शुभम संदेश। रांची

राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी सर्वजन पेंशन योजना अंतर्गत रांची जिले में पेंशनधारियों को जुलाई महीने की पेंशन राशि का भुगतान कर दिया गया है. उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री निर्देशानुसार राज्य संपोषित सर्वजन पेंशन योजना अंतर्गत जिले में कुल 2 लाख 37 हजार 555 लाभुकों के बैंक खाते में पेंशन राशि डीबीटी के माध्यम से ट्रांसफर की गयी है. मुख्यमंत्री राज्य आदिम जनजाति पेंशन योजना, एचआईवी/ एड्स पीड़ित व्यक्ति सहायतार्थ पेंशन योजना, मुख्यमंत्री राज्य वृद्धावस्था पेंशन योजना, मुख्यमंत्री राज्य निराश्रित महिला सम्मान पेंशन



योजना, स्वामी विवेकानन्द निःशक्त स्वावलंबन प्रोत्साहन योजना, ट्रांसजेंडर/तृतीय लिंग के व्यक्तियों हेतु मुख्यमंत्री राज्य सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना अंतर्गत लाभुकों के बैंक खाते में एक-एक हजार रुपये का भुगतान किया गया है.

### लाभुकों की संख्या इस प्रकार है

- मुख्यमंत्री राज्य आदिम जनजाति पेंशन योजना – 339
- एचआईवी/एड्स पीड़ित व्यक्ति सहायतार्थ पेंशन योजना – 411
- मुख्यमंत्री राज्य निराश्रित महिला सम्मान पेंशन योजना – 47474
- मुख्यमंत्री राज्य वृद्धावस्था पेंशन योजना – 169124
- स्वामी विवेकानन्द नि :शक्त स्वावलंबन प्रोत्साहन योजना – 20200
- मुख्यमंत्री राज्य सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना (ट्रांसजेंडर)– 07

### पेंशन नहीं मिली तो लाभुक अबुआ साथी पर करें शिकायत

राज्य संपोषित सर्वजन पेंशन योजना अंतर्गत रांची जिले में लाभुकों को इस वर्ष जुलाई माह तक की पेंशन राशि का डीबीटी के माध्यम से बैंक खाते में भुगतान कर दिया गया है. वैसे लाभुक जिन्हें किसी कारणवश पेंशन राशि प्राप्त नहीं हुई है, वो जन शिकायत हेतु जिला प्रशासन के व्हाट्सएप नंबर– 9430328080 अबुआ साथी पर शिकायत कर सकते हैं, प्राप्त शिकायत पर सामाजिक सुरक्षा कार्यालय द्वारा समुचित कार्यवाही की जाएगी. साथ ही संबंधित अंचल में भी आवेदन दिया जा सकता है.

# राजा राम की न्याय प्रणाली लोकतांत्रिक और पारदर्शी थीः डॉ. जेबी पांडेय

शुभम संदेश। रांची

डॉ. आनंद मोहन सिन्हा के आरा निवास पर राजा राम की न्याय प्रियता पर एक विचार गोष्ठी का आयोजन हुआ. संगोष्ठी के मुख्य वक्ता रांची विवि के पूर्व हिंदी विभागाध्यक्ष डा जंग बहादुर पाण्डेय ने कहा कि यद्यपि कि राम का जन्म त्रेता में राज परिवार रघुकुल में हुआ था, लेकिन उनकी न्याय प्रणाली लोकतांत्रिक थी. जब वे अयोध्या के राजा बने तो उनके राज में दैहिक दैविक भौतिक तापा का निर्मूलन हो गया था और समाज में समरसता परिव्याप्त थी. उन्होंने कहा कि सभी अपने धर्म का पालन वैदिक रीति से करते थे. राम के निर्णय में पारदर्शिता थी. कानून की दृष्टि में सभी समान थे. उनका आदर्श वाक्य था कि जिस राजा के राज्य में प्रजा दुखी रहती



है,वह राजा अवश्य ही नरक का अधिकारी होता है. स्वतंत्र भारत में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का सपना राम राज्य की स्थापना था. मोदी सरकार भी उसी राम राज्य के सपने को साकार करना चाहती है.

संगोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए राष्ट्रीय सागर पटना के व्यूरो चीफ दिनेश प्रसाद सिन्हा ने कहा कि आज भारत वर्ष को राजा राम की न्याय प्रणाली अपनाने की जरूरत है, तभी भारत की न्यायिक व्यवस्था चुस्त और दुरुस्त होगी. उन्होंने हनुमान चालीसा की रचना प्रक्रिया पर भी गहन प्रकाश डाला. डॉ. राम जी, डॉ. गौरीशंकर प्रधान, डॉ.पूनम कुमारी, मीरा देवी, कुमार शिवशंकर विजय नारायण, अधिवक्ता देवेन्द्र प्रसाद, अभिजीत तिवारी, संजय कुमार, हरि शंकर पाण्डेय, आशीष कुमार ,डा प्रतीक,डा ममता मिश्रा आदि ने भी अपने सारगर्भित उद्बोधन से संगोष्ठी में चार चांद लगाया।एस बी कालेज आरा की प्राचार्या डा पूनम कुमारी ने अपने गुरुदेव डा जंग बहादुर पाण्डेय को अंगवस्त्रं प्रदान कर सम्मानित किया.

## डीसी की राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक

**मेदिनीनगर।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त समीरा एस ने मंगलवार को समाहरणालय सभागार में मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की. बैठक में बूथ लेवल एजेंट (बीएलए) की नियुक्ति को लेकर चर्चा की गई. उपायुक्त ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग ने सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों को निर्देश दिया है कि वे हर बूथ के लिए बीएलए नियुक्त करें, जिससे मतदाता सूची को पारदर्शी और अद्यतन बनाया जा सके. बीएलए की जिम्मेदारी होगी कि वे मतदाता सूची में नाम जोड़ने, हटाने और संशोधन जैसे कार्यों में सहयोग करें तथा बूथ लेवल अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित करें. कहा कि जिले के पांचों विधानसभा क्षेत्रों के सभी मतदान केंद्रों पर राजनीतिक दलों को बीएलए नियुक्त करना अनिवार्य है. इसके लिए आयोग द्वारा निर्धारित बीएलए-1 और बीएलए-2 फॉर्म का प्रयोग करना होगा. जिस पर प्रतिनिधि के मूल हस्ताक्षर आवश्यक होंगे.

### कांवड़ियों की सेवा के लिए रवाना हुए आलोक मोहन सेवा स्मृति आश्रम के सेवक

# विधायक प्रकाश राम और एसपी कुमार गौरव ने दिखाई ध्वज

शुभम संदेश। लातेहार



श्रावण मास के पावन अवसर पर कांवड़ियों की सेवा के लिए आलोक मोहन सेवा स्मृति आश्रम के सेवादार और स्वयंसेवक मंगलवार को बाबाधाम देवघर के लिए रवाना हुए. स्थानीय विधायक प्रकाश राम और पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव ने उन्हें हरी झंडी दिखाकर शुभकामनाओं के साथ रवाना किया. इस मौके पर वैदिक मंत्रोच्चारण संतोष मिश्रा द्वारा किया गया और पूरा वातावरण "हर हर महादेव" व "बोल बम" के नारों से गुंजायमान हो गया.

विधायक प्रकाश राम ने इस मौके पर आश्रम के संस्थापक रामनाथ अग्रवाल और संयोजक श्याम किशोर अग्रवाल द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की. उन्होंने कहा कि जिस श्रद्धा और सेवा भावना से यह परिवार कांवड़ियों की सेवा करता है, उसका पुण्य फल पूरे लातेहार जिले को मिलता है. पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव ने भी सेवादारों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि कांवड़ियों की सेवा करना एक अत्यंत पुण्य कार्य है, जो सामाजिक एकता और धार्मिक भावना को सुदृढ़ करता है. इस अवसर पर रामनाथ अग्रवाल ने विधायक और एसपी को अंगवस्त्र व पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया. उन्होंने जानकारी दी कि 2014 से संस्था द्वारा हर साल बाबाधाम मार्ग पर सेवा शिविर लगाया जा रहा है. इस बार का शिविर बाबा दरबार से लगभग पांच किलोमीटर पहले सरासनी गांव में कांवड़ मार्ग पर लगाया जाएगा.

शिविर में कांवड़ियों के लिए जलपान, भोजन, आराम, मनोरंजन और चिकित्सा की समुचित व्यवस्था की गई है. सुबह 5 बजे से रात 11 बजे तक स्वयंसेवक सेवा में लगे रहते हैं. सुबह 5 बजे से चाय, पानी और अल्पाहार उपलब्ध कराया जाता है. 9 बजे से 11 बजे तक रामायण और महाभारत का सीधा प्रसारण किया जाएगा. इसके बाद 11 से 2 बजे तक भजन-कीर्तन, भगवती जागरण और सांस्कृतिक झांकियों का आयोजन होगा. दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक लंगर की व्यवस्था भी की गई है. साथ ही प्राथमिक चिकित्सा सुविधा भी कांवड़ियों के लिए उपलब्ध रहेगी. इस आयोजन में राजधनी प्रसाद यादव, भाजपा जिला अध्यक्ष पंकज सिंह, सांसद प्रतिनिधि अमलेश कुमार सिंह, विधायक प्रतिनिधि अनिल सिंह सहित अनेक गणमान्य लोग और स्वयंसेवक उपस्थित रहे.

## बरवाडीह एमओ के खिलाफ भाजपा ने डीसी को सौंपा ज्ञापन



प्रतिनिधि। बरवाडीह

मंगलवार को भाजपा मंडल महामंत्री मनोज प्रसाद के नेतृत्व में भाजपाइयों ने बरवाडीह के प्रखंड खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी (एमओ) रामनाथ यादव के खिलाफ लातेहार उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता के नाम एक ज्ञापन बरवाडीह बीडीओ रेशमा रेखा मिंज को सौंपा. ज्ञापन में आरोप लगाया गया है कि प्रखंड अंतर्गत विशेष रूप से विलुप्त हो रही आदिम जनजातियों (पीवीटीजी) को महीनों से राशन नहीं मिल रहा है, जो बेहद निंदनीय है. भाजपाइयों ने बताया कि 4 जुलाई को एक आदिम जनजाति समुदाय की महिला अपने 20 दिन के नवजात शिशु के साथ राशन के लिए भटकती देखी गई थी. इसके बाद प्रखंड प्रमुख सुशीला देवी द्वारा क्षेत्रीय दौरा कर यह पुष्टि की गई कि कई पीवीटीजी परिवार राशन से वंचित हैं. जबकि सरकार की 'राशन डाकिया योजना' के अंतर्गत इन्हें घर-घर राशन पहुंचाना एमओ की जिम्मेदारी है. ज्ञापन में मांग की गई है कि एक सप्ताह के भीतर लापरवाह एमओ के खिलाफ कार्रवाई हो, अन्यथा भाजपा कार्यकर्ता प्रखंड कार्यालय के समक्ष उग्र आंदोलन करेंगे, जिसकी पूरी जिम्मेदारी जिला व प्रखंड प्रशासन की होगी. साथ ही चतरा सांसद कालीचरण सिंह और जिप सदस्य कन्हाई सिंह को भी इस संबंध में ज्ञापन सौंपा गया है.

## भड़काऊ भाषण देने के मामले पर एफआईआर

**कोडरमा।** गांधी चौक पर हाल ही में मुहर्रम के जुलूस के दौरान भड़काऊ भाषण देने, डीजे का गैरकानूनी उपयोग करने और दो युवकों द्वारा पुलिस की वर्दी पहनने के मामले में कार्रवाई की गई है. दंडाधिकारी संजय कुमार ने कोडरमा थाना में शिकायत दर्ज कराई, जिसमें बताया गया कि दर्जीचक लखीबागी क्षेत्र के अनुज्ञप्तिधारी मुहर्रम जुलूस में 100 से अधिक लोग लाठी-डंडा और तलवार लेकर शामिल थे. इसमें उमर फारूक और तनवीर आलम नामक दो युवकों ने पुलिस की केमोफ्लाज वर्दी पहन रखी थी. जुलूस के दौरान एक पिकअप में डीजे साउंड बॉक्स और लाउडस्पीकर लगाए गए थे, जिनसे भड़काऊ और सामाजिक सद्भाव बिगाड़ने वाले नारे बजाए जा रहे थे. वीडियो सोशल मीडिया पर भी वायरल हुआ है, जिसमें अरमान नामक व्यक्ति पाकिस्तान का झंडा लेकर दिखा. इसके अलावा हसनैन, असलम खलिफा और अमीर खान ने डीजे के माध्यम से नफरत फैलाने वाले धार्मिक नारे लगाए.

### डीसी ने की राजस्व समीक्षा बैठक, सदर सीओ पर लगाया जुर्माना

# कार्य में पारदर्शिता और तेजी लाने का दिया निर्देश

शुभम संदेश। पलामू

उपायुक्त समीरा एस ने मंगलवार को जिले में राजस्व से संबंधित विभागों की समीक्षा बैठक की. इस दौरान उन्होंने राजस्व संग्रहण को गति देने पर जोर दिया और साफ शब्दों में कहा कि इसमें कोई भी लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी. उन्होंने कहा कि राजस्व संग्रहण जिले की कार्यप्रणाली का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है और इस कार्य में पारदर्शिता बेहद जरूरी है. बैठक के दौरान उपायुक्त ने लोगों को कर भुगतान के लिए प्रेरित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए. साथ ही म्यूटेशन (दाखिल-खारिज) के आवेदनों को तय समय सीमा से अधिक दिनों तक लंबित रखने को लेकर पांकी और सदर अंचल अधिकारियों (सीओ) पर राइट टू सर्विस एक्ट के तहत जुर्माना लगाने का निर्देश दिया गया. खनन विभाग की समीक्षा में पाया गया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में निर्धारित वार्षिक लक्ष्य 41357 लाख रुपये के मुकाबले अब तक केवल 13 प्रतिशत की वसूली हो सकी है. उपायुक्त ने खान निरीक्षक को सभी बाधाएं दूर कर राजस्व वसूली में तेजी लाने के निर्देश दिए. परिवहन विभाग की समीक्षा के दौरान यह सामने आया कि विभाग को 7608.30 लाख रुपये का वार्षिक लक्ष्य दिया गया था, जिसके विरुद्ध अब तक 2230.59 लाख रुपये की वसूली हुई है. वहीं उत्पाद विभाग के अधीक्षक ने बताया कि विभाग को 14000 लाख रुपये का लक्ष्य दिया गया है, जिसके विरुद्ध जून माह तक 3117.01 लाख रुपये की वसूली हो चुकी है, जो 22 प्रतिशत है. समीक्षा बैठक में अवर निबंधन, राष्ट्रीय बचत विभाग, नगर निगम और विद्युत आपूर्ति विभाग के कार्यों की भी समीक्षा की गई. भूमि हस्तांतरण से जुड़े मामलों में हुसैनाबाद सीओ द्वारा आवश्यक जानकारी नहीं देने पर उपायुक्त ने नाराजगी जताई और सभी अधिकारियों को निर्देश दिया कि भविष्य में किसी भी बैठक में पूरी जानकारी और प्रतिवेदनों के साथ ही भाग लें. इस समीक्षा बैठक में अपर समाहर्ता कुंदन कुमार, सदर एवं छत्तरपुर अनुमंडल पदाधिकारी, तीनों भूमि सुधार उपसमाहर्ता, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, सभी अंचल अधिकारी एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे.



## सीआरएस पोर्टल से बनवाएं जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र : डीसी

**पलामू ।** जिला प्रशासन ने फर्जी वेबसाइटों के माध्यम से बनाए जा रहे जन्म और मृत्यु प्रमाण पत्रों को लेकर सख्ती बरतनी शुरू कर दी है. इस संबंध में उपायुक्त-सह-जन्म एवं मृत्यु के जिला रजिस्ट्रार समीरा एस ने गंभीर चिंता जताई है. उन्होंने कहा कि कुछ प्रज्ञा केन्द्रों और इंटरनेट कैफे द्वारा फर्जी वेबसाइटों के माध्यम से नकली प्रमाण पत्र जारी किए जाने की शिकायतें प्राप्त हुई हैं. इससे न केवल आम जनता भ्रमित होती है, बल्कि सरकारी अभिलेखों की विश्वसनीयता पर भी असर पड़ता है. उपायुक्त ने स्पष्ट किया है कि केवल भारत सरकार के महा रजिस्ट्रार कार्यालय, नई दिल्ली द्वारा विकसित सीआरएस पोर्टल ही जन्म और मृत्यु प्रमाण पत्रों की वैधता के लिए अधिकृत वेबसाइट है. इसी पोर्टल के माध्यम से जारी किए गए प्रमाण पत्र ही सरकारी रिकॉर्ड में मान्य माने जाएंगे. प्रशासन ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, नगर निगम और नगर परिषद के सहायक नगर आयुक्त, पंचायतों के कार्यपालक पदाधिकारी, सदर अस्पताल के उपाधीक्षक, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों के प्रभारी चिकित्सक, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी और जिला जनसंपर्क पदाधिकारी को निर्देश दिया है कि वे लोगों को सिर्फ आधिकारिक पोर्टल से प्रमाण पत्र बनवाने के लिए जागरूक करें.

## नागेंद्र की मौत ने फिर जगाई सवालों की चिंगारी

प्रतिनिधि। हुसैनाबाद



पोलडीह पंचायत अंतर्गत बेदौलिया गांव में मातम पसरा है. 25 वर्षीय नागेंद्र पाठक, जो रोजगार की तलाश में मुंबई जा रहा था, ट्रेन से गिरकर दर्दनाक हादसे का शिकार हो गया. यह मौत सिर्फ एक हादसा नहीं, बल्कि उस लंबे समय से चले आ रहे पलायन की विवशता का परिणाम है, जिसमें हजारों मजदूर हर साल जान जोखिम में डालकर दूसरे राज्यों में काम करने निकलते हैं. नागेंद्र का परिवार बेहद गरीब है. मां राधा पाठक आज भी कच्चे मकान में रहती हैं. गरीबी और बेरोजगारी के कारण नागेंद्र एक ठेकेदार के साथ मुंबई जा रहा था ताकि कुछ पैसे कमा सके और परिवार को सहारा दे सके. लेकिन नियति को कुछ और ही मंजूर था. यह कहानी केवल नागेंद्र की नहीं, बल्कि हुसैनाबाद, हैदरनगर, मोहम्मदगंज और अन्य क्षेत्रों के सैकड़ों युवाओं की है जो हर साल पलायन करते हैं और कई दुर्घटनाओं का शिकार हो जाते हैं — कहीं फैक्ट्री में, कहीं सड़क पर, तो कहीं ट्रेन में. सबसे दुखद बात यह है कि राधा पाठक का परिवार आज तक किसी सरकारी योजना से लाभान्वित नहीं हुआ. न आवास मिला, न ही कोई सामाजिक सुरक्षा योजना का लाभ. माना जा रहा है कि सवर्ण जाति से होने के कारण यह परिवार उपेक्षित रह गया. प्रशासन और जनप्रतिनिधियों की संवेदनहीनता साफ दिखाई देती है, क्योंकि आज तक किसी ने इस गरीब परिवार की सुध नहीं ली. शोक व्यक्त करने पहुंचे लोगों में सतेंद्र सिंह, बैजनाथ सिंह, सनोज सिंह, पूर्व मुखिया अभय कुमार सिंह, समाजसेवी मिथलेश कुमार सिंह व रामनाथ बैठा प्रमुख थे. नागेंद्र की मौत एक हादसा जरूर है, लेकिन यह एक सिस्टम की नाकामी और पलायन की मजबूरी का कड़ा दस्तावेज भी है.

## कॉलेज में वज्रपात से सुरक्षा पर कार्यक्रम

प्रतिनिधि। महुआडांड़



मंगलवार को संत जेवियर्स महाविद्यालय, लातेहार के महुआडांड़ के सभागार में अनुमंडल पदाधिकारी (एसडीओ) बिपिन कुमार दुबे ने विद्यार्थियों को वज्रपात और ज़मीन अधिकारों से जुड़ी जानकारी दी. कार्यक्रम की शुरुआत प्राचार्य डॉ. फादर एम. के. जोश द्वारा एसडीओ के स्वागत के साथ हुई. एसडीओ दुबे ने बताया कि लाइटनिंग (बिजली चमकना) और थंडरिंग (गरजना) प्राकृतिक घटनाएं हैं, जो अक्सर साथ होती हैं. वज्रपात, विशेषकर पहाड़ी और घने जंगलों वाले इलाकों में जैसे महुआडांड़, मानव जीवन के लिए अत्यंत ख़तरनाक है. उन्होंने विद्यार्थियों को वज्रपात से बचाव के उपायों के बारे में बताया और कहा कि सभी को इनसे अवगत होना चाहिए. इसके साथ ही, उन्होंने स्थानीय आदिवासी छात्रों को ज़मीन संबंधी अधिकारों के प्रति भी जागरूक किया.

पूंजीपतियों और बाहरी लोगों द्वारा ज़मीन हड़पने की कोशिशों पर चेतावनी देते हुए उन्होंने कहा कि किसी भी हाल में अपनी ज़मीन न बेचें. खतियानी, ज़मीन का रसीद और अन्य दस्तावेज़ों की जानकारी भी साझा की. उन्होंने स्पष्ट कहा कि झारखंड की जल, जंगल, ज़मीन और पहाड़ों पर पहला हक़ यहाँ के आदिवासियों का है. कार्यक्रम का संचालन असिस्टेंट प्रोफ़ेसर रोज़ी और शेफाली प्रकाश ने किया. अंत में छात्रों ने एसडीओ दुबे को उपयोगी जानकारी देने के लिए धन्यवाद दिया.

**आक्रोश** — राज्य सरकार का इको-टूरिज्म की दिशा में बड़ा कदम

# लातेहार के तीन स्थल बने पर्यटक प्रक्षेत्र

प्रतिनिधि। लातेहार




राज्य सरकार ने लातेहार जिले की प्राकृतिक विविधता और पर्यटन क्षमता को पहचानते हुए जिले के तीन प्रमुख स्थलों को पर्यटक प्रक्षेत्र के रूप में अधिसूचित किया है. यह निर्णय झारखंड राज्य पर्यटन संवर्धन समिति की सिफारिशों के आधार पर लिया गया है. इसका उद्देश्य इन क्षेत्रों को संरचनात्मक रूप से विकसित करना, इको-टूरिज्म को बढ़ावा देना और स्थानीय लोगों के लिए रोजगार के अवसर उत्पन्न करना है.

घोषित पर्यटक स्थल मेंम चरका बांध, मोंगर है. यह स्थल प्रवासी पक्षियों का प्राकृतिक बसेरा है, जिससे यह पक्षी प्रेमियों और बर्ड फोटोग्राफरों के लिए एक प्रमुख आकर्षण बन चुका है. यहां की जैव विविधता इसे एक अनूठा इको-टूरिज्म डेस्टिनेशन बनाती है. दूसरा उदयपुरा कोमो पहाड़ी है. यह हरियाली और पहाड़ी सौंदर्य से परिपूर्ण यह क्षेत्र ट्रेकिंग प्रेमियों के लिए आदर्श है. यहाँ की शांत और सुरम्य वादियाँ पर्यटकों को प्रकृति से जुड़ने का अवसर प्रदान करती हैं. तीसरा ललमटिया डैम है. यह डैम नौका विहार, सौंदर्यीकरण और रोजगार सृजन की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण माना गया है. यहां की संरचनात्मक सुंदरता और पर्यटन सुविधाएँ इसे परिवारिक पिकनिक स्थल के रूप में विकसित कर रही हैं. इस अधिसूचना की तैयारी में जिला पर्यटन पदाधिकारी संजीत कुमार की तकनीकी निगरानी और पर्यटन विशेषज्ञ अभिजीत कुमार की शोध आधारित प्रस्तुति ने निर्णायक भूमिका निभाई. इन स्थलों के चयन में पारिस्थितिक महत्व, सांस्कृतिक संदर्भ और संभावित पर्यटन मूल्य का गहन मूल्यांकन किया गया. चरका बाँध की जैव विविधता, कोमो पहाड़ी का हरित वैभव और ललमटिया डैम की आकर्षक संरचना लातेहार को एक जीवंत, विविधतापूर्ण और स्थायी पर्यटन अनुभव प्रदान करने में सक्षम बनाते हैं.

## कार व बाइक की टक्कर में फेरीवाले की हुई मौत

**मेदिनीनगर।** सलगस झालखंडी पुल के पास मेदिनीनगर-पांकी मुख्य मार्ग पर सड़क दुर्घटना में एक फेरीवाला नीरज चन्द्रवंशी की मौत हो गई. नीरज बाइक पर श्रीकांत कुमार के साथ पांकी से लौट रहा था, तभी विपरीत दिशा से आ रही कार ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी. इस हादसे में नीरज गंभीर रूप से घायल हो गया और बाद में रिम्स रांची ले जाते समय उसकी मौत हो गई. दूसरी ओर, श्रीकांत कुमार जख्मी है और उसका इलाज जारी है. नीरज तरहसी थाना क्षेत्र के कुम्हराडीह गांव का निवासी था और साबुन-सर्फ की फेरी लगाकर अपनी रोजी-रोटी कमाता था. उसकी पत्नी की एक साल पहले बीमारी के कारण मृत्यु हो चुकी है, जिसके बाद उसके तीन बच्चे अनाथ रह गए हैं. घटना के बाद कार चालक वाहन को बांदूबार में छोड़कर फरार हो गया. पांकी पुलिस ने दोनों वाहनों को जब्त कर लिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है.

## एक नजर

### राजद में शामिल होंगे लोकहित अधिकार पार्टी के नेता



**लातेहार।** झारखंड की राजनीति में बड़ा बदलाव होने जा रहा है. लोकहित अधिकार पार्टी के पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष राजू रंजन प्रसाद ने एक प्रेस विज्ञप्ति में जानकारी दी है कि पार्टी के कई दिग्गज नेता 13 जुलाई को राष्ट्रीय जनता दल (राजद) में शामिल होंगे. यह शामिली झारखंड प्रदेश राजद कार्यालय, रांची में आयोजित कार्यक्रम में होगी. इस कार्यक्रम में राजद झारखंड के प्रदेश अध्यक्ष सह विधायक संजय सिंह यादव, झारखंड सरकार के कैबिनेट मंत्री सह विधायक संजय प्रसाद यादव तथा राजद बिहार के प्रधान महासचिव सह विधायक रणविजय साहू मौजूद रहेंगे. पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सुनील साहू के नेतृत्व में लातेहार, हजारीबाग, चतरा, गिरिडीह, रांची, जमशेदपुर, बोकारो, पलामू, गढ़वा, चाईबासा, साहेबगंज, धनबाद, गोड्डा, खूँटी, सरायकेला, दुमका, लोहरदगा, रामगढ़, जामताड़ा, सिमडेगा और देवघर जिलों से सैकड़ों समर्थक इस मौके पर राजद की सदस्यता ग्रहण करेंगे. लातेहार से बलराम प्रसाद साहू, हजारीबाग से कुंज बिहारी साव, चतरा से संजय कुमार स्नेही, जमशेदपुर से मनोज गुप्ता, गिरिडीह से भागवत साह, पलामू से अशोक प्रसाद साहू, रांची से हिरालाल साहू, गोड्डा से जय प्रकाश दास सहित अन्य जिलों से प्रमुख नेताओं की उपस्थिति रहेगी. चुनावों से पहले झारखंड की राजनीति में राजद को एक नई ताकत दे सकती है.

### मवेशी चराने निकले वृद्ध की डैम में डूबने से मौत

**छतरपुर।** थाना क्षेत्र के गोसाईडीह गांव में एक वृद्ध की डूबने से मौत हो गई. मृतक की पहचान 60 वर्षीय रामसुंदर यादव के रूप में हुई है, जो स्व. सम्प्पत यादव के पुत्र थे. रामसुंदर यादव रोजाना की तरह सोमवार को अपने मवेशियों को चराने के लिए निकले थे, लेकिन देर शाम तक वापस नहीं लौटे. परिजनों ने उनकी काफी खोजबीन की, मगर कोई सुराग नहीं मिला. मंगलवार सुबह राहगीरों ने बटाने डैम में एक शव को पानी में तैरते देखा, जिसकी सूचना तुरंत स्थानीय लोगों और परिजनों को दी गई. मौके पर पहुंचे परिजनों ने शव की पहचान रामसुंदर यादव के रूप में की. घटना की जानकारी मिलते ही छतरपुर थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मेदिनीनगर भेज दिया. इस दुखद घटना से गांव में शोक की लहर है और परिजन गहरे सदमे में हैं. पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी है. प्रारंभिक तौर पर यह एक दुर्घटना मानी जा रही है, हालांकि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो सकेगी.

### राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन के तहत बीज वितरण



**लातेहार।** महुआडांड़ प्रखंड कृषि तकनीकी केंद्र, महुआडांड़ में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन के तहत किसानों के बीच बीज वितरण कार्यक्रम चलाया जा रहा है. इस कार्यक्रम के तहत प्रखंड के विभिन्न पंचायतों के किसानों को मकई, उरद, बदाम और मडुवा के बीज दिए जा रहे हैं. कार्यक्रम के अनुसार प्रत्येक लाभुक किसान को दो किलो उरद बीज दिया जा रहा है. कुल 14 क्विंटल उरद बीज का वितरण किया जाना है. इसी तरह हर किसान को 10 किलो बदाम बीज उपलब्ध कराया जा रहा है, जिसके तहत कुल 30 क्विंटल बदाम बीज बांटे जा रहे हैं. मकई बीज की बात करें तो एक किसान को चार किलो दिया जा रहा है, और कुल 20 क्विंटल बीज का वितरण किया जाना है. वहीं, मडुवा बीज के तहत प्रत्येक किसान को चार किलो बीज दिया जा रहा है, जिसमें कुल 13 क्विंटल मडुवा बीज का वितरण निर्धारित है. इस अभियान की जानकारी देते हुए कृषि पदाधिकारी रणजीत कुमार ने बताया कि किसानों का चयन 'ब्लॉक चयन टेक्नोलॉजीऐप' के माध्यम से किया गया है. किसानों का आधार कार्ड रजिस्ट्रेशन कर बीज वितरित किया जा रहा है.

### छात्र अधिकारों के हनन पर भड़का आजसू छात्र संघ



**मेदिनीनगर।** नीलांबर-पीतांबर विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा परिसर से 500 मीटर के दायरे में धरना-प्रदर्शन पर रोक लगाने के आदेश का आजसू छात्र संघ ने कड़ा विरोध किया है. प्रशासन ने प्रदर्शन के लिए जीएलए कॉलेज के फुटबॉल मैदान को निर्धारित किया है. छात्र नेता अभिषेक राज ने इस आदेश को छात्रों के लोकतांत्रिक अधिकारों का उल्लंघन बताया है. उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय छात्रों की समस्याओं और मांगों की आवाज़ उठाने का मंच है. ऐसे आदेश छात्रों की आवाज़ को दबाने का प्रयास हैं, जिसे छात्र किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं करेंगे. उन्होंने मांग की कि विवि प्रशासन इस आदेश को तुरंत वापस ले, अन्यथा छात्र संघ लोकतांत्रिक ढंग से बड़ा आंदोलन करेगा.


### मुरपा में खड़े ट्रक से 300 लीटर डीजल चोरी

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र में डीजल चोरों के हौसले इतने बुलंद हो चुके हैं कि अब उन्हें सीसीटीवी कैमरों का भी कोई डर नहीं रह गया है. ताजा मामला मुरपा से सामने आया है, जहां दिनदहाड़े अज्ञात चोरों ने एक खड़े चौदह चक्का ट्रक से लगभग 300 लीटर डीजल चोरी कर लिया. जानकारी के अनुसार, ट्रक संख्या WB 65C 6956 में कानपुर से चीनी लोड कर रांची ले जाई जा रही थी. ट्रक चालक तोहिद अंसारी, जो मुरपा का रहने वाला है, बालूमाथ पेट्रोल पंप से डीजल भरवाकर अपने घर पहुंचा था. ट्रक को मुरपा पेट्रोल पंप के पास खड़ा कर वह मुहर्रम मनाने घर चला गया था. अगले दिन जब वह ट्रक लेकर रांची के लिए रवाना होने पहुंचा, तो ट्रक स्टार्ट नहीं हुआ. जांच में पता चला कि डीजल टैंक पूरी तरह खाली था.

### लातेहार में फर्जी जन्म प्रमाण पत्र बनाने का धंधा बढ़ा

**लातेहार।** जिले में फर्जी जन्म प्रमाण पत्र बनाने का धंधा तेजी से फैल रहा है. बच्चों के आधार कार्ड बनने और स्कूल में नामांकन के लिए जन्म प्रमाण पत्र अनिवार्य होने के कारण लोग मजबूरी में भारी रकम देकर फर्जी दस्तावेज बनवा रहे हैं. एक जन्म प्रमाण पत्र के लिए दो हजार रुपए तक वसूले जा रहे हैं. खासतौर पर उन बच्चों के लिए जिनका जन्म गांव में घर पर हुआ है, उनके लिए उत्तर प्रदेश के किसी अस्पताल में जन्म दिखा कर उत्तर प्रदेश सरकार के नाम से प्रमाण पत्र जारी करवाए जा रहे हैं. लातेहार के जुबली चौक, पुराना बस स्टैंड और कई अन्य इलाकों के प्रज्ञा केंद्रों और ऑनलाइन दुकानों पर यह अवैध धंधा फल-फूल रहा है. महुआडांड़ प्रखंड के ग्राम चुटिया में भी इस तरह के कई मामले सामने आए हैं. विरसमुनि ने बताया कि अपने के जन्म प्रमाण पत्र की जरूरत थी.

### संत जेवियर्स फुटबॉल टूर्नामेंट में सरनाडीह जीता



**लातेहार।** जिला अंतर्गत महुआडांड़ प्रखंड के चैनपुर पंचायत स्थित ग्राम पोटमाडीह खजूरताला में हर वर्ष की तरह इस बार भी संत जेवियर्स फुटबॉल टूर्नामेंट का भव्य आयोजन किया गया. इस टूर्नामेंट की शुरुआत 20 जून से हुई, जिसमें छेछाड़ी घाटी समेत आसपास के क्षेत्रों की कुल 79 टीमों ने भाग लिया. सोमवार को टूर्नामेंट का फाइनल मैच खेला गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व खेल शिक्षक बेरनेट तिग्गा और विशिष्ट अतिथि अजीत पाल कुजुर मौजूद थे. फाइनल मुकाबला सरनाडीह और सेम्बरबुढ़नी की टीमों के बीच खेला गया. मुकाबला कड़ा और रोमांचक रहा, जिसमें सरनाडीह की टीम ने एक गोल से जीत दर्ज कर टूर्नामेंट की ट्रॉफी अपने नाम की. टूर्नामेंट में प्रथम स्थान पर रही सरनाडीह की टीम, वहीं द्वितीय स्थान सेम्बरबुढ़नी को मिला. तीसरे स्थान पर ग्राम पोटमाडीह और चौथे स्थान पर ग्राम चटकपुर की टीम रही. सभी विजेता टीमों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया.

## ब्रीफ न्यूज

### तिलैया डैम ओपी में प्रेम कुमार बने नए प्रभारी

**कोडरमा।** तिलैया डैम ओपी में पुलिस प्रशासन ने बड़ा बदलाव किया है. पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह ने एसआई नवीन कुमार को ओपी प्रभारी के पद से हटाते हुए तत्काल प्रभाव से पुलिस लाइन में स्थानांतरित कर दिया है. उनके स्थान पर एसआई प्रेम कुमार को तिलैया डैम ओपी का नया प्रभारी नियुक्त किया गया है. इस बदलाव को पुलिस विभाग में अनुशासन और कार्यक्षमता को बेहतर बनाने की दिशा में उठाया गया कदम माना जा रहा है. पुलिस सूत्रों के अनुसार, ओपी के कामकाज में सुधार और कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से यह निर्णय लिया गया है.

### कांग्रेस नेता मुन्ना सिंह पीड़ितों से मिले

**हजारीबाग।** कांग्रेस नेता और पूर्व सदर विधानसभा प्रत्याशी मुन्ना सिंह ने मंगलवार को जन सरोकारों से जुड़े दो अहम मुद्दों पर सक्रिय भूमिका निभाई. उन्होंने तुरांव गांव में झुलसे पीड़ितों से शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मुलाकात की. मरीजों के परिजनों से बातचीत कर उन्हें ढांढस बंधाया और भरोसा दिलाया कि संकट की इस घड़ी में कांग्रेस उनके साथ है. मुन्ना सिंह ने अस्पताल अधीक्षक डॉ. अनुकरण पूर्ति से मिलकर इलाज में कोई कमी न होने देने की मांग की. उन्होंने कहा कि कांग्रेस की आत्मा मानवीय पीड़ा में साथ खड़े रहना है. इसी क्रम में मुन्ना सिंह ने लाखे मुख्य सड़क की बदहाली का भी जायजा लिया. उन्होंने सड़क पर जल-जमाव और गंदगी की स्थिति को लेकर स्थानीय लोगों से फीडबैक लिया.

### सच्चिदानंद कुमार बने पचड़ा पैक्स अध्यक्ष, बड़ी जीत

**केरेडारी।** प्रखंड के पचड़ा पंचायत में हुए पैक्स चुनाव में सच्चिदानंद कुमार ने 81 मतों के अंतर से शानदार जीत दर्ज की है. उन्हें कुल 197 मत मिले, जबकि उनके निकटतम प्रतिद्वंदी मुरारी महतो को 116 मत प्राप्त हुए. कुल 324 मत डाले गए, जिनमें से 11 मत रद्द कर दिए गए. सच्चिदानंद की इस जीत में उनके परिवार, विशेष रूप से पिता देवनंदन महतो का अहम योगदान रहा. उन्होंने पूरे चुनाव के दौरान पुत्र का पूर्ण समर्थन किया. जीत के बाद सच्चिदानंद ने कहा कि वे किसानों की समस्याओं को समझकर उन्हें हर संभव मदद दिलाने का प्रयास करेंगे. उनकी इस जीत से पंचायत के किसान व ग्रामीण काफी उत्साहित हैं. चुनाव के दौरान निर्वाचन पदाधिकारी श्री भूतनाथ महतो, सहायक निर्वाचन पदाधिकारी श्री स्वरूप नारायण सिंह, पंचायत मुखिया महेश प्रसाद समेत कई जनप्रतिनिधि और ग्रामीण उपस्थित थे. सच्चिदानंद की यह जीत पंचायत में एक नई उम्मीद के रूप में देखी जा रही है.

## विभावि में रिसर्च मेथडोलॉजी विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन

# शोधार्थियों को शोध पद्धति की दी व्यावहारिक जानकारी

**शुभम संदेश। हजारीबाग**




विनोबा भावे विश्वविद्यालय के स्नातकोत्तर मनोविज्ञान विभाग द्वारा ₹रिसर्च मेथडोलॉजी₹ विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन मंगलवार को सीवी रमन विज्ञान भवन के आर्यभट्ट सभागार में हुआ. यह कार्यशाला उच्च शिक्षा निदेशालय, रांची के सहयोग से आयोजित की गई, जिसका मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को आधुनिक अनुसंधान पद्धतियों, सैद्धांतिक अवधारणाओं और सांख्यिकीय उपकरणों की व्यावहारिक जानकारी देना था. कार्यशाला के उद्घाटन सत्र में वनस्पति विज्ञान विभाग के सेवानिवृत्त प्राध्यापक प्रो. पी.के. मिश्रा ने ₹शोध की बुनियादी प्रविधियाँ और नैतिकता₹ विषय पर व्याख्यान देते हुए शोध में मौलिकता, नैतिक जिम्मेदारी और डेटा संग्रहण की वैज्ञानिक प्रक्रिया पर विस्तार से चर्चा की. उन्होंने शोध को केवल तथ्यों का संकलन न मानते हुए इसे समाज के प्रति एक बौद्धिक उत्तरदायित्व बताया. सत्र का धन्यवाद ज्ञापन अंग्रेजी विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ. गंगानाथ सिंह ने किया. उन्होंने शोध में अंतर्विषयक दृष्टिकोण, भाषा की सटीकता और सामाजिक संदर्भों को महत्व देने की बात कही.

कार्यशाला के द्वितीय सत्र में बी.एन. मंडल विश्वविद्यालय, मधेपुरा (बिहार) के मनोविज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. इंतेखाबुर रहमान ने SPSS सॉफ्टवेयर की तकनीकी विशेषताओं और उसकी शोध में भूमिका पर व्याख्यान दिया.

उन्होंने SPSS के विभिन्न मॉड्यूल्स, डेटा एनालिसिस की विधियाँ, पैरामीट्रिक और नॉन-पैरामीट्रिक परीक्षणों की जानकारी दी. उन्होंने विश्वविद्यालय स्तर पर सांख्यिकीय सॉफ्टवेयर आधारित पाठ्यक्रम को अनिवार्य बनाने की आवश्यकता पर भी बल दिया. तीसरे और अंतिम सत्र में विज्ञान संकाय के डीन डॉ. एच.एन. सिन्हा ने ₹पायलट स्टडी₹ की अवधारणा पर विस्तृत प्रस्तुति दी. उन्होंने बताया कि किसी भी शोध के पूर्व परीक्षण यानी पायलट स्टडी की वैज्ञानिकता शोध की गुणवत्ता सुनिश्चित करने में सहायक होती है.

कार्यशाला में कुल 162 प्रतिभागियों ने पंजीकरण कराया. कार्यक्रम का संचालन मनोविज्ञान विभाग की अनु वर्मा और कुमारी प्रियंका ने किया. इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. सादिक रज्जाक, मानविकी संकायाध्यक्ष प्रो. डॉ. मिथिलेश कुमार सिंह, वित्त परामर्शी डॉ. अखिलेश झा, जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ. सुकल्याण मोइत्रा, मनोविज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. सबिता शीतल, डॉ. परीक्षित लायक सहित विभिन्न संकायों और कॉलेजों से अनेक प्राध्यापक एवं शोधार्थी उपस्थित रहे. कार्यशाला के समापन सत्र का धन्यवाद ज्ञापन शिक्षाशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ. तनवीर यूनुस ने करते हुए आयोजन समिति, वक्ताओं और सभी प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त किया. उन्होंने इस प्रकार की शैक्षणिक पहल को विद्यार्थियों के शोध कौशल को उन्नत करने की दिशा में एक सार्थक कदम बताया.

## धरने पर बैठे सांसद मनीष जायसवाल की सख्ती का हुआ असर

# हरकत में आई कंपनी, युद्धस्तर पर मेढ़ का निर्माण कार्य शुरू

**शुभम संदेश। हजारीबाग**



एनटीपीसी की चट्टीबरियातू कोल माइंस परियोजना एक बार फिर विवादों के केंद्र में है. इस बार विवाद की वजह बनी है आउटसोर्सिंग कंपनी ऋत्विक द्वारा ग्रामीणों की भावनाओं और सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों की अनदेखी करते हुए चट्टीबरियातू गांव स्थित ऐतिहासिक बड़ा तालाब (लातो आहर) की मेढ़ को काटने और उसमें अवैध ड्रिलिंग के माध्यम से पानी निकालने की कार्रवाई. यह घटना सोमवार रात करीब दो बजे सामने आई, जब ग्रामीणों ने कंपनी द्वारा गुपचुप तरीके से किए जा रहे इस कार्य को पकड़ लिया और विरोध शुरू कर दिया.

ग्रामीणों के अनुसार, जैसे ही उन्हें पोकलेन मशीन के जरिए तालाब में तोड़फोड़ की जानकारी मिली, वे त्वरित रूप से मौके पर पहुंचे और काम को रोक दिया. आक्रोशित ग्रामीणों के विरोध के चलते मौके पर मौजूद मशीन चालक व कर्मचारी भाग खड़े हुए. इसके बाद ग्रामीणों ने सामूहिक रूप से मंगलवार सुबह हजारीबाग के सांसद मनीष जायसवाल को इस घटना की सूचना दी. सूचना मिलते ही सांसद जायसवाल तुरंत चट्टीबरियातू पहुंचे और विवादित तालाब का स्थलीय निरीक्षण किया. निरीक्षण के दौरान उन्हें जानकारी मिली कि यह तालाब चट्टीबरियातू सहित नावाडीह, पगार, भुइयांटोली जैसे आसपास के कई गांवों के लिए स्नान, धोने और सिंचाई का एकमात्र स्रोत है. ऐसे में तालाब के साथ छेड़छाड़ ग्रामीणों के जीवन और आजीविका पर सीधा असर डालती है.

मुआयना करने के बाद सांसद जायसवाल गांव के मंदिर प्रांगण पहुंचे और वहां मौजूद सैकड़ों ग्रामीणों से विस्तृत चर्चा की. इसके उपरांत उन्होंने एनटीपीसी कोल माइंस परियोजना के प्रमुख सी.वी. नवीन से मोबाइल पर बात कर इस पूरे घटनाक्रम की जानकारी दी और उन्हें स्पष्ट शब्दों में निर्देशित किया कि जब तक तालाब में काटी गई मेढ़ को फिर से नहीं भरा जाता और ड्रिलिंग बंद नहीं की जाती, तब तक वे स्वयं ग्रामीणों के साथ धरने पर बैठे रहेंगे. सांसद ने यह भी चेतावनी दी कि यदि कंपनी ने ग्रामीणों की भावनाओं के विरुद्ध कार्य करना जारी रखा, तो वे एक जनप्रतिनिधि के रूप में हर स्तर पर इसका विरोध करेंगे. उन्होंने यह भी कहा कि कंपनी को जबरदस्ती के बजाय आपसी सहमति और भाईचारे की भावना के साथ काम करना चाहिए. सांसद के सख्त तेवर के चलते ऋत्विक कंपनी हरकत में आई और युद्धस्तर पर मेढ़ के निर्माण का काम शुरू कर दिया गया. ग्रामीणों ने सांसद की तत्परता और मजबूती की सराहना की है.

वहीं धरना स्थल पर सांसद मनीष जायसवाल के साथ कई स्थानीय जनप्रतिनिधि और भाजपा व आजसू पार्टी के नेता भी मौजूद रहे, जिनमें सत्येंद्र नारायण सिंह, रंजन चौधरी, पूनम साहू, जुगनू सिंह, रंजीत मेहता, उपेंद्र सिंह, महेंद्र सिंह, नरेश महतो, शिबू मेहता, नारायण यादव, प्रकाश गुप्ता, प्रीतम साहू, बालगोविंद सोनी, अमित कुमार गुप्ता, पंकज साहा, कंचन यादव, संजय दुबे और अन्य शामिल थे. इसके अतिरिक्त सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण धरना स्थल पर डटे हुए हैं. इस घटनाक्रम ने एक बार फिर यह दर्शा दिया है कि यदि कंपनियां जनभावना की अनदेखी करेंगी, तो स्थानीय जनप्रतिनिधि और जनता मिलकर उनके खिलाफ मुखर होंगे. अब यह देखना महत्वपूर्ण होगा कि एनटीपीसी और ऋत्विक कंपनी इस जनआंदोलन के दबाव में क्या कदम उठाते हैं.

### झारखंड राज्य खाद्य आयोग अध्यक्ष का चतरा दौरा



**चतरा।** झारखंड राज्य खाद्य आयोग की प्रभारी अध्यक्ष-सह-सदस्य। शबनम परवीन ने मंगलवार को चतरा जिले का दौरा किया. इस दौरान उन्होंने राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम-2013 के अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की. परिसदन भवन में आयोजित बैठक में उन्होंने जिला एवं पंचायत स्तर पर योजनाओं की प्रगति, शिकायतों के निष्पादन, तथा आकस्मिक खाद्यान्न कोष के उपयोग की जानकारी ली.समीक्षा बैठक में परवीन ने स्पष्ट निर्देश दिए कि लाभुकों को समय पर और पारदर्शी ढंग से लाभ मिलना चाहिए.

### स्कॉर्पियो वाहन चोरी पुलिस कर रही जांच

**रामगढ़।** रजरप्पा थाना क्षेत्र अंतर्गत चितरपुर स्थित रजरप्पा मोड़ से अज्ञात चोरों ने एक स्कॉर्पियो वाहन की चोरी कर ली. वाहन मालिक रंजीत प्रसाद, पिता शिव शंकर प्रसाद ने रजरप्पा थाना में अज्ञात चोरों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है. उनके अनुसार 8 जुलाई की रात करीब 1 बजे उनके पुत्र विवेकानंद प्रसाद ने स्कॉर्पियो को घर के सामने खड़ा कर सो गए थे. सुबह उठने पर वाहन गायब पाया गया. परिजनों ने घर में लगे सीसीटीवी कैमरे की जांच की तो दो संदिग्ध युवक वाहन चुराकर ले जाते नजर आए. इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई. रंजीत प्रसाद ने थाना में आवेदन देकर चोरों की गिरफ्तारी और वाहन की बरामदगी की मांग की है. सूचना मिलते ही रजरप्पा थाना प्रभारी कृष्ण कुमार मौके पर पहुंचे.

## एक नजर

### झुमरीतिलैया नप का किताब दान अभियान शुरू



**कोडरमा।** झुमरीतिलैया नगर परिषद समाजिक उत्तरदायित्व की भावना को प्रोत्साहित करने हेतु 7 जुलाई से 19 जुलाई 2025 तक ₹कपड़ा एवं किताब दान अभियान₹ चला रही है. इस अभियान के अंतर्गत नगर परिषद द्वारा प्रत्येक वार्ड में दान कैम्प लगाए जा रहे हैं, जहाँ नागरिक प्रातः 10 बजे से सायं 5 बजे तक अपने पुराने लेकिन उपयोगी कपड़े और किताबें दान कर सकते हैं. इस पहल का उद्देश्य जरूरतमंदों तक सहायता पहुँचाना है ताकि उनके जीवन में आशा की एक नई किरण जलाई जा सके. नगर परिषद ने सभी 28 वार्डों में निर्धारित तिथि को अलग-अलग स्थानों पर दान कैम्प लगाने की व्यवस्था की है. यह एक सामूहिक प्रयास है जिससे समाज के वंचित वर्ग को राहत मिल सकेगी. नगर परिषद सभी नागरिकों से अपील करती है कि वे बढ़-चढ़कर इस नेक कार्य में भाग लें और समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाएं.

### महेन्द्र दास की द्वितीय पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा



**जयनगर।** प्रखंड के चदरा पिपराडीह गांव में मंगलवार को सामाजिक व राजनीतिक क्षेत्र में सक्रिय रहे स्वर्गीय महेन्द्र दास की द्वितीय पुण्यतिथि श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई. इस अवसर पर उनके चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई. कार्यक्रम में क्षेत्र के सैकड़ों लोग शामिल हुए और दिवंगत महेन्द्र दास के जीवन मूल्यों व समाजसेवा के प्रति उनके समर्पण को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी. श्रद्धांजलि सभा में बसपा जिला अध्यक्ष प्रकाश अंबेडकर, राजकुमार पासवान, अरमान खान, पूर्व मुखिया भोला यादव, अशोक यादव, महावीर शर्मा, डॉ. कैलाश प्रसाद, उपमुखिया चंदन मोदी, जाकिर हुसैन, राजेंद्र दास, महेश दास, सुखदेव यादव, सुरेंद्र रजक, सचिन मोदी, बलदेव रजक, चेतलाल साहू, विवेक साव, राजू दास, विपिन दास, प्रवीण दास और मीणा देवी सहित कई सामाजिक, राजनीतिक व बुद्धिजीवी वर्ग के लोग उपस्थित रहे. सभी ने महेन्द्र दास के योगदान को सराहते हुए उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित की.

### मुहर्रम पर शहीदे आजम कॉन्फ्रेंस का आयोजन



**जयनगर।** मुहर्रम के पाक मौके पर योगियाटीला पंचायत अंतर्गत गरचांच गांव में शहीदे आजम कॉन्फ्रेंस का आयोजन बड़े ही अदब और अकीदत के साथ किया गया. इस आयोजन में बड़ी संख्या में अकीदतमंदों ने हिस्सा लिया और इमाम हुसैन (अ.स) और उनके वफादार साथियों की कुर्बानी को याद किया गया. कार्यक्रम के मुख्य वक्ता मौलाना जावेद नज़मी (बोकारो) ने अपने संबोधन में कहा कि कर्बला की घटना सिर्फ एक जंग नहीं थी, बल्कि यह हक और बातिल के बीच निर्णायक मुकाबला था. उन्होंने कहा कि इमाम हुसैन (अ.स) ने उसूलों के लिए अपनी जान कुर्बान कर दी, लेकिन जुल्म के आगे झुकना मंजूर नहीं किया. उन्होंने यह भी कहा कि कर्बला सिर्फ 72 लोगों की कुर्बानी नहीं, बल्कि इंसानियत, इखलाक और हिम्मत की जीत थी. मौलाना ने युवाओं से अपील की कि कर्बला के असल पैग़ाम को समझें और उसे अपनी ज़िंदगी में अपनाएं. उन्होंने कहा कि आज के दौर में जब इंसानियत संकट में है, तब कर्बला का पैग़ाम और भी ज्यादा अहम हो गया है. कार्यक्रम का संचालन अब्दुल वाहिद ने किया. इस मौके पर शायर दिलबर शाही, ज़मजम फतेहपुरी, तबारक अंजुम सहित कई अन्य गणमान्य उपस्थित रहे. वक्ताओं ने ऐसे आयोजनों को भाईचारे और सांप्रदायिक सौहार्द बढ़ाने वाला बताया.

### चौपारण में केशरवानी महिला समिति का गठन



**चौपारण।** चौपारण प्रखंड स्थित केशरवानी आश्रम परिसर में सोमवार को केशरवानी महिला समिति का गठन किया गया. इस अवसर पर सर्वसम्मति से सुषमा केसरी को समिति की अध्यक्ष चुना गया. उपाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी संगीता केसरी को दी गई, जबकि सचिव के रूप में उमा केसरी और उप सचिव के रूप में अनीता केसरी को चयनित किया गया. कोषाध्यक्ष की भूमिका सोनी केसरी निभाएंगी, वहीं सह कोषाध्यक्ष के रूप में संध्या केसरी और अंजनी केसरी को नियुक्त किया गया. समिति की वैवाहिक मंत्री प्रभा देवी को बनाया गया है. समिति को सक्रिय और प्रभावशाली बनाने के उद्देश्य से कई महिलाओं को सदस्य के रूप में शामिल किया गया है, जिनमें प्रीति केसरी, आरती केसरी, ज्योति केसरी, सुमन केसरी, किरण केसरी और श्वेता केसरी प्रमुख हैं. गठन के अवसर पर उपस्थित समाज के वरिष्ठजनों और स्थानीय नागरिकों ने सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई दी और आशा जताई कि यह समिति महिला सशक्तिकरण, सामाजिक जागरूकता और जनसेवा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान देगी. कार्यक्रम के दौरान समिति की भावी योजनाओं और समाज सेवा से जुड़ी गतिविधियों पर विस्तार से चर्चा की गई.

## मजदूर विरोधी सरकार को देना होगा जवाबः चंद्रेश्वर सिंह

**शुभम संदेश। रामगढ़**



रामगढ़। 9 जुलाई को प्रस्तावित देशव्यापी हड़ताल को सफल बनाने के उद्देश्य से रजरप्पा कोल वाशरी और वेस वर्कशॉप सहित विभिन्न स्थानों पर जोरदार पीट मीटिंग का आयोजन किया गया. इस दौरान वक्ताओं ने केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि मौजूदा सरकार मजदूरों के अधिकारों को छीनने का काम कर रही है. वक्ताओं ने कहा कि सरकार ने 44 श्रम कानूनों को खत्म कर केवल चार श्रम संहिता (लेबर कोड) लागू किए हैं, जिससे केवल पूंजीपतियों को फायदा होगा और मजदूरों का शोषण बढ़ेगा. इससे न केवल मजदूरों की आजीविका संकट में आएगी, बल्कि उन्हें गुलाम बनाने की साजिश भी तेज होगी. बैठक की अध्यक्षता संयुक्त मोर्चा के अध्यक्ष चंद्रेश्वर सिंह ने की. उन्होंने कहा कि यह समय एकजुटता का है और देशभर के मजदूरों को इस मजदूर विरोधी सरकार के खिलाफ आवाज बुलंद करनी होगी. उन्होंने मजदूरों से अपील की कि वे 9 जुलाई की हड़ताल में पूरी ताकत से भाग लें और इसे ऐतिहासिक बनाएं, ताकि सरकार को मज़दूरों की ताकत का अहसास हो सके.

## सड़क किनारे मिला सुरक्षा गार्ड का शव

**संवाददाता। जयनगर**



परसाबाद क्षेत्र में उस वक्त सनसनी फैल गई जब दिल्ली पब्लिक स्कूल, परसाबाद में कार्यरत सुरक्षा गार्ड शिवशंकर यादव (55) का शव सड़क किनारे मिला. हजारीबाग जिले के तिलरा गांव निवासी शिवशंकर रोजाना की तरह मॉर्निंग वॉक के लिए निकले थे. विद्यालय के प्राचार्य कृष्णकांत सिंह ने बताया कि वे शुगर के मरीज थे और संभवतः हार्ट अटैक आने के कारण सड़क पर गिर पड़े, जिससे उनकी मौत हो गई. घटना की सूचना पर थाना प्रभारी बब्लू कुमार सिंह व अन्य पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे और जांच की. इस बीच मृतक के परिजन भी पहुंच गए और उन्होंने स्कूल प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि शिवशंकर की हत्या स्कूल परिसर में की गई और शव को सड़क किनारे रखकर हादसे का रूप देने की कोशिश की गई. उनका यह भी आरोप है कि विद्यालय प्रशासन द्वारा उन्हें मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा था. घटना के बाद मृतक के गांव से बड़ी संख्या में लोग वहां पहुंचे और शव उठाने से मना कर दिया.

**निर्देश** | शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक में उपायुक्त कीर्ति श्री जी ने कहा

# सभी पात्र विद्यार्थियों का बैंक खाता खोला जाए

**शुभम संदेश। चतरा**



जिले में शिक्षा और स्वास्थ्य योजनाओं का लाभ सीधे पात्र लाभुकों तक पहुंचाने के उद्देश्य से उपायुक्त कीर्ति श्री जी के नेतृत्व में विशेष अभियान चलाए जा रहे हैं. मंगलवार को आयोजित शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक में उपायुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिए कि जिले के सभी पात्र विद्यार्थियों का बैंक खाता अनिवार्य रूप से खोला जाए. उन्होंने कहा कि बैंक खाता खुल जाने से विद्यार्थियों को शैक्षणिक सहायता तथा अन्य सरकारी योजनाओं का सीधा लाभ पारदर्शी और समयबद्ध तरीके से प्राप्त हो सकेगा. इस निर्देश के अनुपालन में जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय एवं अग्रणी जिला प्रबंधक कार्यालय के संयुक्त प्रयास से जिले भर के विद्यालयों में बैंक खाता खोलने का विशेष अभियान चलाया जा रहा है. बैंकिंग करेस्पॉन्डेंट्स विद्यालयों में जाकर बच्चों के खाते खोलने की प्रक्रिया को गति प्रदान कर रहे हैं. इस अभियान को सफल बनाने के लिए अनुमंडल पदाधिकारी सिमरिया सन्नी राज के नेतृत्व में एक समन्वय बैठक का आयोजन किया गया, जिसके बाद विद्यालय स्तर पर बैंकिंग शिविर लगाए जा रहे हैं. यह अभियान बैंकिंग समावेशन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जिससे विद्यार्थियों को शासकीय लाभ समय पर और निर्बाध रूप से मिल सकेगा.

उपायुक्त के निर्देशानुसार, स्वास्थ्य सेवाओं के सुलभ पहुंच के लिए 16 जून से 1 जुलाई 2025 तक विशेष शिविर अभियान भी चलाया गया. इस अभियान में सिमरिया अनुमंडल के तहत प्रखंड विकास पदाधिकारी, स्वास्थ्य विभाग एवं सीएससी केंद्रों की सक्रिय भागीदारी रही. शिविरों के माध्यम से अब तक कुल 17,292 पात्र लाभुकों का आयुष्मान भारत कार्ड बनाया जा चुका है. यह आंकड़ा 7 जुलाई 2025 तक का है. वर्तमान में यह कार्य प्रज्ञा केंद्रों एवं सहिया दीदियों के माध्यम से सतत रूप से जारी है. अनुमंडल पदाधिकारी सिमरिया द्वारा अभियान की लगातार निगरानी की जा रही है, ताकि योजना का लाभ अधिक से अधिक पात्र व्यक्तियों तक पहुंचाया जा सके. यह पहल जिले में स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार तथा जनकल्याण की दिशा में एक प्रभावशाली कदम है. शिक्षा और स्वास्थ्य दोनों ही क्षेत्रों में चल रहे इन अभियानों से जिले के समग्र विकास को नई दिशा मिलने की उम्मीद है. जिला प्रशासन की यह प्रतिबद्धता सराहनीय है, जो कि जनहितकारी योजनाओं को जमीनी स्तर तक प्रभावी रूप से पहुंचाने हेतु सतत प्रयासरत है.

## लंबित मामलों के शीघ्र निष्पादन करें: आयुक्त

- बैठक के दौरान भूमि हस्तांतरण, अधिग्रहण, बंदोबस्ती, लीज, दाखिल-खारिज समेत अन्य राजस्व मामलों की जिलेवार समीक्षा की गई.

**संवाददाता। हजारीबाग**



उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल के राजस्व संबंधित मामलों की प्रगति की समीक्षा हेतु मंगलवार को आयुक्त कार्यालय, हजारीबाग में एक अहम समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई. बैठक की अध्यक्षता प्रमंडलीय आयुक्त पवन कुमार ने की. इस बैठक में प्रमंडल अंतर्गत आने वाले सभी जिलों के उपायुक्तों ने भाग लिया.

बैठक के दौरान भूमि हस्तांतरण, अधिग्रहण, बंदोबस्ती, लीज, दाखिल-खारिज समेत अन्य राजस्व मामलों की जिलेवार समीक्षा की गई. आयुक्त ने प्रत्येक जिले में लंबित मामलों की स्थिति पर गहन चर्चा करते हुए उपायुक्तों को निर्देश दिया कि सभी लंबित प्रकरणों का निष्पादन तय समय सीमा के भीतर सुनिश्चित किया जाए.आयुक्त पवन कुमार ने कहा कि राजस्व मामलों का समाधान सीधे आम जनता से जुड़ा होता है, इसलिए इन मामलों में समयबद्धता, पारदर्शिता और संवेदनशीलता अत्यंत आवश्यक है.

उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि कार्यों का निष्पादन निर्धारित प्रक्रिया के अनुरूप ही किया जाए ताकि जनता का भरोसा कायम रहे. इस महत्वपूर्ण बैठक में हजारीबाग उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह, धनबाद उपायुक्त आदित्य रंजन, रामगढ़ उपायुक्त फैज अक अहमद मुमताज, चतरा उपायुक्त कीर्तिश्री, कोडरमा उपायुक्त ऋतुराज, प्रशिक्षु आईएएस आनंद शर्मा सहित अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे.

## ब्रीफ न्यूज

### बारिश से गिरा मकान बाल-बाल बचे मां-बेटे

**सोनाहातू।** प्रखंड में लगातार हो रही भारी बारिश से जनजीवन पूरी तरह से प्रभावित हो गया है. नाकीडीह गांव की निवासी सुमित्रा देवी के घर का एक हिस्सा सोमवार रात लगभग 2 बजे बारिश के कारण अचानक गिर गया. घटना के समय सुमित्रा देवी अपने बेटे के साथ घर में सो रही थीं. सौभाग्य से दोनों को किसी प्रकार की गंभीर चोट नहीं आई और वे बाल-बाल बच गए. दीवार गिरने की आवाज सुनकर आसपास के लोग भी मौके पर पहुंच गए और मदद की. सुमित्रा देवी ने घटना की जानकारी अंचल कार्यालय को देते हुए सरकार से मुआवजे की मांग की है. ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में कई कच्चे घर बारिश के चलते खतरे की जद में हैं.

### किड्स स्कूल में बच्चों में बांटी गई किताबें

**पिपरवार।** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा दक्षिणी पंचायत में किड्स स्कूल एवं होली चाइल्ड वेली स्कूल के 315 बच्चों के बीच सीएसआर योजना के तहत स्कूल बैग और पाठ्य सामग्री का वितरण किया गया. इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुखिया रीना देवी थीं, जिन्होंने बच्चों को शिक्षा के महत्व पर जोर देते हुए सभी शिक्षकों से बच्चों पर विशेष ध्यान देने का आग्रह किया. उन्होंने कहा कि बच्चे हमारे भविष्य हैं, इसलिए उनकी शिक्षा और मनोबल को बढ़ावा देना जरूरी है. मुखिया रीना देवी ने बच्चों से बेहतर शिक्षा प्राप्त कर अपने स्कूल, क्षेत्र और राज्य का नाम रोशन करने की अपील की.

### अशरफ नगर में पीसीसी पथ का उद्घाटन, ग्रामीणों को राहत

**लोहरदगा।** विधानसभा अंतर्गत किस्को प्रखंड के अशरफ नगर में विधायक डॉ. रामेश्वर उरांव के विधायक मद से नवनिर्मित पीसीसी पथ का उद्घाटन किया गया. इस सड़क का निर्माण कबीर अंसारी के घर से मुस्तफा अंसारी के घर तक किया गया है. उद्घाटन समारोह में विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल एवं जिला कांग्रेस कमिटी के कार्यकारी अध्यक्ष हाजी शकील अहमद ने फीता काटकर पथ का उद्घाटन किया. इससे पहले गांव के लोग बरसात और सामान्य दिनों में भी कच्ची सड़क के कारण काफी परेशान रहते थे. ग्रामीणों ने यह समस्या विधायक डॉ. रामेश्वर उरांव के समक्ष रखी, उन्होंने इसे अपने विधायक मद से स्वीकृति प्रदान की.

### बहेरा और कल्याणपुर में निकला अखाड़ा जुलूस

**पिपरवार।** पिपरवार थाना क्षेत्र के बहेरा और कल्याणपुर गांवों में मुहर्रम के अवसर पर सद्भावना मेला सह लाठी खेल प्रतियोगिता से पूर्व पारंपरिक अखाड़ा जुलूस निकाला गया. जुलूस की शुरुआत कल्याणपुर चौक से हुई, जो पूरे क्षेत्र का भ्रमण करता हुआ बहेरा पहुंचा. वहीं, बहेरा गांव में कर्बला मैदान से समिति द्वारा जुलूस आरंभ किया गया, जो भ्रमण करते हुए कल्याणपुर में दोनों टीमों के मिलान के बाद संयुक्त रूप से बहेरा मेलाटांड़ पहुंचा.

### बैठक में नई योजनाओं के चयन पर बनी सहमति

**राहे।** प्रखंड सभागार में मंगलवार को पंचायत समिति की बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता प्रखंड प्रमुख लीलमनी देवी ने की. बैठक में प्रखंड के सभी 9 पंचायतों से 11 पंचायत समिति सदस्य, प्रखंड विकास पदाधिकारी अशोक कुमार, पंचायत सचिव सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद थे.

नए समाहरणालय भवन को सोहराई पेंटिंग से सजाये जाने पर बोले डीसी

## यह सांस्कृतिक विरासत की जीवंत अभिव्यक्ति है

शुभम संदेश। गुमला



झारखंड की समृद्ध लोक संस्कृति और पारंपरिक कला को नया आयाम देने के उद्देश्य से गुमला के नए समाहरणालय भवन को पारंपरिक सोहराई पेंटिंग से सजाया गया है. इस पहल का मुख्य उद्देश्य न केवल भवन की दीवारों को आकर्षक बनाना है, बल्कि राज्य की सांस्कृतिक पहचान को सशक्त करना और स्थानीय कलाकारों को प्रोत्साहन देना भी है. सोहराई पेंटिंग, जो झारखंड की एक पारंपरिक जनजातीय कला है, अब शहरी परिदृश्य का हिस्सा बन रही है. समाहरणालय भवन की आंतरिक दीवारों को इस विशिष्ट कला शैली से सजाया गया है, जिससे भवन की भव्यता और सांस्कृतिक गरिमा में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है. स्थानीय चित्रकारों ने अपनी कलाई की बेजोड़ कला का परिचय देते हुए दीवारों पर अत्यंत सुंदर और आकर्षक चित्र बनाए हैं. इन चित्रों में पारंपरिक पशु आकृतियां, पेड़-पौधे, ग्रामीण जीवन की झलक और प्रकृति से जुड़ी विविध छवियां प्रमुखता से उकेरी गई हैं.

उपायुक्त ने पेंटिंग का अवलोकन करते हुए कहा कि सोहराई पेंटिंग केवल एक कला नहीं, बल्कि हमारी सांस्कृतिक विरासत की जीवंत अभिव्यक्ति है. यह कला प्रकृति, पशुपालन और ग्रामीण जीवन से प्रेरित होती है और झारखंड की जनजातीय परंपराओं का महत्वपूर्ण हिस्सा है. उन्होंने यह भी बताया कि इस पहल के माध्यम से न केवल भवन की सुंदरता बढ़ी है, बल्कि हमारी लोक संस्कृति को एक नया मंच भी मिला है.

गौरतलब है कि सोहराई चित्रकला पारंपरिक रूप से दीपावली के बाद मनाए जाने वाले सोहराई पर्व के दौरान घरों की दीवारों पर बनाई जाती है. इसे मिट्टी, कोयले, लकड़ी और प्राकृतिक रंगों का उपयोग कर चित्रित किया जाता है. इस बार इसे शहरी परिप्रेक्ष्य में स्थान देकर एक अभिनव प्रयास किया गया है, जिससे ग्रामीण और शहरी संस्कृति का संगम भी दिखता है. इस कार्य में स्थानीय आदिवासी कलाकारों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है. जिला प्रशासन ने उन्हें उचित सहयोग और मंच प्रदान किया, जिससे उनकी प्रतिभा को सामने लाने का अवसर मिला. अब गुमला समाहरणालय की दीवारें केवल ईंट-पत्थर की नहीं, बल्कि जीवंत सांस्कृतिक कथाओं की प्रतीक बन गई हैं, जो आने वाले आगंतुकों को झारखंड की गहराई से परिचित कराती हैं.

## जेजेएमपी का एरिया कमांडर प्रवीण सहित दो उग्रवादी डुमरी से गिरफ्तार

### हथियार और गोलियां हुई बरामद

शुभम संदेश। गुमला



जिले में नक्सल विरोधी अभियान के तहत गुमला पुलिस को एक और बड़ी सफलता हाथ लगी है. डुमरी थाना की पुलिस ने प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन झारखंड जनमुक्ति परिषद (जेजेएमपी) के एरिया कमांडर प्रवीण एक्का उर्फ अड़िया (28 वर्ष), निवासी सिरसी, डुमरी और उसके साथी छोटू नायक (27 वर्ष), निवासी पुटरुंगी, डुमरी को गिरफ्तार किया है. गिरफ्तार उग्रवादियों के पास से एक पिस्टल, एक सिक्सर, एक मैगजीन, पांच जिंदा गोलियां और दो मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं. पुलिस अधीक्षक (एसपी) हरीश बिन जमां ने प्रेस कांफ्रेंस में बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि जेजेएमपी का एरिया कमांडर प्रवीण एक्का अपने दस्ते के साथ डुमरी के तांती जंगल क्षेत्र में किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की योजना बना रहा है. सूचना के सत्यापन के बाद चैनपुर एसडीपीओ के नेतृत्व में एक विशेष छापामारी दल का गठन किया गया. दल ने तांती जंगल की घेराबंदी की, जहां दो संदिग्धों को पुलिस देख भागने की कोशिश करते हुए पकड़ा गया.

पुलिस पूछताछ में दोनों ने अपनी पहचान प्रवीण एक्का और छोटू नायक के रूप में बताई. प्रवीण एक्का के पास से एक पिस्टल, एक मैगजीन, तीन जिंदा गोली और एक मोबाइल फोन मिला, जबकि छोटू नायक के पास से एक सिक्सर, दो जिंदा गोली और एक मोबाइल फोन बरामद हुआ. दोनों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है. गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने बताया कि प्रवीण एक्का के खिलाफ विशुनपुर थाना में कांड संख्या 23/25, दिनांक 24.06.2025 के तहत आर्म्स एक्ट और 17 सीएलए एक्ट के तहत मामला दर्ज है. छापामारी दल में एसडीपीओ ललित मीणा, डुमरी थाना प्रभारी अनुज कुमार, मनोज कुमार, मो. जहांगीर और एएसआई रविंद्र भारती शामिल थे. पुलिस की इस कार्रवाई को नक्सल विरोधी अभियान में एक बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है.

### इंस्पायर अवार्ड की राशि पर शिक्षक ने किया कब्जा

**गुमला।** कामडारा प्रखंड के राजकीय उत्क्रमित उच्च विद्यालय मोरहाटोली में इंस्पायर अवार्ड योजना के तहत चयनित छात्र नितेश नाग के साथ शिक्षक द्वारा की गई आर्थिक अनियमितता का मामला सामने आया है. विज्ञान परियोजना के लिए केंद्र सरकार द्वारा नितेश के बैंक खाते में 10,000 रुपये भेजे गए थे. आरोप है कि विद्यालय के विज्ञान शिक्षक रविशंकर प्रसाद गुप्ता ने छात्र को बहला-फुसला कर पैसे की निकासी करवाई और आठ हजार रुपये यह कहकर रख लिए कि उन्होंने प्रोजेक्ट निर्माण में खर्च किए हैं. नितेश को मात्र दो हजार रुपये देकर वापस भेज दिया गया.

जब छात्र ने पूरी राशि की मांग की तो शिक्षक ने उसे डांट-फटकार कर मानसिक रूप से प्रताड़ित किया, जिससे वह तनाव में है. इस संबंध में जब इंस्पायर अवार्ड योजना के सहायक नोडल पदाधिकारी राजेश कुमार से बात की गई, तो उन्होंने स्पष्ट किया कि इस योजना के तहत परियोजना छात्र की होती है, शिक्षक का कार्य केवल मार्गदर्शन देना होता है. कहा कि यदि कोई खर्च हुआ हो तो शिक्षक छात्र से विनम्रता से मांग सकते हैं, लेकिन आठ हजार रुपये का खर्च औचित्यहीन है.

## हत्या मामले पर मारवाड़ी युवा मंच ने प्रशासन से की कड़ी कार्रवाई की मांग



शुभम संदेश। गुमला

विनोद जी जाजोदिया की नृशंस हत्या की घटना ने पूरे समाज को स्तब्ध कर दिया है. इस घटना को लेकर झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी युवा मंच के प्रतिनिधिमंडल ने गुमला के पुलिस अधीक्षक श्री हारिस बिन ज़माँ से मुलाकात कर अपराधियों के खिलाफ तेज़ और कठोर कार्रवाई की मांग की. प्रतिनिधिमंडल ने अपराधियों को स्पीड ट्रायल के जरिए शीघ्र सजा दिलाने और पीड़ित परिवार तथा मारवाड़ी समाज को सुरक्षा सुनिश्चित करने पर ज़ोर दिया. प्रतिनिधिमंडल ने शोक संतप्त जाजोदिया परिवार से भी भेंट कर संवेदना प्रकट की और भरोसा दिलाया कि युवा मंच हर परिस्थिति में उनके साथ खड़ा रहेगा. इस प्रतिनिधिमंडल में प्रांतीय अध्यक्ष विशाल जी पाड़िया, मंडलिया उपाध्यक्ष सुमित जी अग्रवाल, प्रांतीय कोषाध्यक्ष विकास जी झांझरिया, प्रांत संयुक्त मंत्री विकास जी अग्रवाल, सूचना एवं जनसंपर्क पदाधिकारी अमित जी शर्मा, रांची शाखा के पूर्व अध्यक्ष सुभाष चंद्र पटवारी, गुमला शाखा अध्यक्ष संजीव मलानी और कोषाध्यक्ष भूषण कुमार नरसरिया शामिल थे. पुलिस अधीक्षक ने आश्वासन दिया कि प्रशासन पीड़ित परिवार एवं समाज के साथ है और अपराधियों को जल्द सजा दिलाने के लिए प्राथमिकता से कार्रवाई कर रहा है. साथ ही उन्होंने समाज और प्रशासन से मिलकर बढ़ते अपराध पर नियंत्रण करने की अपील की.

### भारी बारिश से साईं मंदिर मार्ग पर गार्डवाल धंसा

**लापुंग।** प्रखंड के देवगांव पंचायत स्थित प्रसिद्ध साईं मंदिर को जोड़ने वाली सरसा-लतरातु सड़क पर बना गार्डवाल भारी बारिश के कारण धंस गया है. गार्डवाल के साथ-साथ सड़क का एक हिस्सा भी धंस गया, जिससे आवाजाही पर खतरा मंडराने लगा है. बताया जा रहा है कि इस सड़क का निर्माण मात्र दो वर्ष पूर्व हुआ था और हाल ही में इसकी मरम्मत भी कराई गई थी. घटना की जानकारी मिलते ही विधायक प्रतिनिधि संतोष तिर्की, पूर्व मुखिया और पार्टी अध्यक्ष समेत कई जनप्रतिनिधि मौके पर पहुंचे. संतोष तिर्की ने कहा कि गार्डवाल का पुनर्निर्माण शीघ्र नहीं हुआ तो सड़क ध्वस्त हो सकती है.

## एसपी हरीश जमां ने थानों का किया औचक निरीक्षण

शुभम संदेश। गुमला



पुलिस अधीक्षक हरीश बीन जमां ने मंगलवार को पालकोट और कामडारा थाना का औचक निरीक्षण किया. निरीक्षण के दौरान उन्होंने थाना भवन, परिसर और बैरक की स्थिति का जायजा लिया और साफ-सफाई बनाए रखने का निर्देश दिया. थाना में संधारित पंजी और संचिकाओं का अवलोकन करते हुए उन्होंने सभी अभिलेखों को अद्यतन और सुव्यवस्थित रखने का आदेश दिया. एसपी ने थाना प्रभारियों को क्षेत्र में शांति एवं सुरक्षा बनाए रखने के लिए आवश्यक निर्देश दिए. लंबित मामलों की समीक्षा करते हुए उन्होंने त्वरित निपटारा सुनिश्चित करने को कहा. खासतौर पर पशु तस्करी और अवैध मादक पदार्थों के कारोबार पर पूरी सख्ती से रोक लगाने के निर्देश दिए गए.

उन्होंने ब्लैक स्पॉट क्षेत्रों को चिन्हित कर वहां एंटी वाहन जांच अभियान चलाने को कहा, साथ ही सड़क सुरक्षा नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ अधिकतम विधिसम्मत कार्रवाई करने का निर्देश भी दिया गया. वाहन दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए ठोस कदम उठाने को कहा गया. उग्रवादी संगठनों पर प्रभावी कार्रवाई के लिए एसपी ने सूचना तंत्र को और अधिक मजबूत करने तथा खुफिया जानकारी जुटाकर कार्रवाई करने के निर्देश दिए. उन्होंने सभी थाना प्रभारियों से जिम्मेदारीपूर्वक कार्य करने की अपील की.

### राहे प्रखंड डीलर संघ का पुनर्गठन, पवन बने अध्यक्ष

**राहे।** प्रखंड में फेयर प्राइस शॉप डीलर्स एसोसिएशन इकाई रांची जिला के अंतर्गत मंगलवार को राहे प्रखंड डीलर संघ की बैठक आयोजित की गई. इस बैठक की अध्यक्षता ग्रामीण जिला अध्यक्ष विनोद महतो ने की. बैठक में सभी उपस्थित डीलरों की सहमति से राहे प्रखंड डीलर संघ का पुनर्गठन किया गया. संघ के नए अध्यक्ष के रूप में पवन कुमार महतो का चयन किया गया, जबकि सचिव पद पर मोइन अंसारी और कोषाध्यक्ष पद पर प्रदीप कुमार सिंह को चुना गया.

### बुंडू में दर्दनाक सड़क हादसा, मासूम की हुई मौत

शुभम संदेश। बुंडू

बुंडू अनुमंडल कार्यालय के समीप एक दर्दनाक सड़क हादसे में चार वर्षीय अनमोल महतो की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसके पिता शिशुपाल महतो और दादा राजेंद्र महतो गंभीर रूप से घायल हो गए. हादसा तब हुआ जब टाटा से रांची जा रही तूफान नामक यात्री बस ने अचानक ब्रेक लगा दी. उसी समय पीछे से आ रही बोलेरो अनियंत्रित होकर बस से टकरा गई. टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बोलेरो का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया. बोलेरो में सवार सभी यात्री तमाड़ थाना क्षेत्र के पोड़लाही गांव के निवासी थे. हादसे में अनमोल की मौत मौके पर ही हो गई, जबकि गंभीर रूप से घायल शिशुपाल और राजेंद्र महतो को प्राथमिक उपचार के बाद रांची रिम्स रेफर किया गया. बोलेरो में सवार दो अन्य लोगों को मामूली चोटें आईं और इलाज के बाद उन्हें छुट्टी दे दी गई. घटना की सूचना मिलते ही बुंडू थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को अस्पताल पहुंचाया. दुर्घटना के चलते एनएच-33 पर कुछ समय के लिए यातायात बाधित रहा.

## गुमला का सुब्रतो मुखर्जी कप फुटबॉल टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन



शुभम संदेश। गुमला

प्रमंडल स्तरीय सुब्रतो मुखर्जी कप फुटबॉल प्रतियोगिता में मेजबान गुमला की टीम ने तीनों आयु वर्गों में शानदार प्रदर्शन करते हुए दबदबा कायम रखा. संत इंग्नासियुस हाई स्कूल के जुबली स्टेडियम में खेले गए अंडर-15 बालक वर्ग के मुकाबले में गुमला ने सिमडेगा को 15-0 से हराया. इस वर्ग में सिमडेगा ने रांची को और खूंटी ने लोहरदगा को 3-3 गोल से हराया. गुमला और लोहरदगा का मुकाबला 1-1 से ड्रा रहा. संत पात्रिक खेल मैदान में आयोजित अंडर-17 बालिका वर्ग में गुमला ने लोहरदगा को 11-0 और रांची को 9-0 से मात दी. वहीं, लोहरदगा ने खूंटी को 4-0 और सिमडेगा ने भी खूंटी को 4-0 से हराया. अंडर-17 बालक वर्ग के मुकाबले संत इंग्नासियुस के होस्टल मैदान में हुए, जहां गुमला ने लोहरदगा को 8-0 और रांची को 3-0 से हराकर अगले दौर में प्रवेश किया. लोहरदगा ने खूंटी को 6-0 और सिमडेगा ने खूंटी को 3-0 से हराया. उद्घाटन में एसपी हरीश बिन जमां ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया और शुभारंभ किया.

कार्रवाई

खाद्य सुरक्षा विभाग ने होटलों में मारा छापा, लिये मिठाई के नमूने

## तीन होटलों पर लगाया आठ हजार रुपये का जुर्माना

शुभम संदेश। गुमला



जिला खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी लव कुमार के नेतृत्व में मंगलवार को गुमला शहर के विभिन्न होटलों और मिठाई दुकानों में छापेमारी की गई. इस अभियान में स्वच्छता मानकों की अनदेखी और एक्सपायरी सामग्री के विक्रय पर तीन होटलों पर कुल आठ हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया, जबकि छह प्रतिष्ठानों से मिठाई और खाद्य पदार्थों के नमूने लिए गए.

छापेमारी के दौरान डीएसपी रोड स्थित होटल मौली, मधुबन होटल, पालकोट रोड के सुरेश होटल, जशपुर रोड की रुचि स्वीट्स, थाना चौक की फन एंड फूड, पटेल चौक की लाखों होटल, मेन रोड की होटल राज और लोहरदगा रोड की होटल चूल्हनी का निरीक्षण किया गया. होटल मौली से पतंजलि सोयाबीन तेल, मधुबन होटल व रुचि स्वीट्स से पेड़ा, सुरेश होटल और लाखों होटल से रसगुल्ला, तथा फन एंड फूड से खोवा बर्फी के नमूने संग्रहित किए गए. अधिकारियों ने संचालकों को स्वच्छता बनाए रखने, खाद्य सामग्रियों पर स्पष्ट लेबलिंग करने, अखबार का उपयोग नहीं करने, और कर्मचारियों के लिए एप्रोन, ग्लव्स तथा हेडगियर अनिवार्य करने का निर्देश दिया. स्वच्छता की कमी और खराब सामग्री के मामले में होटल मौली को 3,000 रुपये, होटल अन्नपूर्णा को 3,000 रुपये और लाखों स्वीट्स को 2,000 रुपये का जुर्माना लगाया गया. खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी ने कहा कि यह जांच अभियान जिला प्रशासन के निर्देश पर नियमित रूप से जारी रहेगा, और प्रयोगशाला रिपोर्ट में गड़बड़ी पाए जाने पर संबंधित प्रतिष्ठानों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जाएगी.

## एक नजर

### स्टंट बाइकर्स ने महिला से की चेन छिनतई, तलाश जारी

**गुमला।** डीएसपी रोड इलाके में सोमवार शाम स्टंट बाइकर्स ने एक महिला से सोने की चेन छीन ली. पीड़िता रश्मि राज, केदार बगान निवासी हैं और घटना के वक्त मोदी केयर दुकान से खरीदारी कर लौट रही थीं. शाम करीब सात बजे विद्या मंदिर की दिशा से दो युवक तेज रफ्तार बाइक पर आए. बाइक पर पीछे बैठे युवक ने महिला के गले से सोने की चेन झपट ली. रश्मि राज ने साहस दिखाते हुए युवक का हाथ पकड़ लिया, जिससे चैन का एक छोटा हिस्सा उनके हाथ में रह गया और बाकी हिस्सा चोर लेकर भाग गया. महिला के शोर मचाने पर कुछ लोग मौके पर जुटे और वहीं चेन का लाकेट भी गिरा मिला. इसके बाद रश्मि ने अपने पति राजीव कुमार को घटना की जानकारी दी और गुमला थाना में रिपोर्ट दर्ज करवाई. पुलिस ने घटना की सूचना मिलते ही आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच शुरू कर दी है और शाम सात बजे के आसपास के फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान में जुटी है. घटना से इलाके में दहशत और आक्रोश का माहौल है.

### डीसी ने शहीद के परिजनों को दिया नियुक्ति पत्र



**गुमला।** जिला अनुकंपा समिति की अनुशंसा के आधार पर मंगलवार को उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित ने उग्रवादी हिंसा में शहीद हुए तीन व्यक्तियों के परिजनों को अनुकंपा के आधार पर सरकारी सेवा में नियुक्ति पत्र सौंपा. इस अवसर पर उपायुक्त ने नियुक्त अभ्यर्थियों को ईमानदारी और निष्ठा के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने की शुभकामनाएं दीं. नियुक्ति प्राप्त करने वालों में प्रीतम कुजूर, प्रेम संजीत लकड़ा और सावित्री कुमारी शामिल हैं. प्रीतम कुजूर को अंचल कार्यालय कामडारा में निम्न वर्गीय लिपिक पद पर, प्रेम संजीत लकड़ा को प्रखंड कार्यालय बसिया में निम्न वर्गीय लिपिक के रूप में और सावित्री कुमारी को कामडारा प्रखंड कार्यालय में अनुसेवक पद पर नियुक्त किया गया है. उपायुक्त ने कहा कि शहीदों का बलिदान समाज और प्रशासन के लिए प्रेरणा है और उनके परिजनों को सम्मानपूर्वक जीवन यापन हेतु सरकार कृतसंकल्प है. अनुकंपा नियुक्ति इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है.

### विधायक रौशनलाल चौधरी के प्रयास सड़क हुए दुरुस्त

**पिपरवार।** कोयलांचल के बुंडू पंचायत में विधायक रौशनलाल चौधरी के सक्रिय पहल पर बारिश से खराब हुई कई सड़कों और पुलिया की मरम्मति कर आवागमन पुनः सुचारू कर दिया गया है. पिछले सप्ताह मूसलाधार बारिश के कारण बुंडू, किचटो, पताल समेत आसपास के कई इलाके बह गए थे, जिससे यहां के लोगों का आवागमन पूरी तरह से ठप हो गया था. बुंडू पंचायत के बुंडू, बटुका, खपिया, किरीगढ़ा, कीचटो और पताल पंचायत टापू बन गए थे, जिससे स्थानीय लोग व खासकर स्कूली बच्चे भी बड़ी परेशानी में थे. स्थानीय लोगों की शिकायत विधायक तक पहुंचते ही उन्होंने तत्काल कार्रवाई की. साथ ही विधायक के निजी खर्च से बुंडू-बचरा, किरीगढ़ा-हफुआ, बुंडू-बटुका, बुंडू-आगरटांड और दूधीगढ़ा सड़कों का भी मरम्मति कराया गया. इसमें आजसू के केरेडारी प्रखंड उपाध्यक्ष मदन साव, प्रखंड सचिव मोहन कुमार, बुंडू पंचायत अध्यक्ष दीपक कुमार साव, बीजेपी के कई कार्यकर्ताओं सहित स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने अहम योगदान दिया.

### इटकी में धूमधाम से मनाया गया मुहर्रम का जुलूस

**इटकी।** मंगलवार को मोहर्रम का जुलूस बड़े धूमधाम और धार्मिक उत्साह के साथ निकाला गया. यह जुलूस रेलवे स्टेशन के पास स्थित मोहर्रम खेल मैदान तक गया, जहां मोहर्रम की गरिमा और सांस्कृतिक विरासत को जीवंत किया गया. इस अवसर पर सेंट्रल मोहर्रम कमेटी रानीखटंगा के तत्वाधान में अस्त्र-शस्त्र चालन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें आसपास के विभिन्न गांवों से अखाड़ा धारियों ने हिस्सा लिया. सकरपदा, बारीडीह सहित कई गांवों से आए अखाड़ा धारियों ने अपनी कला और कौशल का लोहा मनवाया. उन्होंने अद्भुत करतब दिखाकर दर्शकों का मन मोह लिया. प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले अखाड़ा धारियों को आयोजन समिति की ओर से पुरस्कृत भी किया गया. इस दौरान सेंट्रल मोहर्रम कमेटी के कुद्दूस अंसारी, उरूज अंसारी, फजल अंसारी, खुर्शिद आलम समेत कई अन्य गणमान्य व्यक्ति और सैकड़ों श्रद्धालु मौजूद थे.

## पेज एक का शेष...

### आजसू पार्टी की अजब कहानी

जिसे उच्च न्यायालय ने निरस्त कर दिया. उस सरकार में भी सुदेश महतो सरकार में शामिल थे. सरकार को अपील में जाना चाहिए था. सुदेश महतो के समर्थन से सरकार चल रही थी. एक विधायक से सरकार गिर सकती थी. सरकार अपील में नहीं गए और सुदेश महतो ने आवाज़ नहीं उठाई. अपना हित साधने के लिए किसी भी तरह की क़ुर्बानी इनकी नियति रही है.

अखिर यह कौन-सा तरीका था सुदेश महतो जी

लेकिन जब रघुवर दास की सरकार में स्थानीय नीति बनी तो कैबिनेट में आपकी पार्टी के मंत्री ने समर्थन किया और बाहर विरोध करने लगे...सुदेश साहेब, अखिर ये कौन सा तरीका है, आपकी राजनीति का.

07 अप्रैल 2016 को रघुवर कैबिनेट द्वारा स्थानीय नीति को सहमति दी जाती है और नई स्थानीय नीति लागू हो जाती है. एक दैनिक अख़बार के 08 अप्रैल 2016 के मुखपृष्ठ में यह खबर को प्रकाशित हुई जिसने ये भी लिखा "कैबिनेट की बैठक से पहले तक राय लेते रहे रघुवर दास". क्या सरकार में सहयोगी रही आजसू पार्टी से सलाह नहीं ली गई? क्या सरकार में शामिल मंत्री चंद्रप्रकाश चौधरी (वर्तमान में सांसद गिरिडीह लोकसभा) से सहमति नहीं ली गई थी? जरूर ली गई होगी. चंद्रप्रकाश तो 12 बजे दिन से ही प्रोजेक्ट भवन में मौजूद थे. कैबिनेट की बैठक में मौजूद थे.

**फिर विरोध का ढोंग क्यों, इसे हीं धोखा कहते हैं न?**

बड़प्पन है तत्कालीन पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास का. अगर वो खुलासा कर दें कि कैबिनेट से पहले किन- किन लोगों से दूरभाष पर सलाह और सहमति ली थी, तो कई लोगों की दुकान ही बंद हो जाएगी. सर्वविदित था कि कैबिनेट में लाने से कुछ दिनों पहले से ही तत्कालीन सीएम रघुवर दास इस संवेदनशील मुद्दे पर सामाजिक संगठनों, राजनीतिक दलों और उनके नेताओं से बात कर रहे थे. जब रघुवर दास से, उनकी सरकार से या स्थानीय नीति से इतनी परेशानी थी, तो सरकार से समर्थन वापस ले लेना चाहिए था. समर्थन वापस लेना तो दूर उल्टा 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा के समर्थन से सांसद का चुनाव भी लड़े और जीते भी. इतना ही नहीं चन्द्रप्रकाश के सांसद बन जाने के बाद ख़ाली हुए मंत्री पद पर रामचंद्र सहिस का शपथ ग्रहण भी करवा लेते हैं. थोड़ा भी जमीर होता तो ये सब नहीं करना था. जब अपने फायदे की बात हो तो कहां चली जाती है नीति और नीयत ? कहां चला जाता है मां, माटी, मानुष ? कहां चला जाता है जल, जंगल, जमीन?

**त्याग का भाजपा का फायदा नहीं मिला**

2019 में भाजपा ने पांच बार की जीती हुई लोकसभा गिरिडीह आजसू पार्टी को दी. इस बड़े त्याग का कोई विशेष फायदा भी भाजपा को नहीं मिल पाया. 2014 में 12 सीट पर दर्ज करनेवाली भाजपा 11 पर आ गई. 2019 में तो 8 पर आ गई. फ़ायदा केवल आजसू पार्टी को हुआ. अबतक लोकसभा चुनाव में 01 भी सीट पर जमानत नहीं बचाने वाली आजसू पार्टी 01 सीट जितने में कामयाब रही.

**अंतिम समय पर धोखे ने भाजपा को लहूलुहान कर दिया**

लोकसभा चुनाव के समय ही तोड़ देते गठबंधन. रघुवर दास को भी तैयारी करने का समय मिल जाता. मेरा मानना है वो सरकार भी बना लेते. इस अंतिम समय के धोखे ने भाजपा को लहूलुहान कर दिया. अंतिम समय पर गठबंधन टूटने से जो 7 से 8 प्रतिशत वोट बढ़ने की संभावना थी, वो 2 % तक ही बढ़ पाया. यहीं भाजपा चूक गई.

**मोदी लहर से 2014 के विस चुनाव में अजसू को मिला जीवनदान**

2014 के विधानसभा चुनाव में प्रदेश बीजेपी के भारी विरोध के बावजूद बीजेपी केंद्रीय नेतृत्व ने आजसू पार्टी को 08 सीट दी. तब 2014 के लोकसभा चुनाव में भाजपा के पक्ष में 39.9 प्रतिशत वोट पड़े थे और 56 विधानसभा क्षेत्रों में वह सबसे आगे थी. वहीं 2014 के विधानसभा चुनाव भाजपा को 31.3 प्रतिशत वोट मिले और वह केवल 37 सीटें ही जीत सकी. मतलब उस चुनाव में भाजपा बिना किसी गठबंधन के पूर्ण बहुमत की सरकार बना सकती थी. फायदा आजसू पार्टी को मिला. जहां 2014 के लोकसभा चुनाव में अध्यक्ष समेत सभी प्रत्याशियों की जमानत जब्त होने के बाद भी विस चुनाव में 5 सीट जीतने में सफल रही. मोदी लहर में जीवन दान मिल गया. पार्टी सरकार में रही. लेकिन लगातार रघुवर दास के निर्णयों पर अड़ंगे लगाती रही. जेवीएम के 6 विधायकों के भाजपा में शामिल होने के बाद भी भाजपा ने आजसू पार्टी के गठबंधन विरोधी कार्यकलापों के बावजूद गठबंधन में शामिल रखा. ये तत्कालीन मुख्यमंत्री रघुवर दास की राजनीतिक नैतिकता का परिचायक था.

**मंथन**

## नक्सल साजिश नाकाम सुरक्षा बलों की सतर्कता

झारखंड के सारंडा क्षेत्र में नक्सल विरोधी अभियान के तहत सुरक्षा बलों की सतर्कता ने बड़ी त्रासदी को टाल दिया. चाईबासा और सरायकेला पुलिस के साथ झारखंड जगुआर और सीआरपीएफ की संयुक्त टीम ने टोकलो थाना क्षेत्र के घने जंगलों में तलाशी अभियान चलाकर 16 शक्तिशाली आईईडी बरामद किए. बम निरोधक दस्ते द्वारा इन्हें मौके पर ही निष्क्रिय करना यह दर्शाता है कि सुरक्षा बलों की तैयारी, तकनीकी दक्षता और रणनीति पूरी तरह से सक्षम है. माओवादियों की योजना स्पष्ट थी-सुरक्षा बलों की टुकड़ियों को आईईडी धमाकों के जरिए नुकसान पहुंचाना और क्षेत्र में भय का वातावरण बनाना. लेकिन खुफिया सूचना पर समय रहते हुई कार्रवाई ने उनकी मंशा पर पानी फेर दिया. यह सफलता न केवल सुरक्षा एजेंसियों के बीच बेहतर समन्वय का परिणाम है, बल्कि यह भी संकेत देती है कि अब सरकार और सुरक्षा बल नक्सलवाद के खिलाफ निर्णायक मोड़ पर पहुंच चुके हैं. इस अभियान में मिसिर बेसरा, अनमोल, अजय महतो जैसे कुख्यात माओवादी नेताओं की मौजूदगी की सूचना चिंता का विषय है, जो बताता है कि अब भी यह इलाका उनके लिए रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण बना हुआ है. ऐसे में यह आवश्यक है कि अभियानात्मक कार्रवाई के साथ-साथ स्थानीय समुदायों को भरोसे में लेकर विकास और विश्वास का माहौल भी निर्मित किया जाए. इस तरह की कार्रवाई से यह संदेश स्पष्ट है-राज्य की सुरक्षा व्यवस्था अब किसी भी नक्सली मंसूबे को सफल नहीं होने देगी. यह केवल एक साजिश को विफल करने की घटना नहीं, बल्कि शांति और लोकतंत्र की रक्षा के लिए लड़ी जा रही निर्णायक लड़ाई का हिस्सा है.

**नजरिया**

## झारखंड में बारिश का कहर किसानों पर पड़ी दोहरी मार

झारखंड में बीते कई दिनों से हो रही मूसलधार बारिश ने ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ माने जाने वाले किसानों की कमर तोड़ दी है. राज्य के विभिन्न हिस्सों में खेत जलमग्न हैं, बिचड़े और बीज बह चुके हैं, और धान, मड़ुवा की बुआई पूरी तरह बाधित हो गई है. सब्जी उत्पादक किसानों की हालत तो और भी खराब है-टमाटर, भिंडी, परवल जैसी फसलें खेत में ही सड़ रही हैं. किसानों की चिंता जायज़ है. किसान चिंतित हैं कि अगर सावन और भादो में भी बारिश ऐसी ही हुई तो कर्ज चुका पाना असंभव हो जाएगा. सिर्फ खेती ही नहीं, ग्रामीण रोजगार और व्यवसाय भी बुरी तरह प्रभावित हुए हैं. कर्रा रोड के भोजनालय संचालक प्रकाश को घाटा उठाना पड़ रहा है, जबकि राजमिस्त्री कासिम शेख जैसे दिहाड़ी मजदूरों के सामने रोज़ी-रोटी का संकट खड़ा हो गया है. गांवों में टूटे पुल-पुलिया और बंद रास्तों ने विद्यार्थियों और आम लोगों की मुश्किलें और बढ़ा दी हैं. यह स्थिति केवल मौसम की मार नहीं, बल्कि आपदा प्रबंधन की विफलता का भी प्रमाण है. जरूरत है कि राज्य सरकार तत्काल राहत और क्षतिपूर्ति की प्रक्रिया शुरू करे. किसानों को बीज, उर्वरक और आर्थिक सहायता के साथ-साथ कर्ज माफी या स्थगन जैसे विकल्प भी दिए जाएं. जल-जमाव और बाढ़ नियंत्रण के स्थायी समाधान की भी दिशा तय की जाए. क्योंकि अगर अब भी ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो यह बारिश एक प्राकृतिक आपदा से बढ़कर सामाजिक-आर्थिक संकट का रूप ले लेगी.

# वामपंथी उग्रवाद के खिलाफ सरकार का प्रतिवाद

**पंकज जगन्नाथ जयस्वाल**



**वामपंथी उग्रवाद के खिलाफ भारत सरकार की रणनीति सफल रही है.**

**भारत सरकार ने वामपंथी उग्रवाद पर जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई है. नक्सलग्रस्त क्षेत्रों में कानून का शासन, विकास से वंचित क्षेत्रों नुकसान की भरपाई हो रही है.इस खतरे से निपटने के लिए 2015 में ही कार्ययोजना को मंजूरी मिली थी.**

वामपंथी उग्रवाद का हिस्सा शहरी नक्सली, एक ऐसा मुहावरा जिसने हाल के वर्षों में लोकप्रियता हासिल की है, शहरी क्षेत्रों में ऐसे व्यक्तियों और संगठनों को संदर्भित करता है जो माओवादी उग्रवाद के साथ सहानुभूति रखते हैं, उसका समर्थन करते हैं या सक्रिय रूप से सहायता करते हैं. ये शहरी नक्सली स्थानीय विरोध को खरीदने की चाहत रखने वाले वैश्विक व्यापारिक दिग्गजों की तरह भारत के खिलाफ अपने हमले को आगे बढ़ाने के लिए प्रमुख माध्यम हैं. एनआईए के अध्ययन के अनुसार, कई फ्रंटल संगठन और छात्र विंग इस भर्ती प्रयास का नेतृत्व कर रहे हैं. ये संगठन कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में छात्रों की आदर्शवादिता और कमजोरी का फायदा उठाते हैं. इस ज़हरीली मानसिकता के परिणामस्वरूप हम एक समाज और राष्ट्र के रूप में बहुत पीड़ित हैं. हालांकि, हाल के वर्षों में भारत की वामपंथी उग्रवाद विरोधी नीति, जो सुरक्षा प्रवर्तन, समावेशी विकास और सामुदायिक भागीदारी को जोड़ती है, एक बड़ी सफलता रही है. आंदोलन धीरे-धीरे कम हो गया है, हिंसा में काफी कमी आई है और कई वामपंथी उग्रवाद प्रभावित जिलों को राष्ट्रीय मुख्यधारा में फिर से शामिल किया जा रहा है.

भारत सरकार 31 मार्च, 2026 तक नक्सलवाद को पूरी तरह से खत्म करने के लिए प्रतिबद्ध है. वामपंथी उग्रवाद का छत्तीसगढ़, झारखंड, आंध्र, तेलंगाना, महाराष्ट्र और पूर्वोत्तर राज्यों जैसे राज्यों के कुछ इलाकों पर प्रभाव पड़ा है.दशकों से उग्रवाद से संबंधित रक्तपात ने पूर्वोत्तर में जीवन को दबा दिया था. पिछले 11 वर्षों में सरकार ने महत्वपूर्ण उग्रवादी संगठनों के साथ 12 शांति संधियों पर बातचीत की है और 10, 000 से अधिक विद्रोहियों ने अपने हथियार डाल दिए. मुख्यधारा के जीवन में प्रवेश किया है. बोडो शांति समझौता और ब्रू-रियांग पुनर्वास संधि जैसे ऐतिहासिक समझौतों ने न केवल शांति बहाल की, बल्कि इस क्षेत्र को मुख्यधारा में फिर से शामिल करने के लिए वित्तीय सहायता भी प्रदान की.

हाल ही में त्रिपुरा में एनएलएफटी और एटीटीएफ के साथ 2024 के समझौते ने 35 साल की लड़ाई को समाप्त कर दिया. इन ऐतिहासिक पहलों ने न केवल शांति में सुधार किया है, बल्कि स्थानीय समुदायों में विश्वास भी बढ़ाया है. इस शांति-केंद्रित दृष्टिकोण के स्पष्ट परिणाम के रूप में सशस्त्र बल विशेषाधिकार अधिनियम को पूरे पूर्वोत्तर में कम कर दिया गया है. 2014 और 2024 के बीच, हिंसक घटनाओं में 70 प्रतिशत की कमी आई है.नरेंद्र मोदी की सरकार ने नीतिगत सुधारों को भी लागू किया. 2015 में लुक ईस्ट से एक्ट ईस्ट नीति में परिवर्तन ने पूर्वोत्तर को एक सुदूर सीमा से दक्षिण-पूर्व एशिया के महत्वपूर्ण प्रवेश द्वार में बदल दिया. कलादान मल्टीमॉडल ट्रांजिट ट्रांसपोर्ट प्रोजेक्ट और बांग्लादेश के साथ अगरतला-अखौरा रेल लिंक जैसी प्रमुख पहलें व्यापार और गतिशीलता बढ़ाने के लिए सीमा पार कनेक्शन बना रही हैं. क्षेत्र का सांस्कृतिक पुनरुत्थान भी उतना ही महत्वपूर्ण रहा है.

पहले नजरअंदाज किए गए पूर्वोत्तर के समृद्ध सांस्कृतिक अतीत की अब राष्ट्रीय और विश्वव्यापी स्तर पर सराहना हो रही. नॉर्थ ईस्ट जोन कल्चरल सेंटर जैसे सांस्कृतिक केंद्रों की स्थापना ने नगालैंड के हॉर्नबिल और मणिपुर के संगाई जैसे क्षेत्रीय त्योहारों को बढ़ावा दिया है. यूनेस्को की विश्व धरोहर सूची में चोराइदेओ के मोइदाम के शिलालेख ने क्षेत्र के सांस्कृतिक गौरव को बढ़ा दिया है. मुगा सिल्क, जोहा चावल, तेजपुर लीची, काजी नेमू और बोका चौल जैसे स्थानीय उत्पादों ने जीआई लेबल प्राप्त किए हैं, जिससे उनकी दृश्यता और आर्थिक मूल्य बढ़ गया है. इस पुनर्जीवित सांस्कृतिक पहचान और उन्नत बुनियादी ढांचे के परिणामस्वरूप पर्यटन फल-फूल रहा है. अकेले 2023 में इस क्षेत्र में लगभग 1.20 करोड़ घरेलू पर्यटक और 2.21 लाख विदेशी आगंतुक थे. पूर्वोत्तर भारत में कृषि, जो पहले अपने प्रचुर प्राकृतिक संसाधनों के बावजूद कम प्रदर्शन से सीमित थी, एक शानदार बदलाव के दौर से गुजर रही है. उत्तर पूर्वी क्षेत्र के लिए मिशन ऑर्गेनिक वैल्यू चेन डेवलपमेंट जैसे प्रयासों से 1.89 लाख से अधिक किसानों को लाभ हुआ है, जिसने 1.73 लाख हेक्टेयर क्षेत्र को जैविक खेती में बदल दिया है. इन किसानों को और सशक्त बनाने के लिए 10,000 एफपीओ के गठन और संवर्धन पहल के हिस्से के रूप में 205 किसान उत्पादक संगठन स्थापित किए गए, जो क्षेत्र के 15,500 किसानों को कवर करते हैं. ये एफपीओ सामूहिक सौदेबाजी की शक्ति को मजबूत करते हैं, प्रसंस्करण कौशल में सुधार करते हैं और बाजारों तक पहुंच को व्यापक बनाते हैं.

भारत सरकार सार्वजनिक बुनियादी ढांचे की खामियों को दूर करने के लिए विशेष केंद्रीय सहायता नामक एक विशेष योजना के अंतर्गत क्रमशः सबसे अधिक प्रभावित जिलों और चिंता के जिलों को 30 करोड़ और 10 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान करती है. इसके अलावा, विभिन्न जिलों के लिए उनकी जरूरतों के आधार पर अनूठी पहल प्रदान की जाती है. वामपंथी उग्रवाद की हिंसक घटनाएं, जो 2010 में 1936 के शिखर पर थीं, 2024 में 374 तक गिर गई हैं, जो 81% की गिरावट को दर्शाता है. इसी तरह कुल मौतों की संख्या भी इस दौरान 85% कम हुई है, जो 2010 में 1005 से 2024 में 150 हो गई है. भारत सरकार ने वामपंथी उग्रवाद के संबंध में जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई है. पहला, नक्सलग्रस्त क्षेत्रों में कानून स्थापित करना और सभी अवैध हिंसक कृत्यों को समाप्त करना. दूसरा, लंबे समय तक नक्सली आंदोलन के परिणामस्वरूप विकास से वंचित क्षेत्रों में नुकसान की शीघ्र भरपाई करना. वामपंथी उग्रवाद के खतरे से समग्र रूप से निपटने के लिए, वामपंथी उग्रवाद के लिए एक राष्ट्रीय नीति और कार्य योजना को 2015 में मंजूरी दी गई थी. इसमें एक बहुआयामी रणनीति की परिकल्पना की गई है जिसमें सुरक्षा उपाय, विकास पहल, स्थानीय लोगों के अधिकारों और पात्रता की रक्षा आदि शामिल हैं.

**आज का इतिहास**

1816: अर्जेंटीना ने स्पेन से स्वतंत्रता हासिल की.
1875: बंबई स्टॉक एक्सचेंज की स्थापना.
1925: भारतीय सशक्त अभिनेता एवं बेहतरीन निदेशकों में शुमार गुरुदत्त का जन्म.
1938: अभिनय से सिनेमा को समृद्ध बनाने वाले अभिनेता संजीव कुमार का जन्म.
1951: देश में पहली पंचवर्षीय योजना (1951-56) को प्रकाशित किया गया.
1969: वन्यजीव बोर्ड ने शेर को देश का राष्ट्रीय पशु घोषित किया. 1973 में शेर के स्थान पर बाघ राष्ट्रीय पशु बना.
1973: बहामास में ब्रिटिश साम्राज्य का सूर्यास्त.
1991: दक्षिण अफ्रीका को ओलंपिक खेलों में दोबारा हिस्सा लेने की अनुमति मिली.
2002: आर्गेनाइजेशन आफ़ अफ्रीकन यूनिटी का नाम बदलकर अफ्रीकन यूनियन हुआ.
2004: एशियाई विकास बैंक ने आतंकवाद से लड़ने हेतु अपने 42 सदस्य देशों के लिए कोष बनाया.


## गुरु को ऊंचा स्थान दीजिए, तभी मिलेगा ज्ञान

**चिंतन**

एक राजा को पढ़ने लिखने का शौक था. एक बार उसने अपने लिए शिक्षक की व्यवस्था की. शिक्षक राजा को पढ़ाने आने लगा. राजा को शिक्षा लेते कई माह बीत गए, मगर कोई लाभ न हुआ. गुरु तो रोज खूब मेहनत करता, किंतु राजा को उसका कोई फ़ायदा नहीं हो रहा था. आखिर में एक दिन रानी ने राजा को सलाह दी कि आप इस सवाल का जवाब गुरु जी से ही पूछ कर देखिए. राजा ने हिम्मत करके गुरु के सामने जिज्ञासा रखी, हे गुरुवर, मैं महीनो से शिक्षा ले रहा हूं पर मुझे इसका कोई लाभ नहीं हो रहा. ऐसा क्यों? गुरु जी ने शांत स्वर में जवाब दिया, राजन इसका कारण सीधा सा है. गुरुवर आप इसका उत्तर दें. गुरुजी ने कहा, राजन बात छोटी है परन्तु आप अपने बड़े होने के अहंकार में इसे समझ नहीं पा रहे और परेशान हैं. माना कि आप राजा हैं. परन्तु आप का व मेरा रिश्ता गुरु-शिष्य का है. गुरु होने के नाते मेरा स्थान आपसे उच्च होना चाहिए, परन्तु आप स्वंय ऊंचे सिंहासन पर बैठते हैं और मुझे अपने से नीचे के आसन पर बैठाते हैं. बस यही एक कारण है जिससे आपको न तो कोई शिक्षा प्राप्त हो रही है और न ही कोई ज्ञान मिल रहा. कल से अगर आप मुझे ऊंचे आसन पर बैठाएं और स्वंय नीचे बैठें तो कोई कारण नहीं कि आप शिक्षा प्राप्त न कर पाएं. राजा की समझ में बात आ गई. उसने अपनी गलती को स्वीकारा और गुरुवर से उच्च शिक्षा प्राप्त की.

मित्रों, इस छोटी सी कहानी का सार यह है कि हम रिश्ते-नाते, पद या धन वैभव किसी में भी कितने ही बड़े क्यों न हों हम अगर अपने गुरु को उसका स्थान नहीं देते तो हमारा भला होना मुश्किल है. और यहां स्थान का अर्थ सिर्फ ऊंचे या नीचे बैठने से नहीं है, इसका सही अर्थ है कि हम अपने मन में गुरु को क्या स्थान दे रहे हैं. क्या हम सही मायने में उनको सम्मान दे रहे हैं या स्वयं के ही श्रेष्ठ होने का घमंड कर रहे हैं? अगर हम अपने गुरु या शिक्षक के प्रति हेय भावना रखेंगे तो हमें उनकी योग्यताओं एवं अच्छाइयों का कोई लाभ नहीं मिलने वाला और अगर हम उनका आदर करेंगे, उन्हें महत्व देंगे, तो उनका आशीर्वाद हमें सहज ही प्राप्त होगा.


**इंडिया पर ट्रेंडिंग**




1. #मांसपराया_खाकर_गला_न_कटाओकोई
2. Sant RampalJi Yt Channel
3. #RespectMotherhood
4. #trainaccident
5. #Cuddalore
6. #RPGP
7. Saint Dr MSG
8. Sant Shri Asharamji Ashram
9. Rishi Prasad
10. Register Now

## दिलीप कुमार की यादों में खोए धर्मेंद्र

**भावुक पोस्ट की शेयर**



भले ही दिग्गज अभिनेता दिलीप कुमार अब हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन उनकी यादें आज भी प्रशंसकों के दिलों में ज़िंदा हैं. हिंदी सिनेमा के इस 'ट्रेजेडी किंग' को उनके साथी कलाकार भी हर मौके पर याद करते हैं. उनकी पुण्यतिथि के अवसर पर उनके बेहद करीबी दोस्त और बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता धर्मेंद्र भावुक हो उठे. सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर करते हुए धर्मेंद्र ने बताया कि दिलीप की कमी उन्हें कितनी खलती है. धर्मेंद्र ने दिलीप कुमार संग अपनी एक यादगार पुरानी तस्वीर सोशल मीडिया पर शेयर की और दिल छू लेने वाला संदेश लिखा. उन्होंने लिखा, आज का दिन बेहद गमगीन और मन को तोड़ देने वाला है. आज ही के दिन मेरे सबसे प्यारे दोस्त, आप सबके चहेते कलाकार, फिल्म इंडस्ट्री के खुदा और एक नेकदिल इंसान, दिलीप साहब हम सभी को छोड़कर हमेशा के लिए चले गए. यह ग़म शायद कभी नहीं भरेगा, लेकिन दिल को यही तसल्ली देता हूं कि वो कहीं न कहीं हमारे ही आसपास हैं. धर्मेंद्र की इस भावुक पोस्ट पर प्रशंसक भी भावनाओं में बहते दिखे और दिल खोलकर उन्हें अपना प्यार और समर्थन दे रहे हैं.

### दोनों में दोस्ती 1966 में हुई थी

धर्मेंद्र और दिलीप कुमार की दोस्ती की शुरुआत साल 1966 में रिलीज़ हुई फिल्म 'पारी' से हुई थी, जिसमें दिलीप साहब ने एक मेहमान भूमिका निभाई थी. यही वह फिल्म थी, जिसने दोनों दिग्गज कलाकारों को पहली बार एक साथ पर्दे पर लाया. पर्दे की इस मुलाकात ने असल ज़िंदगी में भी एक गहरी दोस्ती की नींव रखी. धर्मेंद्र ने समय-समय पर दिलीप साहब को याद करते हुए अपने मन की भावनाएं दुनिया के सामने रखी हैं. पिछले साल दिलीप कुमार की पत्नी सायरा बानो ने भी सोशल मीडिया पर धर्मेंद्र और दिलीप साहब की मुलाकातों से जुड़ी यादों के कुछ अनमोल किस्से शेयर किए थे, जो प्रशंसकों के लिए किसी खजाने से कम नहीं हैं. जब दिलीप कुमार ने भारत की सरज़मीं पर अपने कदम रखे थे, तब किसे अंदाजा था कि एक दिन यही शख्सियत करोड़ों दिलों की धड़कन बन जाएगी. उन्होंने न सिर्फ अभिनय किया, बल्कि सिनेमा को एक नई परिभाषा दी. वो वाकई हिंदी सिनेमा के असली फनकार थे. उन्होंने अपनी यादगार फिल्मों के ज़रिए दशकों तक दर्शकों का मनोरंजन किया और दिलों पर राज किया. 7 जुलाई, 2021 को मुंबई के हिंदुजा अस्पताल में उन्होंने अपनी अंतिम सांस ली.

**बहुरंग**




## फिल्म 'कांतारा : चैप्टर 1' के पोस्टर में दिखा ऋषभ का रौद्र और बेहद प्रभावशाली अवतार

अभिनेता, निर्माता और निर्देशक ऋषभ शेट्टी एक बार फिर अपनी बहुप्रतीक्षित फिल्म 'कांताराः चैप्टर 1' को लेकर सुर्खियों में हैं. हाल ही में फिल्म से उनका नया पोस्टर रिलीज़ हुआ है, जिसमें ऋषभ का रौद्र और बेहद प्रभावशाली अवतार देखने को मिला. यह पोस्टर उनके जन्मदिन के खास मौके पर जारी किया गया, जो उनके प्रशंसकों के लिए किसी तोहफे से कम नहीं था. पोस्टर ने फिल्म के प्रति दर्शकों की उत्सुकता को और भी बढ़ा दिया है. रिपोर्ट्स की मानें तो इस बार ऋषभ का किरदार पहले से भी ज्यादा तीव्र, रहस्यमयी और खूंखार अंदाज में नजर आने वाला है. फिल्म की प्रोडक्शन कंपनी होम्बले फिल्म्स ने 'कांताराः चैप्टर 1' का पोस्टर शेयर करते हुए लिखा, जहां किंवदंतियों की उत्पत्ति होती है और जंगल की गूंजती दहाड़ सब कुछ चीर देती है, वहीं जन्म लेता है कांतारा.₹ यह फिल्म उस महाकाव्य की शुरुआत है, जिसने लाखों दर्शकों के दिलों को छुआ. पोस्टर के साथ ऋषभ शेट्टी को जन्मदिन की शुभकामनाएं भी दी गईं, और उन्हें इस किंवदंती के पीछे की 'अग्रणी शक्ति' बताया गया. प्रशंसकों की उत्सुकता उस समय और बढ़ गई जब यह घोषणा की गई कि यह बहुप्रतीक्षित प्रीक्वल 2 अक्टूबर 2025 को दुनियाभर के सिनेमाघरों में रिलीज़ होगा. पोस्टर में ऋषभ के तेवर देखकर साफ है, वह एक बार फिर बड़े पर्दे पर अपनी दमदार मौजूदगी से दहाड़ मचाने को तैयार हैं. साल 2022 में आई कन्नड़ फिल्म 'कांतारा' ने लोक कथाओं और ग्रामीण संस्कृति की गहराइयों को छूते हुए पूरे देश के दर्शकों का दिल जीत लिया था. सीमित बजट में बनी इस फिल्म ने न सिर्फ जबरदस्त कमाई की, बल्कि सिनेमा में मौलिकता की मिसाल भी पेश की. इस फिल्म के निर्माता, निर्देशक और प्रमुख अभिनेता ऋषभ शेट्टी ने अपनी दमदार प्रस्तुति से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया. अब जब 'कांताराः चैप्टर 1' का ऐलान हो चुका है, तो उनके प्रशंसकों को पूरा यकीन है कि यह प्रीक्वल भी पिछली फिल्म की तरह ही ब्लॉकबस्टर साबित होगा.

## आमिर खान ने रखा ज्वाला गुट्टा की बेटी का नाम, भावुक होकर गोद में लिया



तमिल अभिनेता विष्णु विशाल और पूर्व बैडमिंटन चैंपियन ज्वाला गुट्टा इन दिनों सुर्खियों में हैं. हाल ही में दोनों के घर बेटे का जन्म हुआ है, जिसकी खुशी में एक भव्य नामकरण समारोह आयोजित किया गया. इस खास मौके पर बॉलीवुड सुपरस्टार आमिर खान भी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए. सबसे दिलचस्प बात यह रही कि आमिर खान ने खुद इस नवजात बच्चे का नाम रखा, जिसे सुनकर सभी बेहद भावुक हो गए.

**आमिर ने दिया खास नाम :** आमिर का विष्णु और ज्वाला के साथ खास रिश्ता है. इसलिए, यह बरसा समारोह बहुत खास और भावनात्मक था. विष्णु और ज्वाला ने अपने सोशल मीडिया पर कुछ खूबसूरत तस्वीरें शेयर कीं और खुलासा किया कि 'आमिर ने लड़की का नाम रखा है.' उन्होंने कहा कि आमिर खान ने लड़की का नाम 'मीरा' सुझाया और परिवार ने खुशी-खुशी इसे स्वीकार कर लिया. इस फोटो में आमिर अपनी बेटी को गोद में लिए हुए नजर आ रहे हैं.

## 'मेट्रो...इन दिनों' को मिल रहा दर्शकों का प्यार, तीन दिन का कलेक्शन 16.75 करोड़



सारा अली खान और आदित्य रॉय कपूर स्टारर बहुप्रतीक्षित फिल्म 'मेट्रो... इन दिनों' आखिरकार 4 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है. अनुराग बसु द्वारा निर्देशित इस मल्टी-स्टारर फिल्म को दर्शकों और समीक्षकों से मिली-जुली प्रतिक्रियाएं मिल रही हैं. फिल्म में फातिमा सना शेख, अली फज़ल, नीना गुप्ता, कोंकणा सेन शर्मा, पंकज त्रिपाठी और अनुपम खेर जैसे कई दमदार कलाकार हैं. अब फिल्म की तीसरे दिन की कमाई सामने आ गई है. फिल्म 'मेट्रो इन दिनों' ने अपनी रिलीज के पहले दिन 4.05 करोड़ रुपये की ओपनिंग की थी. दूसरे दिन इसने 6.85 करोड़ रुपये का कारोबार किया, जिससे फिल्म की कमाई में अच्छी बढ़त देखने को मिली. बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क के मुताबिक फिल्म ने तीसरे दिन यानी रविवार को 7.25 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया. इसके साथ ही 'मेट्रो इन दिनों' का तीन दिन का कुल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 16.75 करोड़ रुपये तक पहुंच गया है.




**आचार्य प्रणव मिश्रा**

मोबाइल नंबर 8210075897

**मेष :** मन प्रसन्न बना रहेगा. अचल संपति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी. परिवार के साथ मनोरांजनिक स्थल की यात्रा होगी. आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी. भविष्य की योजनाओं पर विचार विमर्श होगा. अपनों का सहयोग प्राप्त होगा. सभी का सहयोग मिलेगा. शुभांक-1-3-5

**वृष :** दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा. वरिष्ठ लोगों से कहासुनी के कारण तनाव पैदा हो सकता है. संयमित भाषा का इस्तेमाल करें. कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे. आवेग में आकर किये गए कार्यों का म्लान, अवसाद रहेगा. उतावलेपन से बचें. प्रेमभाव बढ़ेगा. शुभांक-3-6-9

**मिथुन :** घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी. प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा. मनोरथ सिद्घि का योग है. अवरुद्घ कार्य संपन्न हो जाएंगे. सभा-सोसायटी में सम्मान मिलेगा. पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे. शुभांक-5-6-7

**कर्क :** सामाजिक कार्य संपन्न होंगे. प्रेमभाव बढ़ेगा. आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी. स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी. ज्ञान-विज्ञान की वृद्घि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा. स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा. शुभांक-3-5-7

**सिंह :** कुछ कार्य भी सिद्घ होंगे. व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है. प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा. अवरुद्घ कार्य संपन्न हो जाएंगे. महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा. भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा. स्वविवेक से कार्य करें. दुर्लभ स्वप्न साकार होंगे. शुभांक-3-5-7

**कन्या :** आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी. आगे बढने के अवसर लाभकारी सिद्घ हो रहे हैं. कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं. कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे. सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा. धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी. स्त्री पक्ष का सहयोग मिलेगा शुभांक-2-5-7

**तुला :** आय-व्यय समान रहेगा. स्वास्थ्य उत्तम रहेगा. व्यापार में स्थिति नरम रहेगी. शत्रुभय, इ्क्षचता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे. भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है. व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए. मेल-मिलाप से कोशिश सफल होगी. शुभांक-2-4-6

**वृश्चिक :** कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा. मान-सम्मान में वृद्घि होगी. अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे. अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें क्योंकि आगे कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे. स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा. शुभांक-3-6-9

**धनु :** यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा. मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी. अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी. समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा. नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे. अपने काम को प्राथमिकता से करें चिंतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी. शुभांक-4-6-8

**मकर :** मेहमानों का आगमन होगा. राजकीय कार्यों से लाभ. पैतृक सम्पत्ति से लाभ. नैतिक दायरे में रहें. मेहमानों का आगमन होगा. पुरानी गलती का पश्चाताप होगा. विद्यार्थियों को लाभ. दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा. वाहन चालन में सावधानी बरतें. आय के अच्छे योग बनेंगे. सफलता मिलेगी. शुभांक-3-6-8

**कुंभ :** परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा. समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा. आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी. शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे. स्वास्थ्य उत्तम रहेगा. व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी. ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा. सफलता मिलेगी. शुभांक-3-6-8

**मीन :** अपनों का सहयोग प्राप्त होगा. शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है. व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी. नौकरी में पदोन्नति की संभावना है. मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है. शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें. इच्छित कार्य सफल होंगे. सुख-आनंद कारक समय है. शुभांक-2-4-6



# सिंपल कुर्ती के साथ बेस्ट रहेंगी ट्रेंडी इयररिंग्स की ये डिजाइंस

**अगर आप सिंपल कुर्ती पहन रही हैं तो इस कुर्ती के साथ आप ये लेटेस्ट डिजाइंस वाली इयररिंग्स वियर कर सकती हैं।**

इयररिंग्स आपके लुक को कम्पलीट करने का काम करती हैं। इसी वजह से महिलाएं अपने आउटफिट के साथ वियर करने के लिए इयररिंग्स बड़े ही सोच समझ कर लेती हैं। वही अगर आप सिंपल कुर्ती वियर कर रही हैं और इस बात को लेकर कन्फ्यूज्ड हैं कि इस तरह की कुर्ती के साथ किस तरह का इयररिंग्स पहने तो इस आर्टिकल की मदद से आप एक परफेक्ट इयररिंग्स का चुनाव कर सकती हैं।

## कुंदन झुमकी डिजाइन

कुर्ती के साथ आप कुंदन झुमकी वियर कर सकती हैं। इस तरह की झुमकी आप किसी खास मौके पर अपने आउटफिट के साथ मैच करके वियर कर सकती हैं। यह झुमकी आपको आसानी से बाजार या ऑनलाइन प्लेटफार्म में मिल जाएगी। इन झुमकी में मिरर वर्क किया गया है साथ ही इन झुमकी में मोती भी लगाए गए हैं। इस तरह झुमकी पस्टेल कलर में मिल जाएगी जिन्हें आप अपने आउटफिट के साथ मैच करके वियर कर सकती हैं। इस तरह की झुमको आप कई सारे डिजाइन और कलर में 200 से 300 रुपये में खरीद सकती हैं।

## पर्ल इयररिंग्स

यह पर्ल इयररिंग्स इन दिनों काफी ट्रेंड में है और इस तरह इयररिंग्स भी आप अपने सिंपल कुर्ती के साथ वियर कर सकती हैं। यह पर्ल इयररिंग्स आपको कई सारे डिजाइन में मिल जाएंगे जिन्हें आप ऑनलाइन या फिर ऑफलाइन दोनों ही जगहों से खरीद सकती हैं इस पर्ल इयररिंग्स में सिर्फ एक मोती है जिसकी वजह से पर्ल इयररिंग्स काफी खूबसूरत नजर आती है और इस तरह के पर्ल इयररिंग्स को आप 300 तक की रेंज में खरीद सकती हैं।

## चांदबाली इयररिंग्स

यह चांदबाली इयररिंग्स भी आप अपने आउटफिट के साथ मैच कर वियर कर सकती हैं। जहा ये चांदबाली इयररिंग्स सिंपल कुर्ती के साथ स्टाइल की जा सकती है तो वहीं ये चांदबाली इयररिंग्स गोल चेहरे वाली महिलाओं पर भी बेस्ट लगेंगी। यह चांदबाली इयररिंग्स आपको आसानी से मार्केट में मिल जायेंगी साथ ही ऑनलाइन भी आप इस तरह की इयररिंग्स भी आप इस तरह की इयररिंग्स 300 रुपये में खरीद सकती हैं।



**अगर आपका बच्चा विदेश या घर से दूर जाकर पढ़ाई करने का फैसला ले चुका है, तो ऐसी स्थिति में माता-पिता के रूप में आपको क्या करना चाहिए या आपकी क्या जिम्मेदारी बनती है?**

# पढ़ाई के लिए विदेश जाना चाहता है बच्चा?

## मां-बाप कैसे लें सही फैसला



कई माता-पिता इस बात को लेकर दुविधा में रहते हैं कि अपने बच्चों को पढ़ाई के लिए दूर भेजें या नहीं। यह सफर हमारे जीवन में कई बदलाव लाता है। यह भावनात्मक रूप से एक झूले की तरह होता है जिसमें उत्साह, चिंता और अपार विकास के अवसर होते हैं। अपने बच्चे को दूर भेजना आसान काम नहीं होता है बल्कि इसके लिए बहुत सारा भरोसा, साहस और गहन शोध की जरूरत होती है। कई पेरेंट्स अपने बच्चे को पढ़ाई या नौकरी के लिए घर से दूर भेज देते हैं। कभी-कभी तो यह काफी सुहावना लगता है लेकिन इसके साथ परेशानियां भी हैं। इसमें अवसर हैं, तो बच्चे को लेकर डर भी बना रहता है। ऐसे में एक भरोसा ही है जिसके दम पर पेरेंट्स अपने बच्चे को अपने आप से और घर से इतना दूर भेज देते हैं।

### क्या होता है भरोसा करने का फायदा

आप अपने बच्चे के विदेश में पढ़ाई करने के फैसले पर भरोसा करते हैं और उनके निर्णय पर विश्वास जताते हैं। इससे बच्चे अपनी जर्नी में अधिक आत्मविश्वास और सशक्त महसूस करते हैं। माता-पिता को समझना चाहिए कि उनका डर बच्चे के उत्साह को कम न करे और उन्हें यह साहसिक कदम उठाने दें।

### बच्चे के निर्णय पर विश्वास जताना

बच्चे के निर्णय पर विश्वास जताना और उन्हें बताना कि आप उन पर भरोसा करते हैं, उनके आत्मविश्वास और सशक्तिकरण में बड़ा योगदान दे सकता है। इससे आप अपने बच्चे को अनंत अवसरों के सागर में डुबकी लगाने का मौका देते हैं।

### बच्चे की च्वॉइस

हो सकता है कि आपको अपने बच्चे का विदेश में पढ़ने का फैसला पसंद न आए फिर भी आप उनका समर्थन करें। हो सकता है वो ऐसे देश में जाना चाहें, जिसके बारे में आप ज्यादा नहीं जानते हैं या फिर ऐसा कोर्स चुनें जो आपको थोड़ा अजीब लगे। उनके फैसलों को मान्य समझें क्योंकि उन्होंने शायद इस पर काफी सोच-विचार किया होगा। याद रखें, ये उनकी खुद की जिंदगी का सफर है और आपको उनका साथ देना चाहिए।

### इमोशनल सपोर्ट

विदेश में पढ़ाई करने का सपना आपके बच्चे के लिए रोमांचक जरूर होगा, लेकिन कभी-कभी थोड़ा डरावना भी हो सकता है। ऐसे में उन्हें आपके भावनात्मक सपोर्ट की सबसे ज्यादा जरूरत होती है। उनकी बात सुनने के लिए हमेशा मौजूद रहें, उन्हें प्रोत्साहित करें और उनकी उपलब्धियों का जश्न मनाएं। अपने शब्दों और विश्वास से उनका हौसला बढ़ाएं।

### कनेक्ट रहना

बच्चे का दूर जाना भले ही जरूरी हो, लेकिन इसका मतलब ये नहीं कि आप उनका साथ छोड़ दें। उनके साथ जुड़े रहना और मजबूत रिश्ता बनाए रखना जरूरी है। इससे उन्हें दूर रहते हुए भी भावनात्मक सहारा मिलेगा और वो आत्मनिर्भर बनने में सक्षम होंगे। आधुनिक तकनीक ने तो इसे और भी आसान बना दिया है। आप वीडियो कॉल के जरिए उनसे बात कर सकते हैं और उनसे जुड़ाव महसूस कर सकते हैं। साथ ही, आप उनकी छुट्टियों में उनसे मिलने भी जा सकते हैं।

### रिसर्च में साथ देना

बेशक, रिसर्च में आपके बच्चे को ही आगे रहना चाहिए, लेकिन इसमें आपका शामिल होना दोनों के लिए ही राहत का काम कर सकता है। आप उनके साथ कॉलेजों, प्रोग्रामों और जगहों के बारे में रिसर्च कर सकते हैं। इससे न सिर्फ आपको पता चलेगा कि उन्हें क्या पसंद है और क्या नहीं, बल्कि आप उन्हें अपना ज्ञान और सलाह भी दे सकते हैं।





# बारिश के दौरान इन तरीकों से पाएं कीड़े मकोड़े से छुटकारा

**बारिश के मौसम में बल्ब या रोशनी करते ही कीड़ों का झुंड टूट पड़ता है। घर में कीट-पतंगे के आने से काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है।**

मानसून का मौसम शुरू हो गया है। ऐसे में कई प्रकार की समस्या पैदा हो जाती है जैसे दीवारों पर नमी आना, कपड़ों से बदबू, अनाज में सीलन आ जाना इत्यादि। इन्हीं दिक्कतों में एक और परेशानी है- रोशनी करते ही कीड़ों का आना। बारिश के दौरान रात के वक्त बल्ब जलाने पर घर के अंदर कीट-पतंगे घुस आते हैं। इस स्थिति में खाना बनाने से लेकर किसी अन्य काम को करना दुश्वार हो जाता है। इन कीड़ों की संख्या इतनी ज्यादा होती है कि इन्हें बाहर निकालना काफी मुश्किल हो जाता है। कई बार तो ये बरसाती कीड़े बल्ब में चिपके-चिपके ही मर जाते हैं। अगर आप इन बरसाती कीड़ों से बचना चाहते हैं ये घरेलू उपाय बेहद कारगर साबित हो सकते हैं। इन तरीकों को अपनाकर आप बरसाती कीट-पतंगों से निजात पा सकते हैं।

## अच्छे से करें सफाई

बेहतर रोशनी के लिए हम सभी कमरे में लाइट लगाने के साथ-साथ बालकनी से लेकर खिड़की और मुख्य दरवाजे के बाहर भी बल्ब लगाते हैं। कीड़ों से बचने के लिए बल्बों के अगल-बगल के हिस्से की सफाई करना जरूरी है। मानसून शुरू होते ही आप इस हैक को अपना सकती हैं। इसके लिए एक बाल्टी में एक चौथाई पानी लें। अब इसमें नींबू का रस और 1 चम्मच सिरका डालकर अच्छे से मिक्स करें। अब इस घोल की मदद से खिड़की और दरवाजे को अच्छे से क्लीनिंग करें। इसके साथ ही ट्यूब लाइट को नम कपड़े की मदद से पोंछे। इस तरकीब से कीड़ों का आना कम हो जाएगा। मानसून के दौरान आने वाले कीड़ों से बचने के लिए आप घर पर इंसेक्ट फेशनर तैयार कर सकती हैं। इसको तैयार करने के लिए एक बर्तन में पानी लें। अब इसमें 2 चम्मच बेकिंग सोडा, यूकेलिप्टस, सिट्रोनेला ऑयल और लेमन जूस डालकर मिक्स करें। अब इस लिक्विड का उन जगहों पर छिड़काव करें जहां पर बल्ब जलता है।

## ये हैक्स भी है कारगर

बल्ब पर लगने वाले कीट-पतंगों को दूर करने के लिए आप किसी पेड़ की पत्ती लगी डाल का इस्तेमाल कर सकते हैं। इसके लिए हल्के पौधे जैसे कनेर की डाल का उपयोग कर सकती हैं। इस हैक को अपनाने के लिए सबसे पहले डाल की एक टहनी तोड़कर उसे बल्ब के ऊपर फंसा दें। इसके बाद बल्ब जलाएं। ऐसा करने से घर के अंदर कम आएंगे।

## नीम के तेल का कर सकती है उपयोग

कीड़ों को दूर भगाने के लिए आप नीम के तेल का यूज कर सकती हैं। इसके लिए नीम के तेल को स्प्रे बोतल में भरकर उसका छिड़काव करें।

## घर के बाहर लाइट जलाएं

घर के अंदर कीड़े को कम करने के लिए बाहर की लाइट जलाएं। यह उपाय अंधेरा होने से पहले करें। ऐसा करने से उड़ने वाले कीड़े घर के अंदर की बजाय बाहर की लाइट की ओर आकर्षित होंगे।

## लहसुन से कीड़ों को करें दूर

इस उपाय को इस्तेमाल में लाने के लिए लहसुन का घोल बनाएं। इसके लिए लहसुन के रस और पानी को 1:6 के अनुपात में मिलाएं। आप जिस आकार या क्षेत्र में स्प्रे करना चाहते हैं,उसके आधार पर मात्रा अलग-अलग होगी। बिजली के खतरे से बचने के लिए छिड़काव सावधानी से किया जाना चाहिए।



# मानसून के कारण गद्दे से आने लगती है बदबू साफ रखने के लिए फॉलो करें ये टिप्स

**मानसून में घर में आने वाली नमी के कारण हर-जगह से स्मेल आने लगती है, जिसमें बिस्तर से लेकर कपड़े भी शामिल है। गद्दे में बदबू के साथ पूरे मौसम नमी बरकरार रहती है। इस वजह से बिस्तर में कीटाणु पनपने लगते हैं, जो हमें नॉर्मल आंखों से दिखाई नहीं पड़ते हैं। इसकी वजह से रात में सोते वक्त दिक्कत का सामना करना पड़ता है। यह दिक्कत तब ज्यादा बढ़ जाती है जब घर में छोटे बच्चे हो। ऐसे में बिस्तर को स्मेल फ्री रखना सबसे बड़ा काम होता है। इस आर्टिकल में आज हम आपको कुछ ऐसे हैक्स के बारे में बताने जा रहे हैं, जिसकी मदद से आप बिस्तर में आने वाली बदबू को दूर रख सकती हैं।**

गद्दे और तकिए से आने वाली बदबू को ऐसे करें दूर मानसून में अक्सर बच्चे अंदर-बाहर करते और झटपट बिस्तर पर चढ़ जाते हैं। ऐसे में उनके पैर हाथ में मौजूद पानी गद्दे और चादर पर लग जाता है और सही धूप न मिल पाने के कारण इनमें से गंध आने लगती है। इस समस्या को दूर करने के लिए आप चादर के नीचे बड़ी पॉलीथीन बिछाएं। पन्नी नमी को गद्दे तक नहीं पहुंचने देगी।

## बिस्तर को हफ्ते में 3 से 4 बार दिखाए धूप

गद्दे को स्मेल फ्री बनाने का सबसे सस्ता और आसान जुगाड़ यह है कि इसे हफ्ते में जितने बार भी धूप दिखे, उसे सुखाएं। इससे मैट्रेस में मौजूद नमी खत्म हो जाएगी।



## सोडा का करें छिड़काव

गद्दे से आने वाली बदबू को दूर करने के लिए आप बेकिंग सोडा का उपयोग कर सकती हैं। इसके लिए सबसे पहले बिस्तर पर विनेगर का स्प्रे करें। सूखने के बाद इसके ऊपर सोडा का छिड़क कर कुछ समय के लिए छोड़ दें। अब कपड़े की मदद से रगड़ते हुए क्लीन करें।

अद्भुत, अकल्पनीय और क्रिकेट जितना ही अमर: आज के दौर में क्रिकेटर की ऐसी भावना की खूब हो रही चर्चा

# सम्मान की भावना ने वियान मुल्डर को ब्रायन लारा से बड़ा बना दिया!

एजेंसियां। नयी दिल्ली

16 अक्टूबर, 1998। पेशावर में पाकिस्तान और ऑस्ट्रेलिया के बीच दूसरे दिन खेल खत्म हुआ तो ऑस्ट्रेलिया ने 4 विकेट पर 599 रन बनाए थे. कंगारू कप्तान मार्क टेलर नाबाद 334 रन बनाकर खेल रहे थे, जबकि रिकी पोंटिंग 76 रन पर नाबाद थे. मैच के तीसरे दिन पूरी दुनिया की नजर टेलर पर थी, क्योंकि उस समय ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज के तौर पर टेस्ट क्रिकेट में सबसे बड़ी पारी खेलने का रिकॉर्ड सर डॉन ब्रैडमैन के नाम था और टेलर स्टंप्स तक बराबरी कर चुके थे. हर किसी को लग रहा था कि अगले दिन कभी भी टेलर उस रिकॉर्ड को चकनाचूर कर देंगे और क्रिकेट में एक नया कीर्तिमान रचेंगे, लेकिन तीसरे दिन का जब खेल शुरू हुआ तो कुछ ही




मिनटों बाद टेलर ने एक फैसला सुनाया, जिससे हर कोई हैरान रह गया. वह बैटिंग के लिए उतरे, लेकिन कुछ ही मिनटों बाद बिना कोई स्कोर में बदलाव हुए पारी घोषित कर दी. वह चाहते थे कि महान ब्रैडमैन का रिकॉर्ड बचा रहे. वह उस स्कोर की बराबरी से खुश थे. रिकॉर्ड और नाम शेयर करना चाहते थे. उनका सोचना था कि आगे निकल जाऊंगा तो कभी कोई न कोई तो रिकॉर्ड तोड़ ही देगा, लेकिन अगर उसी अंक पर रहूंगा तो सर डॉन ब्रैडमैन के साथ मेरा नाम भी लिया जाएगा, जो अपने आप में सबसे बड़ा सम्मान है. संभव है कि वह बैटिंग करते तो 400 रन भी ठोक देते. ...और अब वियान मुल्डर ने मार्क टेलर के उस ट्रिब्यूट से कहीं बड़ी लाइन खींच दी है.दरअसल, दक्षिण अफ्रीका के कार्यवाहक कप्तान वियान मुल्डर जिम्बाब्वे के खिलाफ दूसरे दिन लंच तक 367 रन बनाकर खेल रहे थे और हर किसी को लग रहा था कि कभी भी वह 34 रन बनाकर ब्रायन लारा के महानतम रिकॉर्ड को चकनाचूर कर देंगे. हालांकि, ऐसा हुआ नहीं. उन्होंने मार्क टेलर की तरह ही पारी घोषित कर दी. इस बारे में जब उनसे पूछा गया तो उन्होंने कहा कि उन्होंने ब्रायन लारा के नाबाद 400 रन के रिकॉर्ड के करीब होने के बावजूद पारी घोषित करने का फैसला किया, क्योंकि उनका मानना है कि वेस्टइंडीज के दिग्गज 'रिकॉर्ड बनाए रखने के हकदार हैं'.

## वियान मुल्डर ने गजब खेल भावना दिखाई

मुल्डर ने जिम्बाब्वे के खिलाफ दूसरे टेस्ट के दूसरे दिन नाबाद 367 रन की पारी खेली लेकिन टीम की पारी को 626 रन पर घोषित कर दिया जबकि वह लारा के ऐतिहासिक रिकॉर्ड को तोड़ने से सिर्फ 34 रन पीछे थे. मुल्डर ने दिन का खेल खत्म होने के बाद कहा, 'सबसे पहले मुझे लगा कि हमारे पास पर्याप्त रन हैं और हमें गेंदबाजी करने की जरूरत है. दूसरा, ब्रायन लारा एक दिग्गज हैं. उनके कद का व्यक्ति यह रिकॉर्ड बनाए रखने का हकदार है.'



उन्होंने कहा, 'अगर मुझे दोबारा ऐसा करने का मौका मिला तो मैं बिल्कुल ऐसा की करूंगा. मैंने शुक्स (शुकरी कॉनराड) से बात की और उन्हें भी ऐसा ही लगा. ब्रायन लारा एक महान खिलाड़ी हैं और वह इस रिकॉर्ड को बनाए रखने के हकदार हैं.' लारा टेस्ट पारी में 400 रन बनाने वाले एकमात्र बल्लेबाज हैं. उन्होंने यह स्कोर 2004 में एंटीगा में इंग्लैंड के खिलाफ बनाया था. कहने वाले कह सकते हैं कि मुल्डर ने जिंदगी में सबसे बड़े मौके को गंवा दिया. इस तरह का मौका जिंदगीभर में एक बार मिलता है और वो भी हर किसी को नसीब नहीं होता. मुल्डर उस रिकॉर्ड के करीब थे. उन्हें उसे तोड़ने की कोशिश करनी चाहिए थी. वह मैच में खुद ही कप्तान भी हैं तो उन्हें कोई रोक भी नहीं सकता था, लेकिन उन्होंने ऐसा नहीं किया. यह उस खिलाड़ी के लिए सम्मान की भावना है, जिसने अपनी बैटिंग से दुनिया जीती है. यह उस खेल के प्रति सम्मान की भावना है, जिसे लीजेंड गेम कहा जाता है. एक ओर जहां तमाम दिग्गज सितारों पर रिकॉर्ड के लिए खेलने के आरोप सरेआम लगते हैं तो दूसरी ओर मुल्डर का रिकॉर्ड नहीं तोड़ने का फैसला उन्हें क्रिकेट में अमर कर गया. जब भी इस खेल की बात होगी तो मुल्डर के नाम की चर्चा जरूर होगी.

'आकाश' में चमका बॉलिंग का नया 'दीप', कर दिया कमाल

# स्विंग के नए सुल्तान ने बेजान पिच पर अंग्रेजों को दिन में तारे दिखाए

शुभम संदेश डेस्क

हेडिंग्ले में पहले टेस्ट की दोनों पारियों में बड़ा स्कोर बनाने के बावजूद टीम इंडिया के मैच गंवाने की मुख्य वजह साफतौर पर उसका कमजोर बोलिंग अटैक रहा. ऐसे में एजबेस्टन में भारतीय गेंदबाजी के 'ट्रंप कार्ड' जसप्रीत बुमराह को रेस्ट देने के बाद ऐसा लगा कि भारतीय पेस अटैक की धार और कुंद हो जाएगी, लेकिन तस्वीर में आए आकाश दीप ने शायद कुछ और ही ठान रखा था. मैच की पहली पारी में विकेट का 'चौका' और दूसरी पारी में 'छक्का' लगाकर भारतीय जीत की इबारत लिखने वाले क्रिकेट के नए 'आकाश' की घातक इनस्विंगर्स का अंग्रेज बल्लेबाजों के पास कोई जवाब ही नहीं था.



**चार विकेट क्लीन बोल्ड से :** खास बात यह कि मैच में दस विकेट लेने वाले 6 फीट 1 इंच लंबे पेसर आकाश ने इनमें से चार बल्लेबाजों को क्लीन बोल्ड कर पविलियन भेजा, जो क्रिकेट में किसी गेंदबाज का बल्लेबाज के ऊपर पूर्ण दबदबे का प्रतीक होता है. पहली पारी में जहां उन्होंने शतकीय पारी खेलने वाले हैरी ब्रुक को बोल्ड किया था तो दूसरी इनिंग्स में बेन डकेट, ओली पोप और जो रूट जैसे दिग्गजों की गिल्लियां बिखेरीं. यह पहला मौका था जब आकाश दीप ने टेस्ट क्रिकेट में पांच विकेट झटके. यही नहीं, इंग्लैंड के खिलाफ इंग्लैंड में एक टेस्ट मैच में दस विकेट लेने वाले आकाश दीप दूसरे भारतीय गेंदबाज बने. उनसे पहले यह कारनामा चेतन शर्मा ने 1986 में किया था. उन्होंने भी एजबेस्टन में ही 10 विकेट झटके थे.

**नंबर्स गेम :** 10 विकेट लिए 187 रन देकर आकाश दीप ने एजबेस्टन टेस्ट में, जो कि इंग्लैंड की धरती पर टेस्ट मैचों में किसी भारतीय बोलर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है. इससे पूर्व चेतन शर्मा ने 1986 एजबेस्टन में ही 188 रन देकर 10 विकेट लिए थे. 17 विकेट लिए आकाश दीप और मोहम्मद सिराज ने मिलकर एजबेस्टन टेस्ट की दोनों पारियों में. यह टेस्ट में भारत की तरफ से नई गेंद के गेंदबाजों का संयुक्त रूप से सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है. इससे पहले इरफान पठान-जहीर खान और ईशांत शर्मा-उमेश यादव की जोड़ी एक टेस्ट में इतने ही विकेट ले चुकी है.

**विपक्षी कप्तान भी हुए मुरीद :** एजबेस्टन टेस्ट की पहली पारी में छह विकेट लेने वाले तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज ने अपने साथी आकाश की सराहना की. उन्होंने कहा, 'आकाश जब भी बॉलिंग करते तो मैं मिड-ऑफ पर खड़ा रहता. मैं उनसे कह रहा था कि सिर्फ विकेट लेने के पीछे मत भागो, एक ही एरिया में बोलिंग करते रहो और तुम्हें विकेट मिल जाएंगे.' वहीं, इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने कहा, 'आकाश ने पिच पर पड़ी दरार का अच्छा इस्तेमाल किया. लगातार एंगल बदलने और उसका इस्तेमाल करने की उनकी क्षमता अद्भुत है और फिर भी वह इतने सटीक हैं. वह उस दरार पर ध्यान केंद्रित कर रहे थे. संडे सुबह हैरी ब्रुक जिस गेंद पर आउट हुए उस पर कोई भी बल्लेबाज कुछ नहीं कर सकता था. जब जेमी स्मिथ ने शुरुआत में कुछ रन बनाए, तब मैं दूसरे छोर पर खड़ा था. गेंद एक फुट की दूरी पर थी. आकाश ने जिस तरह से क्रीज पर कोण बदलते हुए भी उस क्षेत्र में गेंद की उससे उनके अविश्वसनीय कौशल का पता चलता है.'

**बहन के नाम किया प्रदर्शन :** आकाश दीप ने अपने शानदार प्रदर्शन को कैंसर से पीड़ित अपनी बहन को समर्पित किया. उन्होंने ब्रॉडकास्टर के लिए चेतेश्वर पुजारा से बात करते हुए अपनी भावनाओं को नियंत्रित करते हुए कहा, 'हर बार जब मैं गेंद हाथों में लेता तो अपनी बहन का ख्याल और तस्वीर मेरे दिमाग में आ जाती. मैंने इसके बारे में किसी से बात नहीं की, लेकिन दो महीने पहले उसे कैंसर का पता चला. यह प्रदर्शन उसे समर्पित है. मैं उसे बताना चाहता हूं कि बहन, हम सब तुम्हारे साथ हैं.' आकाश ने इस बात पर खुशी जताई कि उन्होंने जो रणनीति बनाई, वह कारगर रहीं. वह हालांकि लॉर्ड्स क्रिकेट ग्राउंड पर खेलने के बारे में नहीं सोचना चाहते जहां अगला टेस्ट खेला जाएगा क्योंकि वह अभी अपने मैच विनिंग परफॉर्मेंस का आनंद लेना चाहते हैं.

**दिग्गज होल्डिंग की बराबरी :** आकाश दीप ने एजबेस्टन टेस्ट के पांचवें दिन भारतीय जीत के दौरान महान कैरेबियाई गेंदबाज माइकल होल्डिंग के एक ऐतिहासिक कीर्तिमान की भी बराबरी कर ली. दरअसल, उन्होंने इंग्लैंड की दूसरी पारी में उसके बैटिंग ऑर्डर के टॉप-5 में से चार बल्लेबाजों को बिना किसी फील्डर की मदद के आउट किया. यानी इसमें कैच की कोई भूमिका नहीं थी. इनमें से तीन बल्लेबाजों को उन्होंने क्लीन बोल्ड जबकि एक को एलबीडब्ल्यू आउट किया. ऐसा करिश्मा पिछले करीब पांच दशक में नहीं हुआ था. यह कारनामा इससे पूर्व सिर्फ माइकल होल्डिंग ने साल 1976 में किया था.

# प्रिंस गिल से डरे अंग्रेज, इंग्लैंड के बुचर ने कहा- हमें उनका जवाब ढूंढना ही होगा

एजेंसियां। लंदन

एजबेस्टन में भारत से करारी हार के बाद इंग्लैंड की टीम को काफी आलोचना का सामना करना पड़ रहा है. लीड्स में पहले टेस्ट में जीत के बाद अतिआत्मविश्वास इंग्लैंड की टीम को ले डूबा. अंग्रेजों ने भारतीय बल्लेबाजों और गेंदबाजों को कम आंकने की गलती की और यह उन पर भारी पड़ा. खासतौर पर इंग्लिश टीम के पास शुभमन गिल का कोई जवाब नहीं दिखा, जिन्होंने दोनों पारियों में शतक जड़े. अब 10 जुलाई से लॉर्ड्स में तीसरे टेस्ट से पहले इंग्लैंड के पूर्व क्रिकेटर मार्क बुचर ने कहा है कि बेन स्टोक्स की टीम को अगर जीत हासिल करनी है तो गिल का जवाब ढूंढना होगा. गिल के तकनीकी रूप से मजबूत खेल और शांत स्वभाव ने बुचर पर काफी प्रभाव डाला है. उनका मानना कि भारतीय टेस्ट कप्तान ने विराट कोहली के चौथे नंबर को आसानी से अपने नाम कर लिया है.

**गिल, राहुल और यशस्वी से प्रभावित दिखे बुचर :** भारत-इंग्लैंड के बीच चल रही टेस्ट सीरीज में कमेंट्री कर रहे बुचर, गिल, केएल राहुल और यशस्वी जायसवाल से काफी प्रभावित हैं. ये तीनों ही बल्लेबाज 10 जुलाई से लाडर्स में शुरू हो रहे तीसरे टेस्ट से पहले शतक जड़ चुके हैं. गिल के शानदार प्रदर्शन में तीन शतक शामिल हैं और उन्होंने सिर्फ दो टेस्ट मैच में अपने बल्लेबाजी औसत को लगभग 35 से 42 से अधिक तक पहुंचा दिया है. बुचर ने कहा कि कप्तान के तौर पर अपनी पहली सीरीज में गिल ने जो किया है वह बेहद खास है.

**भारतीय कप्तान पर काफी दबाव होता है...:** बुचर ने कहा, 'ऐसा कोई





खेल या टीम नहीं है, जिनके कप्तानों को वह दबाव झेलना पड़ता हो, जितना दबाव भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान को झेलना पड़ता है, जब उनकी समीक्षा होती है. यह तो बताने की जरूरत नहीं कि गिल कोहली की जगह भर रहे हैं या तेंदुलकर की जगह.' इंग्लैंड के लिए 1997 से 2004 के बीच 71 टेस्ट मैच खेलने वाले 52 वर्षीय पूर्व बुचर ने कहा, 'कप्तानी और नंबर-चार पर बल्लेबाजी करना, दोनों में ही काफी अधिक दबाव हैं. और अब तक गिल ने इसे काफी आसानी से अपनाया है. वह बेहद की सहज और धैर्यवान नजर आते हैं.'

**गिल ने तकनीकी रूप से बहुत सुंदर खेल दिखाया :** सीरीज से पहले गिल के रवैये और तकनीक पर कुछ सवाल थे, लेकिन इस 25 वर्षीय खिलाड़ी ने चार पारियों में 585 रन बनाकर इस बहस को निकट भविष्य के लिए बंद कर दिया है. बुचर ने कहा, 'और तकनीकी रूप से उन्होंने बहुत ही खूबसूरती से खेला है. इसलिए सीरीज की शानदार शुरुआत हुई है. मेरा मतलब है कि हो सकता है कि इस सीरीज के अंत तक उनके पास कुछ रिकॉर्ड हों. उन्होंने पहले ही काफी रन बना लिए हैं. तो उनके पास क्या है? सीरीज में पहले ही 600 के करीब रन बना चुके हैं. यह एक अविश्वसनीय शुरुआत रही है.'

**बुचर ने राहुल की जमकर तारीफ की :** बुचर ने कहा, 'इंग्लैंड को मध्य क्रम में उनका तोड़ ढूंढना होगा क्योंकि जब आप शुरुआती तीन या चार बल्लेबाजों को आउट कर देते है तो निचले क्रम को समेटना थोड़ा आसान हो जाता है.' बुचर राहुल से काफी प्रभावित हैं जिन्होंने पिछले 24 महीनों में बल्लेबाजी क्रम में शीर्षक्रम और मध्यक्रम, दोनों जगह अच्छा प्रदर्शन किया है. रोहित शर्मा के संन्यास के बाद जायसवाल और राहुल की सलामी जोड़ी तुरंत हिट हो गई है. बुचर ने कहा, 'मैंने राहुल को खेलते देखा है, हम इंग्लैंड में 2021 की सीरीज में वापस जाते हैं और उन्होंने रोहित के साथ शीर्ष क्रम में बल्लेबाजी की थी.'

**'यशस्वी एक पीढ़ी में एक बार मिलने वाला खिलाड़ी' :** उन्होंने कहा, 'तो तकनीकी रूप से वह शीर्ष क्रम की बल्लेबाजी के लिए बहुत उपयुक्त दिखते हैं. यह तथ्य है कि वह अब लंबे समय तक चलने वाले बल्लेबाज हैं. उम्मीद है कि ओपनिंग करते हुए उनका औसत बहुत जल्द 40 से ऊपर चला जाएगा क्योंकि तकनीकी रूप से वह शानदार हैं.' बुचर ने कहा, 'मुझे राहुल को बल्लेबाजी करते हुए देखना बहुत पसंद है.

# चेल्सी के खिलाफ सेमीफाइनल से पहले बोले मैनेजर रेनाटो गौचो, इतिहास रचने उतरी है फ्लुमिनेंस

एजेंसियां। न्यूयॉर्क

फीफा क्लब वर्ल्ड कप सेमीफाइनल मुकाबले से पहले फ्लुमिनेंस के मैनेजर रेनाटो गौचो ने कहा है कि उनकी टीम अमेरिका में इतिहास रचने के मकसद से आई है. मंगलवार को चेल्सी के खिलाफ होने वाले सेमीफाइनल मुकाबले से पहले प्रेस कॉन्फ्रेंस में रेनाटो ने माना कि उनकी टीम यूरोपीय क्लबों के मुकाबले वित्तीय रूप से कमजोर है, लेकिन आत्मविश्वास, अनुशासन और समर्पण ने उन्हें यहां तक पहुंचाया है. रेनाटो ने कहा, "फ्लुमिनेंस को अक्सर 'अग्ली डक्लिंग' कहा जाता है,



लेकिन इसके बावजूद हमने यह दिखाया है कि हम फाइनल तक पहुंच सकते हैं और क्लब वर्ल्ड कप जीत भी सकते हैं." फ्लुमिनेंस जैसे रियो डी जनेरियो स्थित क्लब के पास चेल्सी, रियल मैड्रिड या पेरिस सेंट-जर्मेन जैसे क्लबों की तुलना में महज़ 10% से भी कम वित्तीय क्षमता है. उन्होंने कहा, "बड़े क्लबों के पास दुनिया के बेहतरीन खिलाड़ियों को साइन करने की पूरी क्षमता होती है. लेकिन हमने यहां तक मेहनत, विनम्रता और आत्म-विश्वास से पहुंचा है." फ्लुमिनेंस ने ग्रुप एफ में दूसरा स्थान हासिल किया था और फिर नॉकआउट चरण में इंटर मिलान व अल हिलाल को हराकर अंतिम चार में जगह बनाई. दूसरी ओर, चेल्सी ने ग्रुप डी में दूसरे स्थान पर रहते हुए बेनफिका और पाल्मेइरस को पछाड़ा है. रेनाटो ने चेल्सी के तेज़ और तकनीकी रूप से सक्षम फॉरवर्ड्स की तारीफ करते हुए कहा, "उनके पास दो तेज़ विंगर हैं जो एक-के-बनाम-एक मुकाबलों में बहुत प्रभावी हैं और जोआओ पेड्रो एक शानदार स्ट्राइकर है.

## न्यूज़ीलैंड ने ज़िम्बाब्वे टेस्ट सीरीज़ के लिए टीम घोषित की

**ऑकलैंड ।** न्यूज़ीलैंड क्रिकेट बोर्ड ने सोमवार को ज़िम्बाब्वे दौरे के लिए दो मैचों की टेस्ट सीरीज़ के लिए टीम की घोषणा कर दी. यह सीरीज़ 30 जुलाई से बुलावायो में शुरू होगी. तेज़ गेंदबाज़ मैट फिशर को पहली बार टेस्ट टीम में जगह मिली है. फिशर के साथ तेज़ गेंदबाज़ी आक्रमण में नाथन स्मिथ, विल ओ'रूर्क और जैकब डफी शामिल हैं. वहीं, बेन सीयर्स साइड इंजरी के कारण सीरीज़ से बाहर हो गए हैं. उन्हें ठीक होने में दो से चार हफ्तों का समय लग सकता है. कप्तान केन विलियमसन, काइल जैमीसन और माइकल ब्रेसवेल इस टेस्ट सीरीज़ के लिए उपलब्ध नहीं होंगे.

# मारिया की घर वापसी, दो दशक बाद रोसारियो सेंट्रल से जुड़े

एजेंसियां। ब्यूनस आयर्स

अर्जेंटीना के दिग्गज फुटबॉलर एंजेल दी मारिया ने लगभग दो दशकों बाद अपने घरेलू क्लब रोसारियो सेंट्रल में वापसी कर अपने सपने को साकार किया है. 37 वर्षीय दी मारिया को सोमवार को रोसारियो शहर के एक होटल में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान आधिकारिक रूप से क्लब के नए खिलाड़ी के रूप में पेश किया गया. भावुक दी मारिया ने कहा, "यह मेरे लिए बेहद खूबसूरत पल है. यह वो सपना है जो मैं लंबे समय से देख रहा था.

मैं पहले आना चाहता था, लेकिन संभव नहीं हो पाया. आज मैं यहां हूं, अपने परिवार के साथ, खुश हूं." दी



मारिया ने पुर्तगाली क्लब बेनफिका के साथ अपना अनुबंध समाप्त होने के बाद फ्री ट्रांसफर के तहत रोसारियो सेंट्रल से एक साल के अनुबंध पर हस्ताक्षर किए हैं, जिसमें विस्तार का विकल्प भी शामिल है. गौरतलब है कि दी मारिया ने अपने पेशेवर करियर की शुरुआत 2005 में रोसारियो सेंट्रल से की थी. इसके बाद उन्होंने बेनफिका, रियल मैड्रिड, मैनचेस्टर यूनाइटेड, पेरिस सेंट जर्मेन और जुवेंटस जैसे दिग्गज यूरोपीय क्लबों के लिए खेला.

अर्जेंटीना के लिए 145 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने वाले दी मारिया 2022 फीफा विश्व कप, 2021 और 2024 कोपा अमेरिका खिताब जीतने वाली टीम के अहम सदस्य रहे हैं. उन्होंने कहा, "मैंने अपने करियर में बहुत कुछ हासिल किया है, लेकिन यह उससे भी बढ़कर है. इतने सालों बाद घर लौटना, रोसारियो में फिर से रहना, सेंट्रल की जर्सी पहनना और यहां के लोगों को खुश देखना — यही सबसे बड़ा सुख है." दी मारिया ने यह भी कहा कि वह चाहते थे कि उनकी बेटियां और पत्नी भी इस अनुभव का हिस्सा बनें. "यह एक सपना है जो अब सच हो रहा है," उन्होंने कहा. जब उनसे इस पल के भावनात्मक महत्व के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा, "यह मेरी उम्मीदों से कहीं ज्यादा है. आज जब मैंने चारों ओर देखा, तो यकीन नहीं हो रहा था कि मैं यहां हूं. वो एहसास, वो उत्तेजना — मैं चाहता हूं कि ये इसी तरह बना रहे." हालांकि, उनकी वापसी को लेकर पिछले वर्ष संदेह बना हुआ था जब स्थानीय मीडिया में खबरें आई थीं कि रोसारियो में उनकी फैमिली को आपराधिक गिरोहों से धमकियां मिली थीं.

**इतिहास दोहराया है** इंग्लैंड में अब तक भारत ने कितने टेस्ट मैच जीते हैं?

# शुभमन गिल कारनामा करने वाले बने सातवें कप्तान

एजेंसियां। लंदन

इंग्लैंड की सरजमीं पर टेस्ट मैच जीतना भारतीय क्रिकेट के लिए हमेशा खास रहा है. 2025 में एजबेस्टन में शुभमन गिल की कप्तानी में मिली 336 रनों की बड़ी जीत ने न सिर्फ भारत को सीरीज में बराबरी दिलाई है, बल्कि एक ऐतिहासिक मील का पत्थर भी रचा. इंग्लैंड के खिलाफ मिली इस जीत की सबसे खास बात यह रही कि एजबेस्टन में भारत को आखिरी बार जीत 1967 में नसीब हुई थी, और 58 साल बाद शुभमन गिल ने इस मैदान पर जीत दिलाकर इतिहास दोहराया है. शुभमन गिल इंग्लैंड में टेस्ट जीतने वाले भारत के सातवें कप्तान बन गए हैं. इससे पहले भारत ने 1971 में



इंग्लैंड में पहला टेस्ट जीता था. 54 सालों में अब तक भारत इंग्लैंड की सरजमीं पर 10 टेस्ट मैचों में जीत दर्ज कर चुका है.

**इंग्लैंड में भारत की टेस्ट जीतें**

1. 1971 – ओवल
कप्तान- अजीत वाडेकर
**भारत की पहली जीत इंग्लैंड में**
2. 1986 – लॉर्ड्स और लीड्स
कप्तान- कपिल देव
**एक ही दौरे पर दो शानदार जीत**
3. 2002 – लीड्स
कप्तान- सौरव गांगुली
**पारी और 46 रन से भारत की शानदार जीत**
4. 2007 – नॉटिंघम
कप्तान- राहुल द्रविड़
**भारतीय टीम 7 विकेट से जीती**
5. 2014 – लॉर्ड्स
कप्तान- एमएस धोनी
**भारत ने इंग्लैंड को 95 रन से हराया**
6. 2018 – नॉटिंघम,
2021 – लॉर्ड्स और ओवल
कप्तान- विराट कोहली
**भारतीय टीम की कुल 3 जीत, जो इंग्लैंड में किसी भी भारतीय कप्तान द्वारा सबसे ज्यादा हैं.**
7. 2025 – एजबेस्टन
कप्तान- शुभमन गिल
**भारत की इंग्लैंड के खिलाफ 10वीं जीत और 58 साल बाद एजबेस्टन के मैदान पर पहली जीत.**

**इंग्लैंड में टेस्ट जीतने वाले भारतीय कप्तान**

अजीत वाडेकर, कपिल देव,सौरव गांगुली, राहुल द्रविड़, एमएस धोनी, विराट कोहली, शुभमन गिल.

भारत ने इंग्लैंड में अब तक 10 टेस्ट मैच जीते हैं. विराट कोहली ने इनमें से 3 टेस्ट जीत अपने नाम की हैं, जो कि इंग्लैंड में किसी भी भारतीय कप्तान द्वारा सबसे ज्यादा हैं. वहीं शुभमन गिल ने एजबेस्टन में 58 साल बाद भारत को जीत दिलाकर इतिहास रच दिया है और खुद को दिग्गजों की लिस्ट में शामिल कर लिया है.

टीम इंडिया का मैच छोड़ विराट-अनुष्का विंबलडन देखने पहुंचे

# जोकोविच को बताया 'ग्लैडिएटर', उठे कई सवाल

एजेंसियां। लंदन

इंग्लैंड में मौजूद विराट कोहली भारतीय टीम के दोनों मुकाबलें देखने स्टेडियम में नहीं पहूंचे थे, लेकिन हाल ही में विराट और अनुष्का शर्मा की विंबलडन में उपस्थिति के बाद कई सवाल उठ रहे हैं. विराट और अनुष्का सोमवार को लंदन के ऑल इंग्लैंड क्लब में विंबलडन 2025 के चौथे राउंड का मुकाबला देखने पहुंचे, जहां नोवाक जोकोविच ने ऑस्ट्रेलिया के एलेक्स डी मिनौर को हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई. इस दौरान कोहली ने जोकोविच की सराहना करते हुए उन्हें सोशल मीडिया पर "ग्लैडिएटर" कहा जिसका मतलब होता है, एक ऐसा योद्धा जो हार नहीं मानता.

**टीम इंडिया से दूरी क्यों :** इस बीच सवाल यह उठ रहा है कि जब विराट कोहली इंग्लैंड में ही मौजूद हैं, तो क्या उन्हें भारतीय टीम का मैच देखने स्टेडियम नहीं जाना चाहिए था? यह सवाल इसलिए भी जोर पकड़ रहा है क्योंकि वह हाल ही में टेस्ट और टी20 क्रिकेट से रिटायर हुए हैं, और इस दौरे से ठीक पहले उनके संन्यास को लेकर कई तरह की बातें चल रही थी. विराट भले ही अब भारतीय प्लेइंग इलेवन का हिस्सा नहीं हैं, लेकिन उनकी मौजूदगी खुद में एक प्रेरणा है. ऐसे कई मौके रहे हैं जब पूर्व खिलाड़ी अपनी टीम को मैदान पर सपोर्ट करते दिखे हैं, जिससे टीम को हौसला मिलता है. विराट कोहली जैसे 'लीजेंड' की मौजूदगी ड्रेसिंग रूम से लेकर स्टैंड्स तक असर डाल सकती थी.

**विराट और अनुष्का लंदन में क्यों हैं :** रिपोर्ट्स के मुताबिक, विराट और अनुष्का इस समय लंदन में रह रहे हैं. उन्होंने अपने बच्चों को मीडिया से दूर, एक शांत वातावरण में पालने के लिए लंदन में रहने का फैसला किया है.

## जोकोविच की जीत पर विराट की प्रतिक्रिया

37 वर्षीय जोकोविच ने शुरुआत में पहला सेट हारने के बावजूद अगले तीन सेट जीतकर 1-6, 6-4, 6-4, 6-4 से मुकाबला अपने नाम किया. यह उनका विंबलडन में 16वां क्वार्टर फाइनल है .अब अपने 25वें ग्रैंड स्लैम और 8वीं विंबलडन ट्रॉफी को जीतने के लिए उन्हें सिर्फ तीन मैच और जीतने पड़ेंगे .लविराट कोहली ने उनकी इस जीत की सराहना की और उनकी तारीफ करते हुए इंस्टाग्राम स्टोरी पर लिखा, "ग्लैडिएटर. वाट एन एथलीट."

**ब्रीफ न्यूज**

### चुनाव से पहले शस्त्र जांच है जरूरी

**पूर्णिया ।** विधानसभा चुनाव 2025 के मद्देनज़र पूर्णिया जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जिन शस्त्रधारकों ने 18 जून से 5 जुलाई 2025 तक शस्त्रों का सत्यापन नहीं कराया है, उन्हें अब अंतिम मौका दिया जा रहा है.सभी संबंधित अनुज्ञप्तिधारक 10 जुलाई से 21 जुलाई 2025 तक प्रतिदिन पूर्वाह्न 11 बजे से अपराह्न 3 बजे तक अपने-अपने थाना में अधिकृत दंडाधिकारी या पुलिस पदाधिकारी से अनिवार्य रूप से अपने हथियारों का भौतिक सत्यापन कराएं.निर्धारित तिथि के बाद सत्यापन नहीं कराने पर इसे नियमों का उल्लंघन माना जाएगा.

### पांच कट्ठा जमीन को लेकर हुई हिंसक झड़प

वैशाली । वैशाली जिले के गंगा ब्रिज थाना क्षेत्र के छौकिया गांव में महज 5 कट्ठा जमीन के कब्जे को लेकर दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हो गई.देखते ही देखते दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर लाठी-डंडों से हमला बोल दिया.इस घटना का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है.घटना बीती देर शाम की बताई जा रही है.फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच में जुट गई है.इस झड़प में एक पक्ष के राजेंद्र राय, सुरेश राय, अजय राय, चन्दन कुमार, कल्लू कुमार और मुन्नी देवी घायल हुए हैं.ये सभी छौकिया गांव के ही रहने वाले हैं.

### बंद को सफल बनाने के लिए हुई बैठक

**अररिया।** अररिया सर्किट हाउस में विपक्षी दलों द्वारा 9 जुलाई को आह्वान किए गए बिहार बंद की सफलता और रणनीति को लेकर बैठक हुई. जिसमें महागठबंधन के सभी घटक दल कांग्रेस ,राजद ,वीआईपी,कम्युनिस्ट पार्टी के नेताओं के साथ कांग्रेस के स्थानीय विधायक आबिदुर रहमान ने भी हिस्सा लिया. मौके पर मौजूद विधायक आबिदुर रहमान ने केंद्र सरकार और चुनाव आयोग की नीतियों को जनविरोधी करार दिया और कहा कि यह कदम गरीब, दलित,पिछड़े और अल्पसंख्यक समुदायों के मताधिकार को कमजोर करने की साजिश है.



बीपीएससी टीआरई (3.0) शिक्षक भर्ती परीक्षा के पूरक परिणाम जारी करने की मांग को लेकर अभ्यर्थियों ने निकाला मार्च

## भागलपुर में नशे को लेकर विवाद में युवक की गोली मारकर हत्या

शुभम संदेश । भागलपुर



जिले में इन दिनों नशे के कारोबार और इसके बढ़ते सेवन से बुरी तरह प्रभावित है. शहरी और ग्रामीण इलाकों में छोटे बच्चे, किशोर और युवा बड़ी संख्या में सूखे नशे की चपेट में आ चुके हैं. लेकिन पुलिस-प्रशासन की ओर से इसकी रोकथाम को लेकर कोई ठोस पहल नजर नहीं आ रही है. इसी कड़ी में नवगछिया अनुमंडल के तेतरी गांव में बीते सोमवार देर रात नशे के दौरान हुए विवाद में अपराधियों ने 22 वर्षीय युवक साजन कुमार की गोली मारकर हत्या कर दी.इस घटना से पूरे क्षेत्र में हड़कंप मच गया है. सूचना मिलते ही पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक संदिग्ध युवक को हिरासत में ले लिया है. मृतक साजन कुमार सिंह उर्फ तेतरी पकरा दोनिया टोला निवासी सुभाष राय का बेटा था. जानकारी के मुताबिक, सोमवार रात साजन कुछ अन्य युवकों के साथ तेतरी दुर्गा मंदिर के छत सामने, बजरंगबली मंदिर के पीछे स्थित एक बगीचे में चिमनी भट्ठा के समीप बैठकर सूखा नशा कर रहा था. इसी दौरान किसी बात को लेकर उनमें विवाद हो गया.

विवाद इतना बढ़ गया कि उन्हीं में से एक युवक ने साजन पर गोली चला दी.गोली साजन के सीने और पेट में लगी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया. स्थानीय लोगों को घटना की जानकारी मिलते ही उन्होंने आनन-फानन में साजन को नवगछिया अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया. बेटे की मौत की खबर सुनते ही परिवार में कोहराम मच गया. अस्पताल परिसर में मृतक की मां और अन्य स्वजनों का रो-रोकर बुरा हाल था.

**पुलिस ने एक को हिरासत में लिया :** घटना की सूचना मिलते ही नवगछिया थानाध्यक्ष रविशंकर अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और छानबीन शुरू की. अनुमंडलीय अस्पताल में नवगछिया एसडीपीओ ओमप्रकाश ने भी परिजनों से मुलाकात कर पूरी जानकारी ली. वारदात के बाद तेतरी क्षेत्र में तनाव का माहौल बना हुआ है.बड़ी संख्या में स्थानीय लोग और परिजन अस्पताल में जमा हो गए थे. इसी दौरान घटना से जुड़े एक संदिग्ध युवक को पुलिस ने अस्पताल परिसर से हिरासत में लिया.मृतक के परिजनों ने उस युवक पर हमला करने की कोशिश की, लेकिन पुलिस ने तुरंत हस्तक्षेप कर उसे सुरक्षित हिरासत में ले लिया. फिलहाल पुलिस पूरे मामले की गंभीरता से जांच कर रही है. प्रारंभिक जांच में यह हत्या नशे के कारोबार या लेन-देन से जुड़े विवाद का परिणाम मानी जा रही है.

### पिता ने दोस्तों पर लगाए आरोप

मृतक के पिता सुभाष राय, जो ऑटो चलाकर परिवार का भरण-पोषण करते हैं, ने बताया कि उनका बेटा पिछले कुछ समय का शिकार हो गया था .उन्होंने कई बार उसे समझाने की कोशिश की थी, लेकिन वह अपने कुछ दोस्तों के साथ लगातार नशा करता था . उन्होंने कुछ युवकों पर आरोप लगाया कि वे साजन को जबरदस्ती इस दलदल में धकेल रहे थे और उसे बाहर निकलने नहीं दे रहे थे . पिता ने आशंका जताई कि इन्हीं युवकों में से किसी ने विवाद के दौरान साजन को गोली मार दी .

### नवोदय विद्यालय के हॉस्टल में छात्र ने लगाई फांसी

**दरभंगा ।** नवोदय विद्यालय दरभंगा में आठवीं कक्षा के एक छात्र ने हॉस्टल में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली मृतक छात्र की पहचान जितिन गौतम के रूप में हुई है, जो केवटी पंचायत की मुखिया रूबी देवी का पुत्र था.मिली जानकारी के अनुसार, घटना मंगलवार सुबह की बताई जा रही है. घटना की सूचना मिलते ही छात्र के परिजन विद्यालय पहुंचे और वहां जमकर हंगामा किया.सूचना पाकर मौके पर रैयाम और केवटी थाना की पुलिस भी पहुंची और लोगों को समझा-बुझाकर शांत कराया. मंगलवार सुबह करीब दस बजे विद्यालय के प्राचार्य ने फोन कर विद्यालय बुलाया.जब वे स्कूल पहुंचे तो शिक्षकों ने उनके बेटे का शव हॉस्टल के कमरे में पंखे से लटका हुआ दिखाया.

### नौजवानों ने दिया वोटर जागरूकता का संदेश

**पूर्णिया।** विशेष गहन पुनरीक्षण-2025 के तहत आमजन को मतदाता सूची में नाम जुड़वाने और सुधार को लेकर जागरूक करने हेतु जदयू पूर्णिया जिला इकाई द्वारा आज एक प्रभावशाली साइकिल रैली का आयोजन किया गया.यह रैली पूर्णिया जिला स्कूल मैदान से शुरू होकर भट्टा बाजार, आरएन शाह चौक, आस्था मंदिर, स्कूल रोड होते हुए पुनः जिला स्कूल मैदान पर समाप्त हुई. नौजवानों की टोली साइकिल पर सवार होकर 'कोई योग्य मतदाता न छूटे' का संदेश दे रही थी.

## वोटर लिस्ट शुद्धिकरण समर्थन को लेकर जदयू ने निकाली रैली




शुभम संदेश । नालंदा

बिहारशरीफ मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के समर्थन में जनता दल (यूनाइटेड) ने मंगलवार को नालंदा जिले के रहुई प्रखंड में साइकिल जागरूकता रैली निकाली.रैली का नेतृत्व जदयू के जिला प्रवक्ता भवानी सिंह ने किया.यह रैली रहुई बाजार से प्रखंड कार्यालय तक निकाली गई, जिसका उद्देश्य आम नागरिकों को मतदाता सूची सत्यापन में भाग लेने के लिए प्रेरित करना और विपक्ष द्वारा फैलाए जा रहे भ्रम का खंडन करना था. मौके पर भवानी सिंह ने कहा कि "यह अभियान पूरे बिहार में पंचायत और वार्ड स्तर तक चलाया जा रहा है ताकि मतदाता बिना किसी भय या संकोच के अपना नाम सत्यापित करा सकें.सत्यापन प्रक्रिया में केवल फर्जी और मृत मतदाताओं के नाम ही हटाए जा रहे हैं, इसमें कोई बुराई नहीं है.यदि मतदाता सूची शुद्ध होगी, तो मतदान प्रतिशत भी बढ़ेगा. उन्होंने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा, "विपक्ष का काम सिर्फ जनता को भ्रमित करना है.वे हर सकारात्मक पहल में भी मीन-मेख निकालते हैं, जबकि इस अभियान का लक्ष्य लोकतंत्र को मजबूत बनाना है. जिला प्रवक्ता ने बुधवार को महागठबंधन द्वारा बुलाए गए बिहार बंद की तीखी आलोचना की.

### मतदाता पुनरीक्षण कार्य में तेजी लाने का निर्देश

**पूर्णिया ।** चुनाव आयोग द्वारा चलाए जा रहे विशेष गहन मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम-2025 को सफल बनाने के लिए जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी अंशुल कुमार ने सभी वरीय अधिकारियों को क्षेत्र भ्रमणशील रहकर निर्धारित समय सीमा के भीतर कार्य पूरा करने का निर्देश दिया है.इसी क्रम में आज अमौर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत अमौर प्रखंड में भूमि सुधार उप समाहर्ता बायसी द्वारा गणना प्रपत्र के वितरण, संग्रहण और पलोड की प्रक्रिया का स्थलीय निरीक्षण किया गया. निरीक्षण के दौरान संबंधित बीडीओ, सीओ और सभी प्रखंड स्तरीय पर्यवेक्षकों को यह निर्देश दिया गया.

**कारोबार**

### डॉलर की तुलना में मजबूत हुआ रुपया

नई दिल्ली । अमेरिका के साथ ट्रेड डील होने की संभावना, कच्चे तेल की कीमत में आई गिरावट और डॉलर की मांग में कमी आने के कारण आज डॉलर की तुलना में रुपया 26 पैसे की मजबूती के साथ 85.68 (अस्थायी) के स्तर पर बंद हुआ.इसके पहले पिछले कारोबारी दिन सोमवार को भारतीय मुद्रा 54 पैसे की बड़ी गिरावट के साथ 85.94 रुपये प्रति डॉलर के स्तर पर बंद हुई थी.इंटरबैंक फॉरेन एक्सचेंज मार्केट में आज रुपया डॉलर की तुलना में 19 पैसे की बढ़त के साथ 85.75 के स्तर पर खुला था.दिन के कारोबार में रुपया कमजोर होकर 85.80 रुपये प्रति डॉलर के स्तर तक गिर गया.हालांकि डॉलर की आवक बढ़ने पर भारतीय मुद्रा मजबूत होकर 85.64 रुपये प्रति डॉलर के स्तर तक भी आई.पूरे दिन के काराबोर के बाद भारतीय मुद्रा 85.68 रुपये (अस्थायी) प्रति डॉलर के स्तर पर बंद हुई.कैपेक्स गोल्ड एंड इन्वेस्टमेंट्स के सीईओ राजीव दत्ता का मानना है कि कच्चे तेल की कीमत में नरमी आने और विदेशी संस्थागत निवेशकों के आज स्टॉक मार्केट में बिकवाल की जगह लिवाल की भूमिका में आ जाने के कारण डॉलर की आवक तो बढ़ी ही, लेकिन उसकी मांग भी घट गई.

### भारत-यूएस डील से पहले बाजार में हलचल, रियल्टी शेयरों में खरीदारी

## सेंसेक्स 270 अंक चढ़ा; निफ्टी 25,522 पर बंद

शुभम संदेश । नयी दिल्ली



एशियाई बाजारों में बढ़त के बीच भारतीय शेयर बाजार मंगलवार को बढ़त के साथ बंद होने में कामयाब रहे. अमेरिका और भारत में जल्द ही 'मिनी ट्रेड डील' होने की ख़बरों के चलते आखिरी कारोबारी घंटे में बाजार में हलचल देखने को मिली.हालांकि, अमेरिका की व्यापार नीतियों पर अनिश्चितता के कारण निवेशक अभी भी सतर्क रुख अपना रहे हैं. इसके अलावा फाइनेंशियल शेयरों में खरीदारी से भी बाजार को पुश मिला.तीस शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स मंगलवार को 50 से ज्यादा अंक की गिरावट लेकर 83,387.03 पर खुला. कारोबार के दौरान इसमें उतार-चढ़ाव देखने को मिला.अंत में यह 270.01 अंक या 0.32 फीसदी की बढ़त लेकर 83,712.51 पर बंद हुआ. इसी तरह, नैशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 भी मामूली गिरावट के साथ लाल निशान में लगभग सपाट लेवल 25,427.85 पर ओपन हुआ.कारोबार के दौरान यह 25,548 अंक के इंट्रा-डे हाई और 25,424 अंक के लो तक गया.अंत में यह 61.20 अंक या 0.24 प्रतिशत की बढ़त लेकर 25,522.50 पर बंद हुआ.रियल्टी इंडेक्स 1% चढ़ा निफ्टी रियल्टी इंडेक्स मंगलवार को लगभग 1 प्रतिशत चढ़ गया.ब्रिगेड एंटरप्राइज, प्रेस्टीज एस्टेट, डीएलएफ, अनंत राज, फीनिक्स मिल्स जैसे रियल्टी शेयर प्रमुख रूप से बढ़कर बंद हुए.इसके अलावा निफ्टी बैंक, फाइनेंशियल सर्विस, आईटी और एनर्जी बढ़त में रहे.ट्रम्प ने 14 देशों पर टैरिफ लगाया जापान, दक्षिण कोरिया, मलेशिया, कजाकिस्तान और ट्यूनीशिया से अमेरिका को निर्यात किए जाने वाले सामानों पर 1 अगस्त से 25 प्रतिशत टैरिफ लगेगा.इसके अलावा, इंडोनेशिया पर 32 प्रतिशत, बांग्लादेश पर 35 प्रतिशत और कंबोडिया और थाईलैंड पर 36 प्रतिशत टैरिफ लगेगा.दूसरी ओर, लाओस और म्यांमार पर अमेरिका को निर्यात किए जाने वाले सामानों पर 40 प्रतिशत टैरिफ लगेगा.एशियाई क्षेत्र के बाहर ट्रंप ने दक्षिण अफ्रीकी और बोस्नियाई सामान पर 30 प्रतिशत टैरिफ लगाने का ऐलान किया है.

एशियाई बाजार मिलीजुली शुरुआत के बाद बढ़त के साथ कारोबार कर रहे थे.जापान के निक्केई 225 बेंचमार्क में 0.21 प्रतिशत की वृद्धि हुई.दक्षिण कोरिया का कोस्पी इंडेक्स 1.13 प्रतिशत चढ़ गया.ऑस्ट्रेलिया के एसएंडपी/एएसएक्स 200 बेंचमार्क में रिजर्व बैंक ऑफ ऑस्ट्रेलिया के ब्याज दर निर्णय से पहले 0.21 प्रतिशत की वृद्धि हुई. हांगकांग के हैंग सेंग में 0.17 प्रतिशत की वृद्धि हुई.ट्रैवल फूड सर्विसेज आईपीओ मेनबोर्ड श्रेणी में सब्सक्रिप्शन के दूसरे दिन प्रवेश करेगा. इसके अलावा, मेटा इन्फोटेक आईपीओ आज सब्सक्रिप्शन के लिए बंद हो जाएगा. स्मार्टन पावर सिस्टम्स आईपीओ और केमकार्ट इंडिया आईपीओ सब्सक्रिप्शन के दूसरे दिन प्रवेश करेंगे और ग्लेन इंडस्ट्रीज आईपीओ सब्सक्रिप्शन के लिए खुलेगा.

### साइप्रस की कंपनियां भारतीय शिपिंग क्षेत्र में उतरेंगी



**नयी दिल्ली ।** साइप्रस स्थित कंपनियों इंटरओरिएंट नेविगेशन कंपनी लिमिटेड और डैनशिप एंड पार्टनर्स लिमिटेड ने भारतीय शिपिंग क्षेत्र में 10,000 करोड़ रुपये के निवेश की घोषणा की है.इंटरओरिएंट ने एक बयान में कहा कि यह निवेश भारतीय शिपिंग क्षेत्र में अब तक का सबसे बड़ा एफडीआई है.2005 में इस क्षेत्र को 100 प्रतिशत एफडीआई के लिए खोल दिया गया था.कंपनियों की ओर से यह घोषणा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 15 जून 2025 को साइप्रस यात्रा के कुछ दिनों बाद की गई है.अपनी यात्रा के दौरान मोदी ने साइप्रस के राष्ट्रपति निकोस क्रिस्टोडौलिडेस के साथ औपचारिक चर्चा की थी.बयान के अनुसार, इस निवेश के अंतर्गत सभी जहाज भारतीय ध्वज के तहत पंजीकृत होंगे, जिससे भारत के राष्ट्रीय नौवहन टन भार में उल्लेखनीय वृद्धि होगी.इसमें कहा गया है कि भारतीय एक्जिम (निर्यात-आयात) व्यापार के लिए अर्जित माल ढुलाई भारतीय अर्थव्यवस्था में ही रहेगी.इंटरओरिएंट की स्थापना 1979 में हुई थी और यह 100 से अधिक जहाजों के बेड़े का प्रबंधन करता है.

### 17 म्यूचुअल फंड कंपनियों की डेट स्कीमों में दिखा तनाव

## आरबीआई रिपोर्ट में बड़ा खुलासा




शुभम संदेश । नयी दिल्ली

तेजी से बढ़ रहे म्यूचुअल फंड में सब ठीक नहीं है.आरबीआई की रिपोर्ट बताती है कि अप्रैल में 17 म्यूचुअल फंड कंपनियों की 43 डेट स्कीमों में एम्फी की तय सीमा से ज्यादा तनाव देखा गया है.इनका प्रबंधन अधीन परिसंपत्तियां (एयूएम) 2.25 लाख करोड़ से ज्यादा है.हालांकि, इस तनाव का मतलब यह नहीं है कि निवेशकों के ये पैसे डूब जाएंगे या कोई खतरा है.

एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (एम्फी) हर माह तरलता से लेकर निवेश और कई पैमाने पर फंड हाउसों की ओपन एंडेड डेट योजनाओं के तनाव का परीक्षण करता है.आरबीआई की रिपोर्ट में इसी परीक्षण का हवाला दिया गया है. रिपोर्ट के अनुसार, 31 फंड हाउसों की 269 स्कीमों में तय सीमा से कम तनाव रहा. इस तरह, कुल 48 स्कीमों की 312 योजनाओं का परीक्षण किया गया, जिनका एयूएम 16.84 लाख करोड़ रुपये था.

भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने अनिवार्य किया है कि परिसंपत्ति प्रबंधन कंपनियों को हर माह ओपन एंडेड डेट योजनाओं का तनाव परीक्षण करना चाहिए ताकि इनसे संबंधित विभिन्न जोखिम मापदंडों (ब्याज दर, क्रेडिट और तरलता जोखिम) के उनके शुद्ध परिसंपत्ति मूल्यों पर प्रभाव का मूल्यांकन किया जा सके.ऐसे तनाव जब सीमा से ऊपर होते हैं, तो इसमें सुधार के लिए संबंधित फंड मैनेजर को एक महीने का समय दिया जाता है.

### अमेरिका के साथ ट्रेड डील को लेकर बढ़ी बात

नई दिल्ली। भारत की अमेरिका के साथ ट्रेड डील को लेकर चल रही बातचीत आखिरी दौर में पहुंच गई है.अब जल्दी ही टैरिफ को लेकर अंतरिम समझौते का ऐलान हो सकता है.बताया जा रहा है कि दोनों देशों के बीच अंतरिम समझौते का मसौदा भी साझा किया जा चुका है और इस मसौदे पर परस्पर सहमति भी बन चुकी है. वाणिज्य मंत्रालय के संयुक्त सचिव स्तर के एक अधिकारी ने इस संबंध में बताया कि इस समझौते के तहत भारत के टेक्सटाइल, लेदर और जेम्स एंड ज्वेलरी प्रोडक्ट्स पर छूट मिलने की बात तय की गई है.

## अदाणी पावर ने 600 मेगावाट की पावर कंपनी को किया अधिग्रहण

शुभम संदेश । नयी दिल्ली




अदाणी पावर लिमिटेड (एपीएल) ने 600 मेगावाट क्षमता वाली विदर्भ इंडस्ट्रीज पावर लिमिटेड (वीआईपीएल) का अधिग्रहण सफलतापूर्वक पूरा किया.यह अधिग्रहण दिवाला प्रक्रिया के तहत 4,000 करोड़ रुपये में हुआ. एपीएल ने मंगलावर को यह जानकारी दी.एपीएल ने एक बयान में कहा कि 18 जून ,2025 को राष्ट्रीय कंपनी कानून न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) की मुंबई पीठ ने इस अधिग्रहण योजना को मंजूरी दी थी.इसके बाद 7 जुलाई को योजना को पूरी तरह लागू कर दिया गया. कंपनी कर रही है छह ब्राउनफील्ड परियोजनाओं का निर्माण कंपनी वर्तमान में अपने छह ब्राउनफील्ड अल्ट्रा सुपरक्रिटिकल थर्मल पावर प्लांट्स (यूएससीटीपीपी) का निर्माण कर रही है, जिनमें प्रत्येक की क्षमता 1,600 मेगावाट होगी.ये संयंत्र सिंगरौली-महान (मध्य प्रदेश), रायपुर, रायगढ़, कोरबा (छत्तीसगढ़) और कवाई (राजस्थान) में स्थापित किए जा रहे हैं. इसके अलावा उत्तर प्रदेश के मिर्जापुर में 1,600 मेगावाट की ग्रीनफील्ड यूएससीटीपीपी भी निर्माण कर रही है.साथ ही, कंपनी कोरबा में 1,320 मेगावाट के सुपरक्रिटिकल पावर प्लांट के निर्माण को भी पुनर्जीवित कर रहा है, जिसे इसने पहले अधिग्रहित किया था. एपीएल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एसबी ख्यालिया ने कहा कि हम अपने पोर्टफोलियो का विस्तार करते हुए 'सभी के लिए बिजली' के भारत के विजन को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध हैं, ताकि देश की सतत विकास यात्रा को सस्ती और भरोसेमंद बेस-लोड बिजली के माध्यम से समर्थन दिया जा सके. अदाणी समूह की कंपनी एपीएल भारत की सबसे बड़ी निजी ताप विद्युत उत्पादन कंपनी है.कंपनी के पास गुजरात, महाराष्ट्र, कर्नाटक, राजस्थान, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, झारखंड और तमिलनाडु में ताप विद्युत संयंत्रों में 18,150 मेगावाट की स्थापित क्षमता है.इसके अलावा, गुजरात में 40 मेगावाट की सौर ऊर्जा परियोजना का भी संचालन किया जा रहा है.

### सीडीएसएल और एनएसडीएल ने नए एप लॉन्च किए

**नयी दिल्ली।** सेंट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेज(सीडीएसएल) और नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी (एनएसडीएल )ने निवेशकों को लिए अपने निवेशक एप में नई सुविधाएं पेश की है, इससे शेयरधारक कंपनी मामलों पर मतदानत करते समय उनके द्वारा लिए जाने वाले निर्णयों को आसान बनाएगा. यह एप निवेशकों को सीडीएसएल के माईऐसी एप और एनएसडीएल के स्पीड-ई एप पर उपलब्ध है. यह प्रॉक्सी सलाहकार फर्मों की सिफारिशों और सलाहों को सीधे ई-वोटिंग प्लेटफॉर्म में एकीकृत करता है.

## न्यूज अपडेट

### असम के कार्बी आंगलोंग में 4.1 तीव्रता का भूकंप, सहमे लोग

**गुवाहाटी ।** असम के कार्बी आंगलोंग और आसपास के इलाकों में मंगलवार सुबह 09 बजकर 22 मिनट 19 सेकेंड पर भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं. रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 4.1 दर्ज की गयी. भूकंप में किसी के हताहत होने या अन्य नुकसान की खबर नहीं है. राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र (एनसीएस) के अनुसार, भूकंप का केंद्र कार्बी आंगलोंग जिले में सतह से 25 किलोमीटर नीचे 26.51 डिग्री उत्तर और 93.15 डिग्री पूर्व अक्षांश पर स्थित था. भूकंप के झटके राज्य के पहाड़ी जिले कार्बी आंगलोंग और आसपास के इलाकों के साथ-साथ पड़ोसी राज्य नगालैंड के सीमावर्ती इलाकों में भी महसूस किए गए.

### अमरनाथ यात्रा के लिए 7500 तीर्थयात्रियों का नया जत्था रवाना

**जम्मू ।** श्री अमरनाथ यात्रा के लिए 7,500 से अधिक तीर्थयात्रियों का एक नया जत्था मंगलवार सुबह जम्मू के भगवती नगर आधार शिविर से रवाना हुआ. अधिकारियों ने बताया कि 38 दिवसीय तीर्थयात्रा 3 जुलाई को घाटी से दो मार्गों अनंतनाग जिले में पारंपरिक 48 किलोमीटर लंबे नुनवान-पहलगाम मार्ग और गांदरबल जिले में 14 किलोमीटर लंबे लेकिन अधिक खड़ी चढ़ाई वाले बालटाल मार्ग से शुरू हुई थी. यात्रा 9 अगस्त को समाप्त होगी. उन्होंने बताया कि यात्रा शुरू होने के बाद से अब तक 94,000 से अधिक तीर्थयात्री श्री अमरनाथ गुफा में प्राकृतिक रूप से निर्मित शिवलिंग की पूजा-अर्चना कर चुके हैं. अधिकारियों ने बताया कि 5,516 पुरुषों और 1,765 महिलाओं समेत 7,541 तीर्थयात्रियों का सातवां जत्था को शिविरों के लिए रवाना हुआ.

### पश्चिम बंगाल: पाकिस्तान के लिए जासूसी के आरोप में दो गिरफ्तार

**कोलकाता ।** पश्चिम बंगाल पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) ने आतंकवाद से जुड़े एक गंभीर मामले का भंडाफोड़ करते हुए बर्दवान से दो संदिग्ध पाकिस्तानी जासूसों को गिरफ्तार किया है. आरोप है कि ये दोनों एनजीओ की आड़ में पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई को संवेदनशील जानकारी भेज रहे थे. एसटीएफ सूत्रों के मुताबिक, आरोपितों की पहचान मुकेश रजक और राकेश कुमार गुप्ता के रूप में हुई है. मुकेश बर्दवान के पास स्थित पानागढ़ के कैनल रोड का निवासी है और मेमारी इलाके में एक स्वयंसेवी संस्था से जुड़ा था. वहीं, राकेश कुमार कोलकाता के भवानीपुर का रहने वाला है और उसी एनजीओ के जरिए बर्दवान में किराये के मकान में रहते हुए जासूसी गतिविधियों में शामिल था.

### नेपाल और चीन को जोड़ने वाला वाला पुल बाढ़ में बहा

**काठमांडू ।** चीन में बीती रात को आई बाढ़ के कारण नेपाल के सीमा क्षेत्र में भी भारी नुकसान हुआ है. नेपाल और चीन के बीच रहे एकमात्र व्यापारिक नाका रसुवागढ़ी और चीन को जोड़ने वाला पुल बाढ़ में बह गया है. चीन से नेपाल के लिए निर्यात किए गए सैकड़ों इलेक्ट्रिक व्हीकल गाड़ियां पानी में बह गई हैं. सामान से लदा कंटेनर नदी में बहता हुआ दिख रहा है. सीमा पर खड़े कई ट्रक भी पानी में डूब गए हैं जिसके कारण उसमें रखा सामान के खराब होने की संभावना अधिक है. इस बाढ़ के कारण नेपाल के तरफ करीब 16 लोगों के लापता होने की खबर है. रसुवागढ़ी के जिला प्रशासन की तरफ से काठमांडू के डिजास्टर मैनेजमेंट डिपार्टमेंट को दी गई.

### रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव को पितृ शोक, लंबे समय से बीमार थे

**जोधपुर ।** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के पिता दाउलाल वैष्णव का मंगलवार को निधन हो गया. वे काफी समय से बीमार थे और उनका एम्स चिकित्सालय जोधपुर में इलाज चल रहा था. उनके निधन की सूचना पर परिजन रातानाडा स्थित आवास पर एकत्र होना शुरू हो गए हैं. रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव के पिता 81 वर्षीय दाउलाल वैष्णव काफी लंबे समय से बीमार चल रहे थे. पिता के अस्वस्थ होने पर पहले भी रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव जोधपुर आए थे. यहां एम्स में उनका उपचार चल रहा था. रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव मंगलवार को हालत अत्यंत नाजुक होने के कारण तत्काल प्रभाव से जोधपुर पहुंचे और अंतिम सांस लेने तक उनके साथ रहे. उनके पिता दाउलाल वैष्णव का अंतिम संस्कार जोधपुर के कागा श्मशान स्थल पर किया जाएगा.

### कांग्रेस ने मोदी सरकार पर लगाया सेबी को कमजोर करने का आरोप

**नई दिल्ली ।** कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने मंगलवार को मोदी सरकार पर भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) को कमजोर करने का आरोप लगाया. उन्होंने कहा कि देश की तमाम संस्थाएं मोदी सरकार में लगातार कमजोर हो रही हैं और इनमें सबसे प्रमुख नाम सेबी का है. श्रीनेत ने आरोप लगाया कि सेबी की नाक के नीचे बड़े पैमाने पर घोटाले हुए, जिससे आम निवेशकों को भारी नुकसान उठाना पड़ा. उन्होंने अमेरिकी अल्गो (एएलजीओ) ट्रेडिंग कंपनी जेन स्ट्रीट का उदाहरण देते हुए कहा कि यह कंपनी भारत के शेयर बाजार और डेरिवेटिव मार्केट में एक साथ अवैध रूप से ऑपरेट कर रही थी और भारी मुनाफा कमा रही थी. कांग्रेस प्रवक्ता ने बताया कि 3 जुलाई को सेबी ने एक अंतरिम आदेश जारी किया.

## दिल्ली में बारिश-आंधी की संभावना, 'येलो अलर्ट' जारी

**एजेंसी ।नयी दिल्ली**

नयी दिल्ली में मंगलवार को बारिश और आंधी की संभावना के मद्देनजर 'येलो अलर्ट' जारी किया गया है. मौसम विभाग ने बताया कि शहर में न्यूनतम तापमान 27 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से 0.9 डिग्री अधिक है. भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) देश में मौसम संबंधी अलर्ट जारी करने के लिए चार रंगों का उपयोग करता है. इसके तहत 'येलो अलर्ट' का मतलब है कि नजर रखें और सतर्क रहें. आईएमडी ने दिनभर सामान्य रूप से बादल छाए रहने के साथ ही मध्यम दर्जे की बारिश होने की संभावना जतायी है. अधिकतम तापमान 34 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने की संभावना है. सापेक्ष आर्द्रता सुबह साढ़े आठ बजे 70 प्रतिशत दर्ज की गई. केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के बुलेटिन के अनुसार, वायु गुणवत्ता सूचकांक 85 दर्ज किया गया है जो 'संतोषजनक' श्रेणी में आता है. सीपीसीबी के अनुसार, शून्य से 50 के बीच एक्यूआई को 'अच्छा', 51 और 100 के बीच 'संतोषजनक', 101 और 200 के बीच 'मध्यम', 201 और 300 के बीच 'खराब', 301 और 400 के बीच 'बहुत खराब' और 401 और 500 के बीच एक्यूआई 'गंभीर' माना जाता है.



### न्यूज एजेंसी मेहर की खबरों के अनुसार

# तेहरान-वाशिंगटन परमाणु वार्ता पर ट्रंप के दावे को ईरान ने खारिज किया



**एजेंसी ।तेहरान**

ईरान ने मंगलवार को अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की परमाणु वार्ता की उम्मीद पर यह कहकर पानी फेर दिया कि वाशिंगटन से इसके लिए किसी भी प्रकार का निमंत्रण नहीं मिला है. ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बाघेई ने कहा कि अमेरिका से बैठक के लिए अब तक कोई अनुरोध प्राप्त नहीं हुआ है. ऐसे में बातचीत की बात का दावा निराधार है. न्यूज एजेंसी मेहर की खबर के अनुसार, ईरान ने सीधे-सीधे तेहरान और वाशिंगटन के बीच परमाणु वार्ता के बारे में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के किए गए दावों को खारिज कर दिया है. वरिष्ठ ईरानी राजनयिक इस्माइल बाघेई ने कहा कि ईरान ने अमेरिकी पक्ष से बैठक के लिए कोई अनुरोध नहीं किया है.

**ट्रंप ने कहा था कि वह बातचीत करना चाहते हैं :** इससे पहले अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने सोमवार रात दावा किया था कि अमेरिका-ईरान परमाणु वार्ता फिर से तय कार्यक्रम पर होगी. यह बैठक नॉर्वे के ओस्लो में होगी. ट्रंप ने कहा था कि वह बातचीत करना चाहते हैं. इस्माइल ने कहा है कि इजराइल ने 13 जून को ईरान के खिलाफ आक्रामक युद्ध छेड़ा और 12 दिन तक सैन्य, परमाणु और आवासीय क्षेत्रों पर हमला किया. अमेरिका ने 22 जून को ईरान के नतांज, फ़ोर्डो और इस्फ़हान में तीन परमाणु स्थलों पर सैन्य हमले किए.

**युद्ध विराम की वजह से लड़ाई को रोक दिया गया :** उन्होंने कहा कि ईरानी सैन्य बलों ने शक्तिशाली जवाबी हमले किए. अमेरिकी हमलों के जवाब में ईरानी सशस्त्र बलों ने कतर में अल-उदीद एयर बेस पर मिसाइलों की बौछार की. 24 जून को लागू हुए युद्ध विराम की वजह से लड़ाई को रोक दिया गया है. इस बीच इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ ईरान के सशस्त्र बलों के चीफ ऑफ स्टाफ मेजर जनरल अब्दुलरहीम मौसवी ने कतर के उप प्रधानमंत्री और रक्षा मंत्री के सलाहकार खालिद बिन मोहम्मद अल अत्तियाह के साथ फोन कॉल में ईरान की संप्रभुता का उल्लंघन करने वाले हमलावरों की निंदा करने में कतर सरकार के मूल्यवान रुख के लिए आभार व्यक्त किया है. मौसवी ने कहा कि कतर उन देशों में से एक है जिसने उत्पीड़ित फिलिस्तीनी लोगों के संघर्ष का दृढ़ता से समर्थन किया है.

### नेतन्याहू ने ट्रंप को नोबेल शांति पुरस्कार के लिए नामित किया

**वाशिंगटन ।** इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को नोबेल शांति पुरस्कार के लिए नामित किया है. नेतन्याहू ने सोमवार रात व्हाइट हाउस में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ रात्रिभोज के अवसर पर मुलाकात की और उन्हें नोबेल शांति पुरस्कार समिति को सौंपा गया पत्र भी भेंट किया. बाद में उन्होंने व्हाइट हाउस में पत्रकारों से बातचीत के दौरान इस बात की जानकारी दी. एबीसी न्यूज और सीबीएस न्यूज के अनुसार, पत्रकारों से बातचीत में प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने राष्ट्रपति ट्रंप के शांति और सुरक्षा के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि ट्रंप एक के बाद एक क्षेत्र में शांति स्थापित कर रहे हैं. इसलिए उनका नाम नोबेल पुरस्कार समिति को भेजा है. ट्रंप शांति पुरस्कार के हकदार हैं. उन्हें यह सम्मान मिलना ही चाहिए. प्रधानमंत्री ने कहा कि इजराइल और हमास के बीच 60 दिन के युद्ध विराम के प्रस्तावित समझौते पर अभी काम चल रहा है.



### उत्तरी गाजा में बम विस्फोट, इजराइल के पांच सैनिक मारे गए

**गाजा पट्टी ।** उत्तरी गाजा के बेत हनौन में सड़क किनारे हुए भीषण बम विस्फोट में इजराइल डिफेंस फोर्सेज (आईडीएफ) के पांच सैनिक मारे गए और अन्य 14 घायल हो गए. यह विस्फोट सोमवार रात करीब 10 बजे हुआ. मारे गए सैनिकों में चार अल्ट्रा-ऑर्थोडॉक्स नेत्जाह येहुदा बटालियन में थे. द टाइम्स ऑफ इजराइल की खबर के अनुसार आईडीएफ ने कहा कि इस विस्फोट में स्टाफ सार्जेंट मीर शिमोन अमर (20), सार्जेंट मोशे निसिम फ्रेच (20) और स्टाफ सार्जेंट नोआम अहरोन मुसगादियन (20) की मौत हो गई. तीनों यरुशलम के रहने वाले हैं. इसके अलावा शेमेश के स्टाफ सार्जेंट मोशे शमूएल नोल और हाइफा के सार्जेंट प्रथम श्रेणी (सेवानिवृत्त) बेन्यामिन असुलिन (28) की भी मौत हो गई. आईडीएफ के अनुसार यह हमास आतंकवादियों की हरकत है. हताहतों को निकालते समय सेना पर गोलीबारी भी की गई. घायल 14 जवानों में से दो की हालत गंभीर बताई गई है. बम विस्फोट से पहले इस क्षेत्र में हवाई हमले की भी कोशिश की गई. इस बीच वाशिंगटन की यात्रा पर पहुंचे प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा, ॠयह बहुत ही कठिन सुबह है. समूचा इजराइल सैनिकों की मृत्यु पर शोक व्यक्त करता है. उन्होंने पीड़ित परिवारों के प्रति गहरी संवेदना जताई.

### एआईबी ने एयर इंडिया विमान हादसे की प्रारंभिक जांच रिपोर्ट केंद्र को सौंपी

## हादसे की वजह का खुलासा नहीं सप्ताह के अंत में होगा खुलासा



- नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने आगे की विस्तृत जांच और सुरक्षा उपायों को सख्त करने के निर्देश दिए

**एजेंसी ।नई दिल्ली**

अहमदाबाद में 12 जून को दुर्घटनाग्रस्त हुए एयर इंडिया के ड्रीमलाइनर विमान की जांच रिपोर्ट विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो (एएआईबी) ने नागरिक उड्डयन मंत्रालय को सौंप दी है. ये रिपोर्ट जांच के शुरुआती निष्कर्षों पर आधारित है, इसलिए विमान हादसे की वजह का खुलासा नहीं किया गया है. मंत्रालय ने रिपोर्ट मिलने के बाद आगे की विस्तृत जांच और सुरक्षा उपायों को और सख्त करने के निर्देश दिए हैं, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो. आधिकारिक सूत्रों ने मंगलवार को बताया कि एयर इंडिया की फ्लाइट संख्या AI 171 की दुर्घटना को लेकर जांच रिपोर्ट ब्यूरो के शुरुआती आकलन और निष्कर्षों पर आधारित है. यह रिपोर्ट इस सप्ताह के अंत में सार्वजनिक की जाएगी. जांच के दौरान ब्लैक बॉक्स, कॉकपिट वॉइस रिकॉर्डर (सीवीआर) और फ्लाइट डेटा रिकॉर्डर (एफडीआर) के विश्लेषण को भी आधार बनाया है. यह रिपोर्ट पूरी जांच का अंतिम निष्कर्ष नहीं है, बल्कि इससे जुड़े तथ्यों और संभावित कारणों की एक रूपरेखा है.

नागर विमानन मंत्रालय ने रिपोर्ट मिलने के बाद आगे की विस्तृत जांच और सुरक्षा उपायों को और सख्त करने के निर्देश दिए हैं, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो. एएआईबी अब विस्तृत रिपोर्ट तैयार करने में जुटा है, जिसमें और भी गवाहों के बयान, तकनीकी मूल्यांकन और विशेषज्ञों की राय को शामिल किया जाएगा. दरअसल, अहमदाबाद से लंदन जा रहा एयर इंडिया का ड्रीमलाइनर विमान 12 जून को उड़ान भरने के कुछ ही देर बाद हादसे का शिकार हो गया था, जिससे विमान में सवार 242 लोगों में से 241 की मौत हो गई, जबकि जमीन पर मौजूद हताहतों सहित कुल मृतकों की संख्या 260 थी.

## पाकिस्तान में मानसूनी बारिश में 19 की मौत

**एजेंसी ।इस्लामाबाद**

पाकिस्तान में मानसून की पहली बारिश में 19 लोगों की मौत हो गई. यह जनहानि बलूचिस्तान, खैबर पख्तूनख्वा, इस्लामाबाद और रावलपिंडी में हुई है. इस बीच राष्ट्रीय आपातकालीन संचालन केंद्र ने आज और कल मुल्क के विभिन्न हिस्सों में भारी बारिश और बाढ़ का पूर्वानुमान जारी किया है. डॉन अखबार की खबर के अनुसार, राष्ट्रीय आपातकालीन संचालन केंद्र ने 10 जुलाई तक मध्यम से भारी मानसूनी बारिश और लगभग सभी नदियों में बाढ़ का पूर्वानुमान जारी किया है.

प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) और अन्य अधिकारियों को संभावित आपातकालीन स्थितियों, खासकर बाढ़ से निपटने के लिए हाई अलर्ट पर रहने का आदेश दिया. प्रांतीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (पीडीएमए) ने बताया कि बलूचिस्तान में पिछले 48 घंटों में हुई मानसून की बारिश के कारण कम से कम सात लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए.



बलूचिस्तान के लगभग 22 जिले बारिश से प्रभावित हुए हैं. इसके अलावा 22 घर क्षतिग्रस्त और पांच नष्ट हो गए. पीडीएमए के अधिकारियों ने कहा कि इससे ईरान की सीमा से सटा वाशुक जिला बुरी तरह प्रभावित हुआ है, जहां खड़ी फसलें बह गईं और बड़ी संख्या में लोग बेघर हो गए. पुलिस और आपातकालीन सेवाओं ने बताया कि रावलपिंडी और इस्लामाबाद के विभिन्न हिस्सों में बारिश से जुड़ी घटनाओं में तीन बच्चों सहित कम से कम छह लोग डूब गए. खैबर पख्तूनख्वा में मलकंद, बुनेर, मनशेरा और करक जिलों में छह लोगों की जान चली गई. प्रधानमंत्री शहबाज ने राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, बचाव एजेंसियों और प्रशासनिक अधिकारियों को किसी भी संभावित आपात स्थिति से निपटने के लिए हाई अलर्ट पर रहने का निर्देश दिया. उन्होंने चिंता व्यक्त की कि तरबेला बांध स्पिल-वे के संचालन से सिंधु नदी के किनारे निचले जिलों में बाढ़ से स्थिति बिगड़ सकती है.

### बाइक ने जोमैटो डिलीवरी बॉय को मारी टक्कर, दोनों की मौत

**मैसूर ।** कर्नाटक के मैसूर में एक दर्दनाक सड़क हादसे ने दो जिंदगियां छीन लीं. एक तेज रफ्तार सुपरबाइक ने जोमैटो डिलीवरी बॉय की बाइक को टक्कर मार दी. इस भीषण हादसे में दोनों की मौके पर ही मौत हो गई. यह घटना शहर के नारसिम्हाराजा थाना क्षेत्र में हुई. जिसका सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है. घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा और मामले की जांच शुरू की. जोमैटो डिलीवरी बॉय की पहचान कार्तिक के रूप में हुई है. वहीं बाइक चला रहे सैयद सरून, जो चामराजनगर का रहने वाला था.

### उपराज्यपाल बोले

## जम्मू-कश्मीर पिछले 4-5 वर्षों में अशांत इतिहास से उभरा

**एजेंसी । श्रीनगर**



उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने मंगलवार को कहा कि केंद्र सरकार केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर में नई पहलों को पूरी ताकत से लागू करने के लिए प्रतिबद्ध है. पिछले 4-5 वर्षों में जम्मू और कश्मीर अपने अशांत इतिहास से उभरा है, खासकर 2019 के बाद महत्वपूर्ण बदलाव हुए हैं. पाकिस्तान की ओर से लगातार अशांति फैलाने के प्रयासों के बावजूद जम्मू-कश्मीर फल-फूल रहा है. शेर-ए-कश्मीर इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस सेंटर (एसकेआईसीसी) में एक कार्यक्रम के दौरान उपराज्यपाल ने पर्यटन में उल्लेखनीय वृद्धि का संकेत देते हुए कहा कि हाल के वर्षों में पर्यटकों की संख्या में काफी वृद्धि हुई है. उन्होंने कहा कि 2024 तक लगभग 24 मिलियन आगंतुक कश्मीर का दौरा कर चुके हैं, यह संख्या 5 अगस्त, 2019 से पहले की तुलना में काफी अधिक है. उपराज्यपाल सिन्हा ने पुराने पर्यटन सर्किटों के पुनरुद्धार और साहसिक पर्यटन और सीमा पर्यटन सहित उभरते पर्यटन के तौर-तरीकों को सक्रिय रूप से बढ़ावा देने का वर्णन किया. उन्होंने कहा कि तकनीकी प्रगति ने पर्यटकों और केंद्रीय पर्यटन मंत्रालय के बीच डिजिटल जुड़ाव को सुगम बनाया है, जिससे पूरे जम्मू-कश्मीर में पर्यटन का विस्तार हुआ है. उन्होंने यह भी कहा कि जम्मू-कश्मीर ने जी-20 पर्यटन कार्य समूह की बैठकों की मेजबानी की, जिसने जम्मू-कश्मीर को एक विशिष्ट स्थान पर पहुंचा दिया. उन्होंने समग्र पर्यटन अनुभव को बढ़ाने के लिए बुनियादी ढांचे और प्रबंधन में निवेश बढ़ाने के लिए प्रधानमंत्री की प्रतिबद्धता को रेखांकित किया. उपराज्यपाल सिन्हा ने इन परिवर्तनों और क्षेत्र को पटरी से उतारने के पाकिस्तान के प्रयासों के दौरान धैर्य के लिए जम्मू-कश्मीर के नागरिकों की सराहना की.

### बातचीत

### भारत-अमेरिका ट्रेड डील में देरी : घरेलू उद्योगों की रक्षा के लिए भारत सख्त, बोला-

# किसानों और घरेलू उद्योगों के हितों से नहीं करेंगे समझौता

**एजेंसी ।नयी दिल्ली**

भारत और अमेरिका के बीच बहुप्रतीक्षित व्यापार समझौते को लेकर बातचीत अपने अंतिम चरण में है, लेकिन अब भी कुछ अहम मुद्दों पर सहमति नहीं बन पाई है. अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने हाल ही में दावा किया कि दोनों देश ट्रेड डील के बेहद करीब हैं. वहीं भारत सरकार का कहना है कि घरेलू उद्योगों और किसानों के हितों से कोई समझौता नहीं किया जाएगा, जिससे यह डील फिलहाल टलती नजर आ रही है. सरकारी सूत्रों के अनुसार भारत ने वार्ता को सफल बनाने के लिए पूरी प्रतिबद्धता दिखाई है. अधिकांश क्षेत्रों में सहमति बन भी चुकी है, लेकिन कृषि और डेयरी जैसे संवेदनशील क्षेत्रों में भारत ने अपनी स्थिति स्पष्ट कर दी है. सरकार का कहना है कि इन क्षेत्रों पर समझौता करने से देश के छोटे किसानों और घरेलू उत्पादकों को भारी नुकसान हो सकता है.



### कृषि और डेयरी सेक्टर बना प्रमुख मुद्दा

भारत विशेष रूप से गेहूं, चावल, दूध और अन्य कृषि उत्पादों पर अमेरिकी बाजार खोलने के दबाव को स्वीकार करने के पक्ष में नहीं है. अमेरिकी निर्यात, खासकर डेयरी, पोल्ट्री, जीएम सोया और सब्सिडी वाले अनाज उत्पाद, भारतीय किसानों के लिए बड़ा खतरा बन सकते हैं. ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव की रिपोर्ट में भी चेताया गया है कि अमेरिकी उत्पादों की आसान पहुंच भारत की खाद्य सुरक्षा और कृषि अर्थव्यवस्था को कमजोर कर सकती है.

### मंत्री बोले-दबाव में कोई फैसला नहीं



केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने साफ कहा है कि भारत किसी भी व्यापार समझौते पर जल्दबाजी में हस्ताक्षर नहीं करेगा. समझौता तभी होगा जब वह दोनों देशों के लिए समान रूप से लाभकारी हो. कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भी यही बात दोहराते हुए कहा कि किसानों के हितों से कोई समझौता नहीं किया जाएगा और 'नेशन फर्स्ट' का सिद्धांत प्राथमिकता रहेगा.

### टैरिफ डेडलाइन 1 अगस्त तक बढ़ी

अमेरिका ने 2 अप्रैल को 14 देशों पर रेसिप्रोकल टैरिफ लगाने की घोषणा की थी, जिसमें भारत पर 26% टैक्स लगाया गया था. हालांकि, इसकी प्रभावी तारीख को 90 दिनों तक टाल दिया गया था, जो 9 जुलाई को समाप्त हो रही थी. अब इसे बढ़ाकर 1 अगस्त कर दिया गया है, जिससे यह संकेत मिलता है कि दोनों देशों के पास विवाद सुलझाने और अंतरिम समझौते को अंतिम रूप देने के लिए अतिरिक्त समय मिल गया है.

### इंदौर में इंडिगो की फ्लाइट की आपात लैंडिंग, आई तकनीकी खराबी

**इंदौर ।** इंदौर के देवी अहिल्याबाई होलकर अंतरराष्ट्रीय विमानतल पर मंगलवार सुबह इंडिगो एयरलाइंस की फ्लाइट की आपात लैंडिंग करनी पड़ी. फ्लाइट संख्या 6ई 7295 ने सुबह करीब 6.35 बजे इंदौर एयरपोर्ट से रायपुर के लिए उड़ान भरी थी, लेकिन टेक ऑफ के लगभग 30 मिनट बाद विमान में अचानक तकनीकी खराबी आ गई, जिसके बाद पायलट ने इंदौर एयरपोर्ट पर सुरक्षित लैंडिंग का फैसला लिया. फ्लाइट को रद्द कर दिया गया और यात्रियों को टिकट रिफंड या फिर फ्लाइट को रीशेड्यूल करने का विकल्प दिया गया.इंदौर एयरपोर्ट के टर्मिनल मैनेजर के अनुसार, इंडिगो की फ्लाइट 6ई 7295 रोजाना सुबह 6:35 बजे इंदौर से उड़ान भरती है और 8:30 बजे रायपुर पहुंचती है.







स्वायत्ताधिकारी लगातार इंफोटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड की ओर से मुद्रक, प्रकाशक सुरजीत सिंह द्वारा फ्लैट नंबर 48, श्रीवाटिका अपार्टमेंट, चेशायर होम रोड, रेजीमेंटल गेट नंबर 1 के सामने, पोस्ट कोकर, पीएस सदर, रांची - 834001, झारखंड से प्रकाशित और शिवसाईं पब्लिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड, रातू, काठीटांड़, टेंडर बगीचा रातू, रांची - 835222 झारखंड द्वारा मुद्रित. **संपादक : सुरजीत सिंह. स्थानीय संपादक : संजय सिंह*** फोन नंबर 0651-2961734. (***पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार.**)